सूर्योदय 7:05 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.4 न्यू | 18.2 अधि |
| धर्मशाला | 3.5 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82133.12 |
| निफ्टी | 24768.30 |
| सोना | 78,870 |
| चांदी | 94,569 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




चैंपियन गुकेश को ट्रॉफी मिली, स्टारडम का आनंद लिया

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 14 दिसंबर 2024 | 29 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 358, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# ‘अनंत ज्ञान’ ने स्कूली बच्चों संग जगाई स्वच्छता की अलख, नगरोटा चकाचक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**दैनिक** समाचार पत्र ‘अनंत ज्ञान’ एवं टीवी ने अपनी पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड और न्यू बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति अलख जगाई।

- डेढ़ घंटा चला सफाई अभियान
- संवारे गांधी ग्राउंड और न्यू बस स्टैंड

स्वच्छता अभियान का शुभारंभ नगरोटा बगवां के एसएचओ चमन लाल ने किया। इस दौरान नगरोटा नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी कंचन बाला भी मौजूद रहीं। वहीं, एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने भी शिरकत की। सभी अतिथियों को अनंत ज्ञान प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। स्वच्छता अभियान में नगरोटा बगवां के दो स्कूलों सीनियर सेकेंडरी स्कूल (छात्र) के एनएसएस के स्वयंसेवियों और लिटिल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। स्वच्छता ही सेवा मुहिम जारी रखने वाले स्वच्छता प्रहरी नगरोटा बगवां नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने भी अनंत ज्ञान के सफाई अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 12:00 बजे तक चला। इसके बाद स्वच्छता में हिस्सा लेने वाले स्वयंसेवियों और स्कूली बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई। इस मौके पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र समूह के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, डायरेक्टर हिमांशु व्यास, सीईओ विशाल धीमान, एडमिनिस्ट्रेशन हेड प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद भी मौजूद रहे।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर चलाए गए स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने पहुंचे लिटिल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल के बच्चे हाथों में अनंत ज्ञान की प्रतियां लेकर दिखाते हुए।

## अलग-अलग रखें गीला और सूखा कूड़ा : कंचन बाला

**नगरोटा** बगवां नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी कंचन बाला ने बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने घरों तथा आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपने घरों में भी गीला और सूखा कूड़ा-कचरा अलग-अलग रखें और जब कोई सफाई वाला एकत्रित करने आता है तो उसे अलग-अलग ही दें। ऐसा करने से कूड़े के निस्तारण में आसानी होती है और स्वच्छता भी बनी रहती है। एक साथ कूड़ा देने से कूड़े का निस्तारण नहीं होता है, बल्कि उसके उलटा सड़ांध ही फैलती है।

## थोड़े-थोड़े समय बाद चलते रहें सफाई अभियान : पंकज

**एचआरटीसी** के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने कहा कि अनंत ज्ञान की ओर से चलाया गया स्वच्छता अभियान वाकई काबिलेतारीफ है। ऐसे अभियान थोड़े-थोड़े समय बाद चलते रहने चाहिए। बच्चों और अनंत ज्ञान की टीम ने न्यू बस स्टैंड में सफाई अभियान चलाकर अपनी बेहतरीन सोच का परिचय दिया है, क्योंकि बस स्टैंड ही एक ऐसा स्थान होता है, जिसे सबसे ज्यादा लोग इस्तेमाल करते हैं और इस वजह से यहां गंदगी का आलम बना रहता है। स्कूली बच्चों ने बड़ी ही रुचि दिखाकर बस स्टैंड की सफाई की, जिसके लिए मैं बच्चों और अनंत ज्ञान टीम का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## एसएचओ ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता, संस्कारों का पाठ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

‘अनंत ज्ञान’ की पहली वर्षगांठ पर नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड और न्यू बस स्टैंड में शुक्रवार को चलाए गए स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के मौके पर एसएचओ चमन लाल ने स्कूली बच्चों को अपने संबोधन के दौरान स्वच्छता और संस्कारों का पाठ पढ़ाया।



उन्होंने बच्चों को नशे की लत से दूर रहने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं, लेकिन आज समाज में कुछ ऐसी चीजें घुस आई हैं, जो बच्चों को गुमराह करती हैं। नशा इस समय समाज की सबसे बड़ी बुराई बन गई है। हालांकि, छोटे बच्चों पर नशे का अभी ज्यादा प्रभाव नहीं है, लेकिन जैसे ही वे युवावस्था में पहुंचते हैं तो उन्हें बर्बादी की राह पर ले जाने के लिए कई असामाजिक तत्व आगे आ जाते हैं। ऐसे में बच्चों को समझदारी दिखाते हुए किसी के झांसे में नहीं आना चाहिए। बच्चे अगर किसी को नशा करते हुए देख लें तो वह पुलिस की सहायता करने के लिए फोन कॉल जरूर करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि आपमें वो गुणवत्ता है, जिसके बूते पर वह किसी भी बुराई का विरोध कर सकते हैं और जब बच्चे किसी बुराई का अंत करने की ठान लें तो वह उस बुराई का अंत करके ही दम लेते हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### रिजर्व बैंक और छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 6 स्कूलों और मुंबई में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर रूसी भाषा में यह धमकी भरा ई-मेल आया। वहीं, दिल्ली के छह स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी मिली, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई और अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए तुरंत वहां पहुंचे।

### विधायकों को अयोग्य करार देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से गोवा कांग्रेस को एक बार फिर झटका लगा है। अदालत ने कांग्रेस के आठ विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दरअसल, गोवा विधानसभा अध्यक्ष रमेश तावडकर ने हाल ही में उस याचिका को ठुकरा दिया था, जिसमें कांग्रेस ने उन आठ विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की थी, जो 2022 में भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा अध्यक्ष ने याचिका को खारिज करते हुए कहा था कि किसी पार्टी के दो-तिहाई विधायक अगर पार्टी से असहमत होते हैं, तो उन्हें अयोग्य माना जा सकता है।

### तमिल एक्टर अल्लू अर्जुन गिरफ्तार, मिली जमानत



**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की गिरफ्तार को लेकर शुक्रवार को खूब ड्रामा हुआ। अर्जुन को दोपहर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। दोपहर को 14 दिन की हिरासत में भेजा था और शाम को जमानत मिल गई। अर्जुन को 4 बजे लोकल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया। इसके बाद एक्टर ने हाईकोर्ट में अपील की और 5 बजे हाईकोर्ट ने जमानत दे दी।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

‘अनंत ज्ञान’ दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# संविधान पर ‘तूफान’

## नेहरू-इंदिरा ने विरोधियों को चुप कराने को बदला संविधान : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**संसद** के शीतकालीन सत्र के 14वें दिन शुक्रवार को संविधान के 75 साल पूरे होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। एक घंटे 10 मिनट की स्पीच में राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेहरू-इंदिरा ने संविधान को बदला है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है, लेकिन इसके निर्माण के कार्य को एक पार्टी विशेष की ओर से ‘हाईजैक’ करने की कोशिश हमेशा की गई है। विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर घूमते हैं, क्योंकि उन्होंने पीढ़ियों से अपने परिवार में संविधान को जेब में ही रखे देखा है। भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा, भारत के विचारों के साथ, भारत के मूल्यों के अनुरूप बनाया गया दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन हम कभी भी संविधान के मूल चरित्र को बदलने नहीं देंगे।

## सब नेहरू की ही जिम्मेदारी तो सरकार ने क्या किया : प्रियंका

**विपक्ष** की ओर से प्रियंका गांधी ने 31 मिनट में राजनाथ सिंह को कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सब नेहरू की ही जिम्मेदारी, तो सरकार ने क्या किया है। रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। नेहरू को छोड़िए, अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को यह बताइए। प्रियंका ने लोकसभा में बतौर सांसद पहली स्पीच देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह के नहीं होते तो यह सरकार संविधान बदलने का काम करती। उन्होंने केंद्र सरकार पर भय फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि शायद प्रधानमंत्री यह समझ नहीं पाए हैं कि संविधान ‘संघ का विधान’ नहीं है। भारत लंबे समय तक ‘कायरों के हाथ में कभी नहीं रहा और यह देश उठेगा और लड़ेगा’। बैलेट पेपर से चुनाव कराओ, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आप राजनीति में न्याय की बात कर रहे हैं। आप लोग सरकार को पैसों के बल पर गिरा दे रहे हैं।



### मैं किसान का बेटा, झुकूंगा नहीं : धनखड़
### खड़गे बोले- मैं भी मजदूर का बेटा



**राज्यसभा** में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। धनखड़ ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, झुकूंगा नहीं। मैंने बहुत कुछ सहन किया है। आपको प्रस्ताव लाने का अधिकार है, लेकिन आप संविधान का अपमान कर रहे हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा सदस्यों को दूसरे दलों के सदस्यों के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मैं भी मजदूर का बेटा हूं। मैंने आपसे ज्यादा चुनौतियों का सामना किया है। आप हमारी पार्टी के नेताओं का अपमान कर रहे हैं, आप कांग्रेस का अपमान कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने 2171 महिलाओं को बांटे 97.69 लाख रुपए

## सुक्खू ने कुपवी में 81.23 करोड़ की विकासात्मक परियोजनाएं की लोगों को समर्पित

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में आयोजित समारोह में ‘इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना’ के तहत कुपवी क्षेत्र की 2171 पात्र महिलाओं को 97,69,500 रुपए की राशि वितरित की। मुख्यमंत्री ने कुपवी में 81.23 करोड़ रुपए लागत की विकासात्मक परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को समर्पित की।



कुपवी उपमंडल में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह व अन्य

उन्होंने 2.32 करोड़ की लागत से काटली खड्ड पर 40 मीटर लंबे पुल, 2.65 करोड़ रुपए की लागत से लोहाना खड्ड पर निर्मित पुल, 3.04 करोड़ रुपए की लागत से बासाधार-ज्ञानकोट सड़क पर भ्रोट खड्ड पर निर्मित पुल, 85 लाख की लागत से कुठार-कनोड़ी सड़क पर निर्मित पुल और 7.72 करोड़ रुपए की लागत से सैंज-देहा-चौपाल सड़क पर निर्मित बजरौली पुल का लोकार्पण किया।

8.67 करोड़ की लागत से सडनाडा-खगना सड़क, 6.08 करोड़ रुपए की लागत से नेरी-थुंदल सड़क, 3.48 करोड़ रुपए से भडावग से दशोली सड़क, 2.72 करोड़ की लागत से मझोली से बाग सड़क, 7.68 करोड़ की लागत से हरिपुरधार से मझोली सड़क, 8.38 करोड़ की लागत से कोठी से कनाह सड़क, 10.02 करोड़ रुपए से कुपवी से धोताली सड़क, 6.28 करोड़ रुपए से सरांह से जोड़ना सड़क व 11.34 करोड़ रुपए से कुपवी से मशोत सड़क के मैटलिंग व टारिंग कार्यों के लोकार्पण किए। मुख्यमंत्री ने सुख-आश्रय योजना के तहत छह लाभार्थियों को 4-4 हजार, दो लाभार्थियों को गृह निर्माण के लिए एक-एक लाख रुपए, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के तहत 13 लाभार्थियों को वित्तीय सहायता, बेटी है अनमोल योजना के तहत 6 लाभार्थियों को 21-21 हजार रुपए की एफडी वितरित की। (अनंत ज्ञान)

### कुपवी ब्लॉक में हर महिला को मिलेंगे 1500-1500 रुपए

सीएम ने कहा कि कठिन क्षेत्र होने के कारण कुपवी में ‘इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना’ के नियमों में परिवर्तन किया जाएगा। नौकरी करने वाली महिलाओं के अतिरिक्त यहां सभी महिलाओं को 1500-1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कुपवी को जिला परिषद का अलग वार्ड बनाने के प्रयास करने और कुपवी में एसडीओ, आईपीएच एवं पीडब्ल्यूडी को अधिषासी अभियंता की शक्तियां प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कुपवी में आईटीआई खोलने पर विचार किया जाएगा।

# डल्लेवाल की बिगड़ी सेहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी डॉक्टरी मदद की हिदायत

## कहा- जब तक जरूरी न हो, बल प्रयोग न करें

**एजेंसी, चंडीगढ़**



किसान आंदोलन 2.0 के 10 महीने आज पूरे हो गए। खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बिगड़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और केंद्र सरकार को हिदायत दी है कि जब तक जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान को खतरा न हो तब तक उनके आमरण अनशन को तोड़ने के लिए बल प्रयोग न किया जाए। पंजाब और केंद्र उन्हें जरूरी डॉक्टरी मदद प्रदान करे।

### किसान 16 को निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च और 18 को रोकेंगे ट्रेनें

**पंजाब** को छोड़कर देशभर में 16 दिसंबर को तहसील व जिला स्तरों पर ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे और 18 दिसंबर को ट्रेनें रोकी जाएंगी। वहीं, डल्लेवाल ने खून से हस्ताक्षर करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डल्लेवाल ने मोदी से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत किसानों की बाकी सभी मांगें पूरी करने की अपील की है।

# महाकुंभ एकता का महायज्ञ, दुनिया को देगा संदेश : मोदी

**एजेंसी, प्रयागराज**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज की पावन धरती पर त्रिवेणी संगम में पूजा-अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के सफल आयोजन की कामना की।

उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। मोदी ने शुक्रवार को प्रयागराज महाकुंभ के लिए कलश स्थापित किया। वहीं, पीएम ने महाकुंभ 2025 के लिए 5500 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास-उद्घाटन किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि गुलामी के कालखंड में भी महाकुंभ की आस्था नहीं रुकी। यह एकता का ऐसा महायज्ञ होगा, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। उन्होंने कहा कि विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी, लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ, एक नया महानगर बसाने का महाभियान प्रयागराज की धरती पर नया इतिहास रचा जा रहा है। मैं इस आयोजन की भव्य और दिव्य सफलता की आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

**इंतजाम** श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए होगी उचित व्यवस्था, रात 11 : 00 बजे तक लगेगा लंगर

# नववर्ष पर 24 घंटे खुलेगा दियोटसिद्ध मंदिर

**एसके ठाकुर, बड़सर**

**उत्तरी** भारत का विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नववर्ष 2025 की संध्या पर मंदिर को 24 घंटे दर्शनों के लिए खुला रखा जाएगा। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

**सुरक्षा के लिए पुलिस टीम और 45 होमगार्ड होंगे तैनात**

नववर्ष की पूर्व संध्या पर देश-विदेश से बाबा बालक नाथ जी की गुफा में दर्शन आशीर्वाद लेने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मियों के अतिरिक्त एक पुलिस बल रिजर्व और 45 होमगार्ड जवान सुरक्षा यातायात कानून व्यवस्था के लिए तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है, लंगर रात्रि 11: 00 बजे तक खुला रहेगा।



### परिसर को 5 सेक्टर में बांटा

**श्रद्धालुओं** की भीड़ के मध्यनजर मंदिर परिसर को 5 सेक्टर में बांटा गया है। इन सेक्टर में तहसीलदार नायक तहसीलदार स्त्र के अधिकारी बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। आगजनी की घटना से बचने के लिए अग्निशमन वाहन तैनात किया जाएगा। अपंग श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से बस स्टैंड से अपर बाजार तक निःशुल्क लाने के लिए चार टैक्सियां लगाई जाएंगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर बाबा जी की पवित्र गुफा के दर्शनों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि ठहराव के लिए न्यास की ओर से 9 संराय का संचालन किया जा रहा है।




## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विक्रमादित्य ने गडकरी से भुभुजोत में सुरंग निर्माण की उठाई मांग -पेज 2
- इस साल 186 हादसों में 73 की गई जान -पेज 5
- पथ परिवहन निगम धर्मपुर का हाल बेहाल -पेज 9
- ट्रक से टकराई बाइक, चालक की मौत, एक घायल -पेज 11
- द्रविड़ के बेटे ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी मैच में जड़ा नाबाद शतक -पेज 14

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप पठानिया 16 को करेंगे तपोवन विधानसभा का दौरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे तपोवन विधानसभा परिसर का दौरा करेंगे। पठानियां तपोवन विधानसभा परिसर में चल रहे मुरम्मत कार्यों का निरिक्षण करेंगे तथा जिला प्रशासन द्वारा शीतकालीन सत्र के लिए की जा रही सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लेंगे। इस अवसर पर जिला कांगड़ा के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी परिसर में मौजूद रहेंगे। तपोवन विधान सभा सचिवालय में कार्यालय 14 व 15 दिसंबर को खुला रहेगा तथा प्रवेश पत्र बनाने का कार्य सुचारू रूप से चलता रहेंगा। विधानसभा सत्र से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी इन दिनों अपने प्रवेश पत्र विधानसभा सचिवालय जाकर बना सकते है। 15 व 16 को विधानसभा के सभी अधिकारी व कर्मचारी जिन्हे शीतकालीन सत्र के लिए शिमला से धर्मशाला के लिए तैनात किये गया है धर्मशाला पहुंच जाएंगे।

### धामी कॉलेज में समागम 2024 का आगाज



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में गत वर्ष की भांति समागम 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थी के मनोरंजन के साथ, महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के द्वारा दिए गए योगदान के लिए सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम में डॉ. जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सुन्नी में एसडीएम कार्यालय की घोषणा से खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के सुन्नी में चिरलम्बित मांग एस डी एम कार्यालय की अधिसूचना जारी होने पर सुन्नी वासियों में खुशी का माहौल है । नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित कांग्रेस पदाधिकारी कपिल गुप्ता,गिरीश शर्मा,कविंदर कंवर,राजेंद्र गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का धन्यवाद किया। क्षेत्रवासियों ने इस घोषणा को लेकर खुशी जाहिर की है । इस घोषणा से शिमला ग्रामीण के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे और क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यो को भी गति प्रदान होगी।

### कॉमरेड अरुण बने लंबाथाच इकाई के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई लंबाथाच इकाई का 13वां सम्मेलन लंबाथाच में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 21 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया। कॉमरेड अरुण को इकाई लंबाथाच के अध्यक्ष व कॉमरेड ओम प्रकाश को सचिव का चुना गया। सम्मेलन ने 8 सदस्यीय सचिवालय का चुनाव किया गया। ओम प्रकाश, अरुण, मनीष चेतन हेमांशु निशा, निशा, यमन, इत्यादि को कमेटी सदस्य चुना गया। सम्मेलन का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने किया।

### केतन और अंजली ने मॉडल प्रतियोगिता में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** स्पेक्ट्रम आर्ट कंपनी द्वारा हाल ही में आयोजित हिमाचल सुपर मॉडल 2024 कांटेस्ट में सुन्नी के शकरोड़ी से केतन और बसंतपुर की अंजली ने अव्वल प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कंपनी की सीईओ मुस्कान तंवर ने बताया कि बीते दिनों सुन्नी में बच्चों के ऑडिशन लिए गए थे और ऑडिशन में केतन और अंजली को शिमला में आयोजित ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित किया गया था। ग्रैंड फिनाले में केतन और अंजली द्वारा किए प्रदर्शन के आधार पर उन्हें विशेष स्थान मिला।

### गृह रक्षक चालकों की भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आदेशक गृह रक्षा पांचवीं वाहिनी कुशाल चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह रक्षक स्वयसेवक चालकों की भर्ती 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक पुलिस लाइन मैदान लखनपुर, जिला बिलासपुर में की जानी प्रस्तावित थी, परंतु उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश शिमला द्वारा उक्त भर्ती पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि 17 दिसंबर से 20 दिसंबर तक पुलिस लाईन मैदान लखनपुर, बिलासपुर में की जाने वाली गृह रक्षक स्वयसेवक चालकों की भर्ती माननीय उच्च न्यायालय के आगामी आदेश आने तक स्थगित कर दी गई है।

### कानूनी सेवाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतन सिंह ठाकुर ने मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवा इकाई के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बनाई गई योजना मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना-2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सदस्यों जिसमें अधिवक्ता तथा पैरा लीगल वलंटियर को इस योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त स्वतंत्र कुमार अधिवक्ता, जिला न्यायालय बिलासपुर ने बौद्धिक विकलांगता से संबंधित कानूनों व मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के बारे में जानकारी दी। पवन चंदेल, अधिवक्ता, जिला न्यायालय बिलासपुर, ने मानसिक व्यक्तियों को प्राधिकरण या समिति द्वारा दी जाने वाली कानूनी सेवाओं की जानकारी दी तथा नीरज वसु, अधिवक्ता, जिला न्यायालय बिलासपुर ने विभिन्न स्थानों जैसे कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र, पुलिस स्टेशन, न्यायालय, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मेट्रो स्टेशन इत्यादि में प्रदान की जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में राघव गुप्ता मोबाइल टैफ्रिक मैजिस्ट्रेट बिलासपुर भी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सरकार की रैली में उमड़े जनसैलाब को देख भाजपा की नींद हराम : जितेंद्र चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लुहणू मैदान में उमड़े जन सैलाब से भाजपा की नींद हराम हो गई है। जिस कारण अब भाजपा नेता उल्लूल-जलूल ब्यानबाजी कर लोगों का ध्यान बांटने का काम कर रहे हैं। लेकिन इसमें उनको कामयाबी नहीं मिलेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जश्न के जिला संयोजक जितेंद्र चंदेल ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की अगुवाई में जश्न के संयोजकों ने बेहतर काम किया। भाजपा नेता जश्न में 4 हजार लोगों के आने के दावे कर रहे थे। लेकिन जश्न में उमड़े जनसैलाब से मैदान छोटा पड़ गया। जश्न में आए जन सैलाब से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की योजनाओं से पूरी तरह सहमत हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेता झूठ बोलने में माहिर हैं। मुख्यमंत्री ने जैविक खाद की योजना को लांच करके भाजपा से गोबर की गारंटी को भी पूरा कर दिखाया है जिससे भाजपा नेताओं की बयानबाजी पर पूर्ण विराम लगा दिया है। भाजपा के पास कहने को कुछ शेष नहीं बचा है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने के प्रयास किया जा रहा है।

### दाड़ी स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़ी में आयोजित वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। समारोह में विद्यार्थियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के कैंप का कांतारा नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इसके अलावा हिमाचली लोकनृत्य से भी धमाल मचाई। बच्चों के कार्यक्रमों को देखकर सभी दंग रह गए। समारोह में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, ईको क्लब, रोड सेफ्टी, डिजास्टर, मैनेजमेंट और नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए कई प्रस्तुतियां दीं। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मेयर और पार्षद देवेंद्र जग्गी ने की। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ. भवन शर्मा ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में मल्टीपर्पज हाल बनाने के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा स्कूल के रखरखाव के लिए तीन लाख, जबकि शौचालय के सुधार के लिए मुख्यमंत्री के माध्यम से दो लाख रुपये देने की घोषणा की। वार्षिक समारोह का समापन स्कूल के वाइस प्रिंसिपल रमन डोगरा ने किया।

# देव संस्कृति एवं संस्कारों का संरक्षण आवश्यक : शिक्षा मंत्री

**दशमी रावत, रोहड़ू**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों मे भाग लिया।

शिक्षा मंत्री ने भगोली स्थित नवनिर्मित काली माता मंदिर की प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया तथा मंदिर में शीश नवा कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का अपना एक इतिहास है और स्थानीय लोगों में इस मंदिर के प्रति एक विशेष आस्था है।

स्थानीय बुजुर्गों ने कहा कि काली माता का मूल निवास स्थान कुपड़ की चोटी है, सैंकड़ों वर्षों पूर्व जब इस क्षेत्र में लोग कृषि करते थे और भेड़ बकरियां पाला करते थे, उस समय यहां के निवासियों की भेड़ बकरियां किसी अज्ञात बीमारी से मरने लगी ऐसे में लोगों ने देवी से सहायता मांगी थी। देवी ने लोगों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया और उनके पशुओं को बीमारी से मुक्त कर दिया। इस सहायता के बदले लोगों ने माता का मंदिर बनाया और पूजा अर्चना आरंभ की।



उद्घाटन के दौरान मौजूद शिक्षा मंत्री व साथ हैं अन्य लोग।

### शिक्षा मंत्री ने किया सरोट विद्यालय भवन का लोकार्पण

तब से लेकर वर्तमान समय तक यह परंपरा लगातार निभाई जा रही है। शिक्षा मंत्री ने किया सरोट विद्यालय भवन का किया लोकार्पण शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक सरोट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालय के भवन निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 56 लाख रुपए की राशि व्यय की गई है। कैबिनेट मंत्री ने इसके साथ ही बढाल पंचायत के सरोट गांव में महासू देवता सरोट, काली चिता माता और नारसिंह देवता सरोट के नवनिर्मित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री ने सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देव भूमि के नाम से जाना जाता है और हमारी देव संस्कृति एक समृद्धि और अनूठी संस्कृति है।

उन्होंने कहा कि आवश्यक है कि वे अपने संस्कारो और संस्कृति से भी नाता बनाए रखे और नशो के जाल में न फंसे जिससे कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराए बदलते परिवेश में और अधिक समृद्ध और सशक्त बने। इस अवसर पर जुब्बल कोटखाई मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरता, पूर्व जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्य मोती लाल सिथता सहित आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

## 1.10 किलोग्राम चरस संग व्यक्ति गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला में एक व्यक्ति से 1.010 किलोग्राम चरस बरामद की है। व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दयाल चंद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शक के आधार पर जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 1.010 किलोग्राम चरस बरामद हुई। एसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## समरहिल में 321 ग्राम चरस बरामद

**बालूगंज** थाना के तहत सांगटी क्षेत्र में पुलिस ने घर में दबिश देकर एक युवक से 321 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दिनेश कुमार निवासी रामपुर पर यह कार्रवाई पुलिस के स्पेशल सेल की टीम ने की। पुलिस की टीम ने सांगटी स्थित युवक के घर में दबिश दी। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 321.130 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला आगामी कार्रवाई के लिए समरहिल चौकी को सौंप दिया है।

# विक्रमादित्य ने गडकरी से भुभुजोत में सुरंग निर्माण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री ने गडकरी से घठासनी-शिलाह-बधानी-भुभुजोत -कुल्लू के बीच वैकल्पिक सड़क निर्माण और भुबुजोत में एक सुरंग के निर्माण का अनुरोध किया।

विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से भारत सेतु योजना के तहत 125.57 करोड़ रुपए की लागत से कांगड़ा और हमीरपुर जिलों को जोड़ने वाले ब्यास नदी पर बसंतिपत्तन और खेरी के बीच एक



डबल लेन पुल के निर्माण को प्राथमिकता पर मंजूरी देने का भी आग्रह किया।

मंडी जिले में पंडोह-शिवा रोड पर ब्यास नदी पर 19.09 करोड़ की लागत से 110 मीटर लंबा सिंगल लेन स्टील ट्रस मोटरेबल पुल के निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राज्य को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## जाखू में आभूषणों के साथ बैंक कागजात ले गए शातिर

**शिमला।** शिमला के जाखू में चोरी की वारदात सामने आई है। यहां दिनदहाड़े शातिर आभूषणों के साथ बैंक के कागजात भी चोरी कर ले गए है। जानकारी मुताबिक जाखू की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सुमन विक्रांत निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जाखू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सामान की तालाशी लेने पर पता चला कि चोर घर से सोने की बालियां, 2 टाइटन की घड़ियां, 2 डिजिटल कैमरे, 15 हजार की नकदी, बैंक-पोस्ट ऑफिस की पासबुक सहित एफडी के कागजात चोरी कर ले गए हैं। उधर एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि जाखू में चोरी का मामला दर्ज हुआ है।

# सरकार विपक्ष से भाग रही है इसलिए चार दिन का सत्र रखा : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के मुद्दों पर बात नहीं करना चाहती है। इसलिए वह विपक्ष का सामना करने से डर रही है। अत: विधान सभा का सत्र बहुत छोटा रखा गया है। इस बार हिमाचल के इतिहास का सबसे छोटा विधान सभा सत्र रखा है।

प्रदेश की समस्याओं के हल के निकाले जाते हैं, ऐसे में सिर्फ कोरम पूरा करने कि लिए विधान सभा का सत्र आयोजित करना निंदनीय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार विधान सभा सत्र का समय बढ़ाए जिससे ज़्यादा समय मिल सके। प्रदेश में सरकार की नाकामियों की वजह से मुद्दों की भरमार है। हर वर्ग सरकार की नाकामियों की वजह से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। सरकार अपनी एक भी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है। प्रदेश में हर जगह सरकार के संरक्षण में लूट मची हुई है। सत्ता प्रायोजित भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब भ्रष्टाचार के जांच की आंच में मुख्यमंत्री कार्यालय भी झुलस रहा है। जिसका जवाब प्रदेश के लोग चाहते हैं।

युवा सड़कों पर है। बेरोजगारी चरम पर है। सरकार द्वारा नौकरियां निकाली नहीं जा रही हैं। पहले से चल रही भर्ती प्रक्रिया के रिजल्ट सरकार द्वारा रोके जा रहे हैं। आपदा प्रभावितों को अभी तक राहत नहीं मिल पाई है। ऐसे में सरकार इतना छोटा सत्र रखकर जनता के मुद्दों को दबाना चाहती है।

## धृति बरागटा प्रधानमंत्री फेलोशिप फॉर डॉक्टोरल रिसर्च से सम्मानित

**शिमला।** शिमला जिले के कोटखाई के जाशला गांव से ताल्लुक रखने वाली धृति बरागटा ने शोध कार्य में प्रदेश का नाम रोशन किया है। पंजाब विश्वविद्यालय की शोधार्थी धृति बरागटा को प्रधानमंत्री फेलोशिप फॉर डॉक्टोरल रिसर्च स्कीम के तहत सम्मानित किया गया। यह फेलोशिप अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से दी गई।

डॉ. राजीव कुमार, जो पीयू में पर्यावरण के विभागाध्यक्ष हैं उनके मार्गदर्शन में धृति शोध कर रही हैं। उनकी रिसर्च फंगी एंड माइकोरिमेडिएशन (फंगल उपचार) पर आधारित है। वह पर्यावरण अध्ययन विभाग की पहली शोधार्थी हैं, जिसे यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त हुई है।

# घरयाणा को नगर परिषद में मर्ज करने का विरोध

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



शिमला ग्रामीण की नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने को लेकर जारी अधिसूचना तथा सुन्नी के साथ लाती पंचायत घरयाणा को नगर परिषद सुन्नी में मर्ज करने के खिलाफ घरयाणा पंचायत द्वारा विरोध स्वरूप प्रस्ताव पारित किया गया ।

घरयाणा पंचायत घर में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने विभागीय फैसले के खिलाफ विरोध प्रकट कर मोर्चा खोल दिया है और ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है योजना का विरोध आरंभ कर दिया है। इससे पूर्व शकरोड़ी पंचायत द्वारा भी विरोध स्वरूप प्रस्ताव पारित कर विरोध जताया है ।

नगर पंचायत सुन्नी को नगर परिषद बनाए जाने के लिए साथ लगती घरयाणा पंचायत के अलावा शकरोड़ी पंचायत के तीन वार्डो को सम्मिलित किए जाने की विभाग की योजना है। पंचायत प्रधान घरयाणा संजय भारद्वाज ने बताया कि प्रशासन को प्रस्तावित सुन्नी नगर परिषद में मर्ज करने के विरोध में पूर्व में भी लिखित तौर पर बताया गया है और अब पंचायत द्वारा पंचायत को नगर परिषद में मिलाए जाने के लिए प्रस्ताव भी पारित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल के 9 जिलों का पारा माइनस में

**शिमला।** पिछले तीन दिनों से राज्य भर में अच्छी धूप निकलने से अधिकतम तापमान में सुधार आया है, लेकिन न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट आने से रातें बेहद सर्द हो गईं हैं। शुक्रवार को इस सीजन में पहली बार प्रदेश के 12 में से नौ जिलों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया। बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, मंडी जैसे मैदानी जिलों का पारा माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक मैदानी इलाकों में बिलासपुर का बरठीं सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम पारा -1.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। ऊना में -0.8 डिग्री, हमीरपुर में -0.4 डिग्री और मंडी जिला के सुंदरनगर में -0.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। लाहौल-स्पीति जिला का ताबो राज्य में सबसे ठंडा रहा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बिलासपुर में निकाली विरोध रैली

## उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को ज्ञापन किया प्रेषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला मंडल सदस्यों ने डेमोक्रेटिक फ्रंट के बैनर तले बांग्लादेश में हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विरोध रैली निकाली एवं इस संबंध में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर डेमोक्रेटिक फ्रंट के जिला अध्यक्ष विजय शर्मा एवं विहिप के प्रांत महामंत्री तुषार डोगरा सहित तमाम वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदू, बौद्ध और ईसाई अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसा का सामना कर रहे हैं। वहां पर हिंदू मंदिरों पर हमला कर उन्हें निशाना बनाया जा रहा है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों



का उल्लंघन किया जा रहा है। इसमें उनकी संपत्ति का अधिग्रहण और उनके धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन शामिल है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुददे पर ल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा करे और उनके उत्पीड़न को रोके एवं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए सहयोग करने की आग्रह करे। उन्होंने केंद्र सरकार से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। इससे पहले विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं महिला मंडल सदस्यों ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से मेन मार्किट व चेतना चौक से होते हुए उपायुक्त कार्यालय तक विशाल विरोध रैली निकाली।

# कांग्रेस सरकार की रैली से भाजपा विधायक सदमे में : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने भाजपा विधायकों की प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा रैली में उमड़े जनसैलाब से भाजपा सदमें में है और उनकी हताशा साफ दिख रही है। संदीप सांख्यान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव बिलासपुर में कांग्रेस सरकार के द्विवार्षिक समारोह में रखी है। जिन-जिन योजनाओं की शुरुआत मुख्यमंत्री ने की है उनसे बिलासपुर भी अछूता नहीं है। बिलासपुर से हिम मक्की आटा और युवाओं के लिए ई टैक्सी योजना पचास प्रतिशत अनुदान पर शुरू की व अन्य योजनाओं की शुरुआत भाजपा विधायकों को क्यों नही दिखाई देती है। क्यों भाजपा के विधायक ऑपरेशन लोटस जैसे काली करतूतों पर नहीं बोलते। संदीप सांख्यान ने कहा कि जिस दिन हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी थी उस दिन प्रदेश पर करीब



92 हजार करोड़ की देनदारियां थी, प्रदेश सरकार प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने के लिए केंद्र सरकार से केवल 9000 करोड़ का लोन लिया है बाकी का कर्ज पूर्व की भाजपा सरकार के द्वारा बरती गई वितीय अनियमिताओं को पूरा करने के लिए चुकाया है, इन विषयों पर भाजपा के विधायक क्यों नहीं बोलते। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में प्रदेश सरकार पर एक भी भ्रष्टाचार का मामला नहीं सामने आया है जबकि भाजपा की पूर्व सरकार में नौकरियों तक को 5 से 7 लाख तक बेची गई इसके अलावा प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के समय शराब माफिया पूरे शबाब पर था, जिसने प्रदेश में 5 से 7 लोगों की जान भी लील ली थी, इन विषयों पर भाजपा के विधायक अपनी प्रेसवार्ता में क्यों नहीं कहते। संदीप सांख्यान ने कहा कि जब प्रदेश सरकार ने आत्मनिर्भर हिमाचल की नींव बिलासपुर में उमड़े जनसैलाब के मध्य रखी तो भाजपा विधायकों नीद उड़नी स्वाभिक है।

# बिलासपुर में मात्र भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर गई कांग्रेस : रणधीर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर के सर्किट हाउस में शुक्रवार को जिला भाजपा के सभी नेताओं ने मौजूद होकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। प्रेसवार्ता करते हुए नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बिलासपुर में मात्र भाषण प्रतियोगिता करके रवाना हो गई। वहीं, यह भाषण प्रतियोगिता भी मात्र झूठ पर आधारित थी। यहां पर घोषणाएं तो दूर जबकि पूरी तरह से झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं की कितना सम्मान करती है यह इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी कांग्रेस की महिला प्रदेशाध्यक्षा जब भाषण दे रही थी तो उसको भी चुप करवाने के आदेश जारी कर रहे थे। वहीं, कांग्रेस के पास एक मात्र महिला ऐसी थी जो स्टेज पर संगठन की बात रख रही थी। इससे साफ है कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं सहित अपने ही संगठन का अपमान किया हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि पहले उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जमकर झूठ बोलते हुए भाजपा नेताओं को कोसा फिर मुख्यमंत्री भी इसमें उनसे भी आगे बढ़ गए।

इस समारोह में यह भी साफ हो गया है कि कांग्रेस सरकार भाजपा फोबिया से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि समारोह में जिस तरह से कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा को भाषण के दौरान बीच में रोका गया, उससे कांग्रेस की गुटबाजी भी स्पष्ट रूप से नजर आई। वहीं, भाजपा के आरोप भी सही साबित हो गए। हैरानी की बात है कि इस समारोह से जनता के साथ साथ कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं ने भी किनारा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा तो पहले से ही कहती आई है कि यह झूठी गारंटियों की सरकार है। क्योंकि, इस समारोह में न कोई गारंटियां पूरी नहीं की गई और न वादे पूरे नहीं किए गए।

**समस्या** घुमारवीं में बढ़ती जा रही वाहनों की संख्या से लग रहा जाम, लोग परेशान

# घुमारवीं में सिरे नहीं चढ़ा नया पार्किंग प्लान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के लिए तैयार किए गए नए पार्किंग प्लान को प्रशासन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी धरातल पर नहीं उतार पाया है। हालांकि इस नए पार्किंग प्लान को उपायुक्त बिलासपुर द्वारा मंजूरी मिलने के बाद उम्मीद थी कि घुमारवीं को जल्द ही जाम से छुटकारा मिलेगा। क्योंकि शहर के लिए तैयार किए गए इस नए पार्किंग प्लान के तहत अलग-अलग स्थान पर पार्किंग तथा नो पार्किंग जोन चिन्हित किए गए थे।

प्रशासन द्वारा शहर में बनाए गए सभी पार्किंग जोन में सड़क से बाहर के कच्चे हिस्से पर टाइल और येलो लाइन लगाने का कार्य भी प्रस्तावित था तथा माना जा रहा था की येलो लाइन और टाइल लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों व शहर में आने वाले अन्य लोगों को अपनी गाड़ी लगाने के लिए उचित पार्किंग योग्य जगह बनाई जाएगी, जिससे लोगों को शहर में अक्सर लगने वाले जाम से छुटकारा मिल जाएगा। इस सारी व्यवस्था को बनाने के लिए येलो लाइन लगाने और टाइल लगाने के कार्य के लिए उपमंडल अधिकारी घुमारवीं द्वारा नगर परिषद को करीब डेढ़ वर्ष पहले टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन अभी



तक नगर परिषद इस कार्य को नही कर पाई है। यही कारण है कि घुमारवीं शहर के लोग आज भी पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण दिन-रात जाम से जूझ रहे हैं। वहीं पुलिस की ओर से वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं, जिससे वाहन चालकों में आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि पहले पार्किंग की व्यवस्था की जाए उसके बाद ही कार्रवाई की जाए। बताते चले कि नगर परिषद घुमारवीं के लिए नए पार्किंग प्लान को उपयुक्त बिलासपुर द्वारा करीब डेढ़ वर्ष पहले मंजूरी दी गई थी, लेकिन अभी तक इसे अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है। शहर में पुख्ता पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण पूरा दिन शहर में सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाते हैं जिस वजह से शहर में पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। यही कारण है कि पूरा दिन लगने वाले इस जाम से जहां स्थानीय दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। दूसरी तरफ शहर भर में ट्रैफिक को लेकर अव्यवस्था का आलम बना रहता है। वहीं शहर को नो पार्किंग जोन बताकर पुलिस धड़ाधड़ वाहनों के चालान काट देती है। ऐसे में लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन शहर में पार्किंग की व्यवस्था करें साथ ही शहर सड़क किनारे नो पार्किंग की मार्किंग भी की जाए, लेकिन बिना कोई व्यवस्था बनाएं किसी भी प्रकार की कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। लोगों का कहना है कि बिना नो पार्किंग जोन घोषित किए पूरे शहर में लोगों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। जब तक प्रशासन पार्किंग की व्यवस्था नहीं करता, तब तक किसी प्रकार की भी कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि जब लोग बाजार आएंगे, तो गाड़ी कहीं ना कहीं तो खड़ी करनी ही पड़ेगी।

उधर, नगर परिषद घुमारवीं अध्यक्षा रीता सहगल ने कहा कि टेंडर कर दिए गए हैं जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए नगर परिषद घुमारवीं कार्यरत हैं। (अनंत ज्ञान)

# 'अनंत ज्ञान' ने वर्षगांठ पर उठाया स्वच्छता का बीड़ा



नगरोटा बगवां के एसएचओ चमन लाल स्वच्छता का संदेश देते हुए।



अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर चलाए गए स्वच्छता अभियान में सहयोग देने के लिए जुटे सीनियर सेकेंडरी स्कूल (छात्र) के एनएसएस के स्वयंसेवी। इन स्वयंसेवियों ने गांधी ग्राउंड और बस स्टैंड में स्वच्छता की अलख जगाई।



स्वच्छता का संदेश देते एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा।



सफाई अभियान में योगदान देने वालों को रिफ्रेशमेंट देते डायरेक्टर हिमांशु व्यास व अनंत ज्ञान की टीम।



एसएचओ चमन लाल को सम्मानित करते अनंत ज्ञान समाचार पत्र समूह के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़।



नगरोटा नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी कंचन बाला को सम्मानित करतीं एडमिनिस्ट्रेशन हेड प्रतिभा धीमान।




लिटिल फ्लावर पब्लिक हाई स्कूल के बच्चे टीचर्स पुष्पा और मोनिका के साथ।



एसएचओ चमन लाल को सम्मानित करने के बाद सामूहिक चित्र में अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़, डायरेक्टर हिमांशु व्यास, सीईओ विशाल धीमान, संपादक व प्रोडक्शन हेड।






न्यू बस स्टैंड में कूड़ा-कचरा उठाकर बोरे में डालते एनएसएस के स्वयंसेवी।



न्यू बस स्टैंड में बच्चों को रिफ्रेशमेंट देते एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा।



बच्चों को रिफ्रेशमेंट देते अनंत ज्ञान टीम के सदस्य बसंत सिंह।



न्यू बस स्टैंड में सफाई अभियान के बाद डीएम पंकज चड्ढा और अनंत ज्ञान टीम के साथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (छात्र) के एनएसएस के स्वयंसेवी।



एक सफाई कर्मचारी को रिफ्रेशमेंट देते अनंत ज्ञान टीम के सदस्य।




स्वच्छता ही सेवा मुहिम जारी रखने वाले स्वच्छता प्रहरी नगरोटा बगवां नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने भी अनंत ज्ञान के सफाई अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।



सफाई अभियान का शुभारंभ करने के दौरान बच्चों को सफाई और नशे की लत से दूर रहने का पाठ पढ़ाते नगरोटा बगवां के एसएचओ चमन लाल।

## अनंत ज्ञान की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर की झलकियां



रक्तदाता आशीष



रक्तदाता संतोष कुमार



रक्तदाता ओम पाल



रक्तदाता आशीष कुमार को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।



100वीं बार रक्तदान करने पर पपरोला के राजकुमार को सम्मानित करते आरएस बाली।



रक्तदाता एवं डरोह के पत्रकार राकेश डोगरा को सम्मानित करते अनंत ज्ञान के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़।



रक्तदान करने वाले नगरोटा बगवां के रक्तदाता राजेश गुप्ता को सम्मानित करते अनंत ज्ञान के डायरेक्टर हिमांशु व्यास

# कृषि मंत्री ने काठगढ़ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया इंदौरा उत्सव का शुभारंभ

## चंद्र कुमार ने नशे के खिलाफ आयोजित मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

इंदौरा के गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए आयोजित दो दिवसीय इंदौरा उत्सव का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को कृषि और पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने ऐतिहासिक काठगढ़ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम में विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यातिथि कृषि मंत्री का शॉल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

प्रो. चंद्र कुमार ने विधायक मलेंद्र राजन तथा इंदौरा विधानसभा वेलफेयर एंड डेवेलपमेंट सोसायटी को भव्य उत्सव के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्सवों के बिना जीवन नीरस और अधूरा है, ये हमारे जीवन को न केवल सजीव बनाते हैं, बल्कि हमें अपनी जड़ों और मानवीय मूल्यों से भी जोड़ते हैं। उत्सव हमारी संस्कृति का जीवंत रूप हैं जो रीति-रिवाजों, परंपराओं और लोक कला को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि उत्सव मानव जीवन का ऐसा अभिन्न अंग हैं जो न केवल जीवन को आनंदमय और रंगीन बनाते हैं, बल्कि समाज, संस्कृति और धर्म को भी आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं। इस तरह के उत्सवों से स्थानीय प्रतिभा को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्सवों से उस क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन और स्थानीय उद्योगों को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इंदौरा उपमंडल में इंदौरा उत्सव शुरू कर विधायक मलेंद्र राजन ने अनूठी पहल की है। कृषि मंत्री ने नशे के खिलाफ आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। वहीं, विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि इस क्षेत्र में नशे ने अपने पैर पसार रखे हैं और इंदौरा विधानसभा वेलफेयर एंड डिवेलपमेंट सोसायटी इस द्वारा आयोजित की गई। (अनंत ज्ञान)



दो दिवसीय इंदौरा उत्सव का शुभारंभ करते कृषि और पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

### पंजाबी गायक सरताज के नाम रहा पहला दिन



**दो** दिवसीय इंदौरा उत्सव के पहले दिन पहाड़ी-पंजाबी गानों पर लोग खूब झूमे। इस दौरान नामी पंजाबी सूफी गायक सतिंद्र सरताज की मखमली आवाज के जादू ने सबको सम्मोहित कर दिया। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों और दलों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

## दो मामलों में 16.05 ग्राम चिट्टे के साथ महिला समेत 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत पुलिस को दो मामलों में 16.05 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस टीम जब गश्त पर थी, तो चढ़ियार चौक के पास स्कूटी डीएल 12एस-7633 में सवार विशाल कुमार व शिखा देवी निवासी वार्ड 13 टांडा राजपुर तहसील पालमपुर से 10.77 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना पालमपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21,25,29-61-85 में दर्ज किया गया है। अन्य मामले में पुलिस थाना पालमपुर के तहत न्युगल पुल के पास गाड़ी एचपी 53 सी-3061 में सवार सोम नाथ निवासी उस्तेहड तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा (हि. प्र.) से 5.28 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस संदर्भ में पुलिस थाना पालमपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21,25,29-61-85 में मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने इसकी पुष्टि की है।

### मकोल स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह



पंचरुखी। पंचरुखी के रावमापा मकोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रजलित कर मां सरस्वती की बंदना के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। बच्चों ने पहाड़ी, पंजाबी व हिंदी गानों पर डांस प्रस्तुत कर समारोह में आए लोगों का खूब मनोरंजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा, कबाली, राधा कृष्ण डांस, झमाकडा, रानी लक्ष्मी बाई डांस, नशे पर नाटिका व सोशल मीडिया पर लगाम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, बच्चे व स्टाफ, एसएमसी के सदस्य, अभिभावकगण व बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मासूम से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**पठानकोट।** आठ वर्षीय बच्चे से कुकर्म करने के आरोप में जिला पुलिस की ओर से एक युवक को काबू किया गया है। आरोपी की पहचान बब्बू निवासी गुरु गोबिंद सिंह नगर पठानकोट के रूप में हुई है। पीड़ित बच्चे के परिवारजनों की ओर से इस संबंधी थाना डिवीजन नंबर-2 पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है । पीड़ित बच्चे के परिवार जनों ने बताया कि बीते कल उनका बच्चा अपने घर की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान युवक ने उसे पतंग देने का झांसा देकर अपने पास बुलाया तथा घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी हरप्रीत कौर ने बताया कि शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विधायक संजय रत्न ने किया भड़ोली उपतहसील कार्यालय का शुभारंभ

## बोले, राजस्व मामलों के त्वरित निदान के लिए लगाई जा रहीं लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न ने आज शुक्रवार को अपने विधानसभा हलके की उपतहसील भड़ोली के कार्यालय का शुभारंभ किया। इस उपतहसील के अंतर्गत भड़ोली 1, भड़ोली-2, चौगाठ, गगलूही, सिल्ह और लुथान सहित 6 पटवार सर्किल आयेंगे। विधायक ने कहा कि इस उपतहसील के कार्यालय को खुलने से लोगो को अब अपने कार्य करवाने के लिए ज्वालामुखी नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्व मामलों के समयबद्ध निपटारे पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर इसके लिए हर महीने के आखिरी दो दिन राजस्व अदालतें लगाई जा रही हैं।



भड़ोली उपतहसील कार्यालय का शुभारंभ करते विधायक संजय रत्न।

### सड़क का शिलान्यास

**विधायक** ने 57 लाख 46 हजार रुपए के लागत से पुलिस स्टेशन ज्वालामुखी से लंबरदार प्रताप चंद के घर तक वाया मातृ सदन वार्ड नंबर 3 और 4 ग्राम पंचायत द्रंग तक बनने वाली 700 मीटर एंबुलेंस सड़क का शिलान्यास किया।

## फॉरेंसिक उत्कृष्टता पुरस्कार से डॉ. राकेश सोनी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के रसायन विज्ञान और विष विज्ञान प्रभाग के सहायक निदेशक डॉ. राकेश सोनी को फॉरेंसिक सेवा निदेशालय के स्थापना दिवस पर गुणवत्ता प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए फॉरेंसिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार जस्टिस चंदर भूषण बारोवालिया, माननीय लोकायुक्त हिमाचल प्रदेश और निदेशक फॉरेंसिक सर्विसेज डॉ. मीनाक्षी महाजन द्वारा दिया गया। डॉ. राकेश सोनी को हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज डरोह में एनडीपीएस से संबंधित मामलों पर पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस के जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ से सराहना मिली।




# विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 1200 जवान संभालेंगे सुरक्षा की कमान : एसपी

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा का सातवां सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन विधानसभा भवन में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए कांगड़ा पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्लान तैयार कर लिया गया है। सत्र के दौरान तपोवन विधानसभा भवन तथा परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने को दो सेक्टरों में बांटा गया है। जिसमें 1200 के करीब पुलिस जवान और पुलिस अधिकारी भी सुरक्षा को चाक चौबंद करने को मौजूद रहेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को सूचारू रूप से चलाने के लिए समस्त क्षेत्र को सात सेक्टरों में बांटा गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग की ओर से सीसीटीवी सहित ड्रोन कैमरों से भी विधानसभा परिसर व बाहरी क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। एसपी कांगड़ा ने इसको लेकर एक प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि 16 दिसंबर तक प्रदेश भर से पुलिस जवान धर्मशाला में पहुंच जाएंगे, जबकि 17 दिसंबर से ही जवानों को तैनात कर दिया जाएगा। विधानसभा भवन के अंदर मोबाईल, लैपटॉप तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं के ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि विस के शीत सत्र के लिए 1200 के करीब जवान और पुलिस अधिकारी तैनात किए जाएंगे।



इसके लिए विभिन्न पुलिस बटालियन से जवान बुलाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से शहर को दो सेक्टरों व ट्रैफिक व्यवस्था के तहत सात सेक्टर में शहर को बांटा गया है। विस परिसर में ही करीब 250 जवान तैनात होंगे, सीसीटीवी व ड्रोन से भी हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी, जबकि अन्य मंत्रियों के आवास के बाहर और यातायात ड्यूटी के लिए तैनात होंगे। (अनंत ज्ञान)

## नासा के डिप्टी, सेंटर चीफ टेक्नोलॉजिस्ट के साथ रिसर्च डिस्कशन सत्र आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के भौतिकी और सामग्री विज्ञान विभाग ने नासा के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डॉ. भानु सूद, डिप्टी, सेंटर चीफ टेक्नोलॉजिस्ट, नासा गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. सूद ने विभाग के संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत की और उन्नत प्रौद्योगिकियों में सामग्री विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामग्रियों के उपकरण, उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे भविष्यवादी शोध क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस कार्यक्रम को सीयू के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और प्रो. प्रदीप कुमार ने विभाग को इस आयोजन के लिए बधाई दी। विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने डॉ. सूद के साथ विस्तार से चर्चा की, जिससे अमूल्य जानकारियां मिलीं।

# लंबित राजस्व मामलों को शीघ्र निपटाएं : डीसी

## उपमंडलाधिकारी भूमिहीनों के लिए मकान निर्माण के लिए जल्द उपलब्ध करवाएं भूमि

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिले में राजस्व से संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उपायुक्त कार्यालय बैजनाथ में शुक्रवार को विकास कार्यों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि राजस्व कार्यों के निपटान के लिए सभी उपमंडलाधिकारियों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि किसी भी स्तर पर मामले लंबित नहीं रहें। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व मामले आम जनमानस से जुड़े होने के कारण उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित करतें हैं। उन्होंने कहा कि तकसीम, इन्तकाल, निशानदेही जैसे अनेक राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों को प्रतिदिन राजस्व अधिकारियों से मिलना पड़ता है।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आम आदमी को राजस्व संबंधित मामलों में जल्द राहत प्रदान करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को भूमि से संबंधित विषयों को सप्ताहवार एवं दैनिक आधार पर निपटाने करने की कोशिश करनी चाहिए। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने भूमिहीनों के लिए दो बिस्वा, तीन बिस्वा जमीन उपलब्ध करवाने की रिपोर्ट भी उपमंडलाधिकारियों को मांगी तथा इन मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस सरकार मना रही जश्न, बेरोजगार किसान और महिलाएं मायूस : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा की अहम बैठक के बाद धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि अभी हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने जिला बिलासपुर में अपने दो साल का कार्यकाल पूरे होने का जश्न मनाया है। उन्होंने कहा कि एक और तो कांग्रेस पार्टी अपने दो साल कार्यकाल पूरा होने पर जश्न मना रही है लेकिन प्रदेश के बेरोजगारों, किसानों और प्रदेश की महिलाओं के चेहरों पर अभी भी उदासी छाई हुई है बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों से गोबर खरीदने की बात कही थी वही बेरोजगारों को रोजगार देने की गारंटी दी गई थी और प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की बात कही गई थी लेकिन आज भी प्रदेश की जनता इसी आस में है कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ किए गए वादों को पूरा करेगी।

# देश में कृषि उत्पादकता बढ़ाना जरूरी : प्रो. मनीष

## अरनी यूनिवर्सिटी के कृषि महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

अरनी यूनिवर्सिटी के कृषि महाविद्यालय द्वारा 12 दिसंबर को एक सफल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संधारणीय और उन्नत खेती की महत्ता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एकीकृत पोषक तत्व, रोग और कीट प्रबंधन को बढ़ावा देना था, साथ ही छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक अनुभव और सामुदायिक भागीदारी के महत्व से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर डॉ. विवेक सिंह और प्रो वाइस-चांसलर प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति से छात्रों को प्रोत्साहित किया। माननीय चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने छात्रों और शिक्षकों द्वारा इस पहल को सफल बनाने के प्रयासों की सराहना की और इसे सैद्धांतिक ज्ञान और पारंपरिक खेती की चुनौतियों के बीच की दूरी को कम करने वाला कदम बताया। श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में समेकित रोग प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला और टिकाऊ फसल उत्पादन तथा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता विश्वविद्यालय के कृषि फार्म में उगाई गई गांठ गोभी का प्रदर्शन थी। छात्रों ने अपने व्यावहारिक अनुभव को साझा करते हुए बीज चयन से लेकर कटाई तक की पूरी प्रक्रिया समझाई। यह व्यावहारिक प्रस्तुति प्रतिभागियों को फसल उत्पादन की बारीकियों को समझने और उसमें निहित कौशल और मेहनत की सराहना करने का अवसर प्रदान करती है।




**सख्ती** बच्चों की सुरक्षा से समझौता, तो होगी कार्रवाई; एसडीएम की अगुवाई में होंगे निरीक्षण

# स्कूल बस के आगे-पीछे लिखना होगा फॉर चिल्ड्रन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हादसों के बाद जागना सिस्टम की आदत है तो हादसों के बाद फिर से व्यवस्था उसी ढर्रे पर चल पड़ती है। एक्शन में आने के लिए इंतजार रहता अगले हादसे का। वहीं कुछ हादसे कभी नहीं भूलते। साल 2018 के अप्रैल माह में नूरपुर क्षेत्र में स्कूल बस दुर्घटना में 28 मासूम बच्चों की मौत से पूरा प्रदेश सिसक उठा था और जिनके जिगर के टुकड़े नन्ही से उम्र में दुनिया से विदा हो गए उनका तो हाल भी शब्दों में बयां करना मुश्किल था। जिला कांगड़ा के नूरपुर के करीब आधा दर्जन गांव मातम में डूबे थे। ठेहड़, खुआड़ा, सुल्याली, फंगोता, हारगतला और लखनाहट आदि गांवों में किसी के घर में चूल्हा नहीं जला। हाई कोर्ट ने भी इस मामले में नियमों की पालना के लिए फटकार लगाई थी। 6 साल पहले स्कूल बस में शिक्षा के सफर को निकले मासूमों को मिली मौत जैसा फिर कोई हादसा न हो इसके लिए धर्मशाला के उपमंडल प्रशासन ने कमर कस ली है।

इसको लेकर एसडीएम धर्मशाला की अगुवाई में धर्मशाला उपमंडल के सभी निजी स्कूलों के प्रिंसिपल्स को 16 दिसंबर को एक बैठक के लिए बुलाया गया है। अब स्कूल बस के आगे ओर पीछे फॉर द चिल्ड्रन जैसे शब्द लिखना जरूरी होगा। चालक के पास वैध लाइसेंस है या नहीं, ये भी पुख्ता करना होगा। इसके अलावा फर्स्ट एड बॉक्स समेत करीब 19 पहलुओं की पालना जरूरी होगा। इसके लिए अब सख्ती करने के साथ एसडीएम कार्यालय की टीम नाकाबंदी करेगी। इससे पहले उपमंडल के सभी निजी स्कूल संचालकों के साथ 16 दिसंबर को बैठक की जाएगी ताकि बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाए जा सके। (अनंत ज्ञान)

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं



**एसडीएम** धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई भी समझौता सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को उपमंडल के सभी निजी स्कूलों के साथ एक बैठक निर्धारित की गई है। इस बैठक में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की जाएगी तथा स्कूलों को सुरक्षा मानको की पालना करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी अगर स्कूल बस नियमों का उल्लंघन करती हैं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**इतलाहनामा**

श्रीमति कुसुमलता विधवा अशवनी कुमार निवासी बलवाड़ मौजा सरोत्री, तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) को सूचित किया जाता है कि आपके पति अशवनी की मृत्यु के उपरांत अशवनी कुमार की वरास्त वरुये वसीयत जवानी का इंतकाल नंवर 349 महाल दलवाड़ व इंतकाल नंवर 256 महाल लाहडू में दर्ज हुआ है, परंतु आपके हाजिर न होने के कारण दोनों इंतकालात लंबित चले आ रहे हैं। दिनांक 30.12.2024 को मकाम तहसील कार्यालय बड़ोह जिला कांगड़ा (हि.प्र.) में इंतकालात तस्दीक किए जाने हैं इस दिन आप स्वयं उपस्थित होकर इंतकाल तस्दीक करने या न करने के बारे में अपना पक्ष रख सकती हैं।

दिनांक 12.12.2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील बड़ोह, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स संघ जवाली की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ खंड जवाली के बैठक14 दिसंबर शनिवार 10 बजे ज्वाला माता परिसर लब में होगी। इसकी अध्यक्षता प्रधान सुखदव शर्मा करेंगे। जिला के उपप्रधान रघुवीर सिंह लालिया ने बताया कि बैठक में विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### शादी में पटाखे फोड़ने से गोशाला में लगी आग

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह में एक शादी समारोह के दौरान सड़क पर पटाखे करने से पास लगती गोशाला में पटाखों की चिंगारियां पड़ने से हजारों का नुकसान हो गया। यहां पर सड़क पर किए जा रहे पटाखों की चिंगारियां जैसे ही साथ लगती गौशाला के पास पड़ी घास जलकर राख हो गई। यहां तक की पास रखी लकड़ी भी आग की चपेट में आ गई। साथ ही एक सूखे पेड़ ने भी आग पकड़ ली। भयंकर आग की लपटों को देखते हुए मौके पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी को बुलाया गया साथ ही पुलिस को भी सूचित किया गया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी के कर्मियों व साथ रह रही लेबर के लोगों ने आग पर दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। वहीं प्रभावित परिवार व शादी समारोह वह मैरिज पैलेस संचालकों के बीच पुलिस ने समझौता करवा दिया। जिस पर प्रभावित परिवार ने जहां 50 हजार के नुकसान की बात कही तो प्रभावित परिवार को मौके पर 20000 रुपए का आर्थिक सहयोग देकर दोनों पक्षों को समझा कर मामले को शांत किया गया। (अनंत ज्ञान)



### काहनफट में 75 श्रमिकों का किया पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत काहनफट में हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड के निदेशक रविंद्र सिंह रवि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप में 75 निर्माण श्रमिकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया, जो की कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के पात्र बन गए। इस मौके पर कल्याण बोर्ड के कर्मचारी आदित्य पुरोहित, कर्मचंद कपूर एवं पंकज शर्मा भी उपस्थित थे। बोर्ड के निदेशक रविंद्र सिंह ने मजदूरों को श्रम कानून की जानकारी के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं लेने के लिए पात्रता की शर्तें एवं अन्य नियम कानून बताएं ताकि मजदूर अपनी कानूनी सहायता प्राप्त करने में सक्षम हो सके। इस कैंप में पंचायत के प्रधान कंचन देवी उपप्रधान सुरजीत सिंह राणा के अतिरिक्त ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर एवं हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



### धर्मशाला में निक्षय मित्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. राजेश गुलेरी ने टीबी मुक्त अभियान के सौ दिवसीय अभियान को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने के दिशा-निर्देश समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को दिए। 3 लाख चिन्हित व्यक्तियों का आशा वर्कर घर घर भ्रमण कर 10 लक्षणों के बारे मै जानकारी एकत्र करेगी व लक्षण वालों की आधुनिक नैट जांच करवाएंगी। बैठक में सीएमओ ने जोखिमपूर्ण आबादी के लिए जिला कांगड़ा रेडक्रॉस द्वारा 50 निक्षय किटों को प्रदान करने के लिए रेडक्रॉस सचिव ओपी शर्मा को सम्मानित किया। नूरपुर से स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश सहोत्रा को 100 निक्षय मित्रों को जोड़ने के लिए उल्लेखननीय प्रयासों के लिए निक्षय बैच लगाकर सम्मानित किया।




### जिप सदस्य ध्रुव ने सांबा में बांटे डस्टबिन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत सांबा के पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को 15वें वित्तायोग के तहत वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ध्रुव चौधरी जिला परिषद सदस्य (बारी) वार्ड नंबर 25 ने पंचायतों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत 380 परिवारों को कूड़ा एकत्रित करने के लिए कूड़ादान वितरित किए। सांबा पंचायत की प्रधान जिंदो देवी ने जिला परिषद सदस्य ध्रुव चौधरी का पूरी पंचायत की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य ध्रुव चौधरी ने पंचायत को जल व्यवस्था के लिए पानी की टंकी, लोगों के बैठने के लिए पांच बैंच देन का वायदा किया है। उन्होंने कहा कि राजकीय माध्यमिक स्कूल हल्दरा के लिए इन्होंने वाटर कूलर और एक खेल का मैदान दिया है। इसके अलावा ढाटी मेले के लिए एक लाख रुपए भी दिए हैं। इसके अतिरिक्त श्मशानघाट को वाटर कनेक्शन देने के लिए एक लाख रुपए दिए हैं। ध्रुव चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत पंचायतों में डस्ट बिन बांटे जा रहे हैं। इससे पहले भी पंचायत चांदड बमियाल में 280 परिवारों को, रोड़ा पंचायत में 390 परिवारों को डस्ट बिन बांटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सांबा पंचायत के लोगों की हर जरूरत को पूरा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### समिति ने किया मटौर स्कूल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्यालयों को गोद लेने के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति की जिला प्रधान आशा कौशल, कप्तान प्यार सिंह राणा कैशियर, विजय सिंह, हर्षित चौधरी अनु कुमारी, बीना देवी सदस्यों ने पाठशाला में 9 सितंबर को समिति का गठन होने के बाद शुक्रवार को विस्तारपूर्वक बच्चों के हित में चर्चा की। समिति ने संपूर्ण विद्यालय का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बैठक में समिति को संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई तथा हिमाचल सरकार द्वारा चलाए गए उपक्रम पर प्रकाश डाला समिति ने बच्चों के हित में उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे और भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से संबंधित लोगों के अनुभवों को बच्चों में बाटेंगे। गरीब बच्चों के लिए वर्दी, स्वेटर, छात्रवृत्ति आदि पर भी विचार करने के लिए सहमति प्रकट की बैठक के अंत में प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

# भनाला और गोरडा के हर घर पहुंचेगा जल

## पठानिया बोले, पेयजल आपूर्ति के लिए 2 करोड़ 32 लाख होंगे खर्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत कर प्रत्येक जन तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिए सरकार दिन-रात कार्य कर रही है। शाहपुर विधानसभा हलके में भी दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र जो आज तक विकास की रोशनी से अछूते थे, उन क्षेत्रों पर हमारा सबसे अधिक फोकस है। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के बासा में जल शक्ति विभाग द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे भनाला और गोरडा के हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। भनाला और गोरडा के प्रत्येक घर में शुद्ध जल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा 2 करोड़ 32 लाख व्यय किए जा रहे हैं। राजकीय उच्च विद्यालय



भनाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए उपमुख्य सचेतक व क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया ने यह उद्गार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि भनाला में 38 लाख 35 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को किया जा रहा है।

### भनाला स्कूल के होनहार बच्चे नवाजे

**पठानिया** ने स्कूल की चारदीवारी के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की। उपमुख्य सचेतक ने शाहपुर के गांव गोरडा के रजत कुमार को संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) परीक्षा में देशभर में पहला स्थान हासिल करने पर बधाई दी। इस अवसर पर भनाला स्कूल के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और स्कूल में शिक्षा और खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार भेंट किए।

### फोरलेन निर्माण कार्य का लिया जायजा



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज सुबह 9 बजे उपमंडल अधिकारी शाहपुर, फोरलेन के उच्च अधिकारियों के साथ राजोल से लेकर सिहुवा तक फोरलेन के तेजी से चले कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें राजोल, 45 मील, लदवाड़ा, रैत, 42 मील, बागड़ू, शाहपुर, द्रमन सिहुवा के स्थानीय लोगों को आ रही दिक्कतों के बारे में उपमंडल अधिकारी एवं फोरलेन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो जनता चाहती है, उसकी सुविधा अनुसार कार्य को अंजाम दें। क्योंकि फोरलेन भी जनता के लिए बन रहा है तो स्थानीय जनता के रास्तों, पुलियों, कूहलों, बिजली पानी की सुविधा को ध्यान में रख कर कार्य करे, ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## मां चिंतपूर्णी मंदिर 'प्रसाद' योजना के तहत चयनित : राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉक्टर राजीव भारद्वाज को एक सवाल के उत्तर में बताया कि केंद्र सरकार ने ऊना जिला में प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर को भारत सरकार ने प्रसाद योजना के अंतर्गत धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए चुना है, जिसके अंतर्गत इस स्थल में भ्रमण करने वाले श्रद्धालुओं को दीर्घकालीन रूप में प्राथमिकता के आधार पर बेहतर ठांचागत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक स्थल के सम्पूर्ण विकास के लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय को अभी तक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट नहीं सौंपी है प्रसाद योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार राज्यों/ केंद्र शासित राज्यों में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों/पुरातत्व महत्व के स्थलों में आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, ताकि धार्मिक पर्यटन का अधिकतम दोहन किया जा सके।



## कठिन परिश्रम और अनुशासन को अपनाएं स्टूडेंट्स : किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर निर्भर करता है। कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च उच्च से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विधायक किशोरी लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घिरथोली के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में अनुशासन, परिश्रम की आदत बनानी चाहिए, ताकि इसका लंबे समय तक लाभ मिल सके उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसी के आधार पर प्रतियोगी को परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए।

# टांडा में पहले एक्स-रे के लिए घंटों लाइन में खड़े रहो, फिर रिपोर्ट का करते रहो इंतजार

## हिमाचल प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल में मरीज बेहाल

**आशीष दमीर, टांडा**

प्रदेश के सबसे बड़े दूसरे अस्पताल डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज टांडा में हालत हुए बदतर है। अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग जहां पर एक्स-रे, एमआरआई व सिटी स्कैन की सुविधा तो उपलब्ध है, परंतु उसकी सुविधाओं को लेने के लिए मरीजों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यहां एक्स-रे करवाने के लिए लोगों को घंटों लाइनों में लगकर इंतजार करना पड़ता है, वहीं इसकी रिपोर्ट लेने के लिए भी इतना ही समय लगता है। बात करें एमआरआई की तो इसके लिए लोगों को कई महीनों की तरीके डाली जा रही है।

सबसे बड़ी हैरानी की बात तो यह कि जब मरीजों की एमआरआई हो जाती है तो उन्हें रिपोर्ट लेने के लिए भी एक तारीख नहीं दी जाती, जिसे दूर दराज से आने वाले लोगों को यहां आने के लिए कई बार धक्के खाने को मजबूर हो रहे है इस बाबत जब अनंत ज्ञान ने यहां पर एम आर आई की रिपोर्ट लेने आए लोगों से बात हुई तो नूरपुर से आए सुभाष चंद्र, ज्वालाजी



से आए रतन सिंह पालमपुर से आई ममता देवी,इत्यादि का कहना है कि उन्हें दो दिनों से रिपोर्ट लेने के लिए धक्के खाने पड़े ऐसे कई लोग टांडा में दिन भर देखे जा सकते हैं जो इन परेशानियों से जूझ रहे होते है। लोगों ने अस्पताल प्रशासन व सरकार से मांग की है कि इस संसद को गंभीरता से लेते हुए इस ओर ध्यान दिया जाए।

इस संदर्भ में जब रेडियोलॉजी विभाग की एचओडी डॉक्टर प्रीति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वैसे तो एम आर आई की रिपोर्ट तीन दिन के बाद दे दी जाती है परंतु ये समस्या स्टाफ की कमी के चलते हो रही है उन्होंने कहा कि यहां पर सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स,फैकल्टी स्टाफ व पीजी में कई पद काफी समय से रिक्त है।

### बिना फ्लिप कवर के हाथों में थमाई जा रहीं रिपोर्ट्स

**अस्पताल** में एक्स-रे व एमआरआई की



रिपोर्टों को बिना लिफाफे के सीधा हाथों में ही थमाया जा रहा है, जबकि इनके लिए बड़े साइज के फ्लिप कवर सरकार द्वारा ही मुहैया करवाए जाते थे। इस पर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कांगड़ा एट टांडा एचपी लिखा होता है। इस बारे बात करने पर डॉक्टर प्रीति ने कहा कि फ्लिप कवर खत्म थे जिन्हें प्रिंटिंग के लिए कहा गया था, जो कि आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को लिखा गया है। जैसे ही स्टाफ पूरा हो जाएगा ये समस्या खत्म हो जाएगी। जब उनसे प्रश्न किया गया कि टांडा में रोजाना कितने एक्सरे व एम आर आई किए जाते है तो उन्होंने बताया कि रोजाना 750 के लगभग एक्स-रे होते है वही 22 से 25 के करीब ही एम आर आई की जाती है। (अनंत ज्ञान)

## आज घर पहुंचेगा जवान का शव

**गगल।** आइटीबीपी विनोद का शव विमान द्वारा गुवाहाटी से चंडीगढ़ नहीं पहुंचा है। विनोद के घर उनकी पत्नी पवनेश का रो-रोकर बुरा हाल है और दोनों बेटे भी पिता की याद में खोए हुए हैं। मृतक के छोटे भाई तिलक राज ने बताया कि अभी तक विनोद का शव चंडीगढ़ नहीं पहुंचा है जैसे ही शव चंडीगढ़ पहुंचेगा तो वह हमें सूचित कर देंगे और उसके बाद सड़क मार्ग द्वारा विनोद के शव शुक्रवार को सुबह तक पहुंचने की संभावना है। पत्नी का तो रो-रोकर बुरा हाल है और बेसुध अवस्था में ही पड़ी हुई थी। ग्रामीण की महिलाएं पवनेश को जीने के लिए हौसला दे रही थी।

# इस साल 186 हादसों में 73 की गई जान

## 5 सालों में 1333 हादसों में 389 की मौत, 1938 लोग हुए घायल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

किसी क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली सड़कें हर साल हादसों में कई जानें लील लेती हैं। हालांकि भौगोलिक रूप से दुर्गम प्रदेश की सड़कों पर भी एकतरफा दोष देना गलत है क्योंकि हादसों में लापरवाही तथा तेजरफ्तारी जैसे भी कई अहम पहलू हैं। पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज सड़क दुर्घटनाओं में पिछले 5 साल में प्रदेश में 133 सड़क दुर्घटनाओं में 389 लोग जान गवां चुके हैं तथा 1938 लोग घायल हो चुके हैं। इस साल अब तक 186 हादसों में 73 लोग अपनी जान गवा चुके हैं। इसके अलावा 283 लोग सड़क हादसों में गंभीर या सामान्य रूप से घायल हुए हैं। खास बात यह कि हादसे का शिकार होने वाले वाहनों में ज्यादातर वाहन दो पहिया हैं। कुल 186 में 120 दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों से संबंधित है वही 66 हादसे अन्य वाहनों के हुए हैं।




वीर बहादुर
एएसपी कांगड़ा

पिछले पांच सालों के आंकड़ों की बात करें तो जिला कांगड़ा में साल 2020 में 274 हादसों में 71 लोगों की मौत हुई है जबकि 331 लोग हुए है। साल 2021 में 273 सड़क हादसों में 75 लोगों की मौत हुई है जबकि 393 लोग घायल हुए। वर्ष 2022 में 306 सड़क दुघटनाओं में 70 लोगों की मौत हुई है, जबकि 554 लोग घायल हुए। साल 2020 में 294 सड़क हादसों में 93 लोगों की मौत हुई। इस साल अब तक हुई 186 सड़क दुर्घटनाओं में 73 लोगों मौत हुई है, जबकि 283 लोग घायल हुए हैं। आंकड़ों की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों की अनुपालना का आह्वान करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

## जनता महंगाई से त्रस्त, सरकार जश्न मनाने में मस्त : मुल्ख राज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

कांग्रेस की सरकार में जनता त्रस्त व मंत्री व विधायक जश्न मनाने में मस्त हैं। उक्त शब्द पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी ने कहे। उन्होंने कहा कि यदि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो पिछले कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं किए।



उन्होंने कहा कि मौजूदा विधायक ने केवल भाजपा द्वारा किए गए शिलान्यासों के उद्घाटन किए हैं,इसके सिवा कुछ नहीं किया। पूर्व विधायक ने कहा कि चाहे बैजनाथ में बस स्टैंड के निर्माण का कार्य हो, केंद्र के जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के निर्माण, सिंचाई कूहलों का निर्माण, सड़कों का निर्माण सब भाजपा सरकार की देन है। मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के अलोकतांत्रिक निर्णयों ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चरमरा दिया है,जिस कारण कोई भी नया विकास कार्य कांग्रेस की मौजूदा सरकार के कार्यकाल में नहीं हुआ,जबकि दो साल के कार्यकाल का जश्न ऐसे मना रही है जैसे कि प्रदेश के सभी वर्गों को खुश कर दिया है।

## डिनोटिफाइड बीडीओ कार्यालय नहीं खुलवा पाए कृषि मंत्री : अर्जुन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 10 नए विकास खंड खोलने की अधिसूचना जारी की गई है, लेकिन इसमें जवाली का कहीं कोई नाम नहीं है। यह बात पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सरकार में विधायक ही डिनोटिफाइड बीडीओ कार्यालयों को खुलवा गए जबकि मंत्री चंद्र कुमार डिनोटिफाइड किए गए बीडीओ कार्यालय जवाली को नहीं खुलवा पाए। उन्होंने कहा कि अगर डिनोटिफाइड कार्यालय खुलवाने में असमर्थ हैं तो फिर सरकार में बैठने का ओचित्य भी क्या है? उन्होंने कहा कि मंत्री चंद्र कुमार जवाली की अनदेखी कर रहे हैं या फिर मंत्री की सरकार में अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार दो साल का जश्न मना रही है लेकिन उस जश्न में शामिल होकर मंत्री चंद्र कुमार क्या साबित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा जवाली की 15पंचायतें बीडीओ कार्यालय फतेहपुर से जुड़े हैं जो कि बेसब्री से बीडीओ कार्यालय जवाली में खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मंत्री को सरकार में रहने का कोई हक नहीं है, उनको प्राथमिकता से इस्तीफा दे देना चाहिए।



### नई जोड़ी



टावां (बल्ह) की पल्लवी और छातर (सुंदरनगर) के चंदन को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



लमलेहड़ा के पदम शर्मा और ममता शर्मा को सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### पीरसलूही में लगाया आयुष्मान अरोग्य कैंप

**डाडासीबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरसलूही में शुक्रवार को डॉ. सतीश कुमार फोतेदार, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डाडासीबा के सहयोग से आयुष्मान अरोग्य शिविर तथा निक्षय शिविर (टीबी स्क्रीनिंग) का आयोजन किया। इसमें कुल 205 लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इनमें से 73 लोगों ने टीबी स्क्रीनिंग एक्स-रे करवाए। शिविर में डॉ. शाइना चिकित्सा अधिकारी पीरसलूही, डॉ. निखिल सूद (रूष्ठ) और डॉ. वरिंद्र (सर्जन), डॉ. संदीप शर्मा (डेंटल) मोनिका फार्मेसी ऑफिसर, राजेश कुमार रेडियोग्राफर, दिव्या शमा व आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## जन आक्रोश रैली के लिए डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में बनाई रणनीति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रशासनिक जिला कांगड़ा भारतीय जनता पार्टी ने सर्किट हाउस धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार, हिमाचल प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा उपस्थिति थे। इस बैठक में प्रशासनिक जिला कांगड़ा भाजपा के सभी प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में 18 दिसंबर को सुक्खू सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में सारी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश

**धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में 18 को गरजेगी भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पवन काजल, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली, पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, पूर्व राकेश पठानिया, पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, पूर्व विधायक रीता धीमान, भाजपा प्रत्याशी संजय गुलेरिया, तीनों संगठनआत्मक जिलों के अध्यक्ष व अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनातन के रहस्य पर आधारित है अमरनाथ मेमोरियल स्कूल की आधारशिला : डॉ. शर्मा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

उड़ीसा यूनिवर्सिटी के पूर्व उपकुलपति डॉ. बीआर शर्मा ने कहा पंडित अमरनाथ मेमोरियल पब्लिक स्कूल की जो आधारशिला है, वह सनातन धर्म के गूढ़ रहस्य पर आधारित है। वे शुक्रवार को स्कूल के वार्षिक समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों का सर्वांगीण विकास तथा अच्छे व्यक्तित्व का विकास हो रहा है उसके लिए समस्त स्कूल प्रबंधक बधाई के पात्र है। उन्होंने कहां कि लॉर्ड मैकाले ने हमारी शिक्षा पद्धति को तहस नहस करके रख दिया था। उनकी शिक्षा संस्कार निस्ठ शिक्षा थी परंतु उन्हें इस बात की खुशी है कि सनातन धर्म तथा गुरुकुल कांगड़ी जैसी अन्य शिक्षा संस्थाओं ने पुरानी परंपराओं को आज भी जीवित रखा है। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म सभा की स्थापना 1949 में हुई थी उसके



बाद शिक्षा संस्थान है उत्तरी भारत के कई राज्यों में शिक्षा का अलख जगाया है। उन्होंने कहा कि इस संस्था के लिए काम करना ही स्व. पंडित अमरनाथ शर्मा जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर राजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य विवेक शर्मा सनातन धर्म सभा के कार्यकारी अध्यक्ष उदोराम चीमा कर्नल रंजीत चंद पब्लिक के प्रिंसिपल विनय शर्मा तथा बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)






# रक्तदाताओं का जताया आभार

दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' की प्रथम वर्षगांठ पर हमीरपुर के गांधी चौक पर वीरवार को लगे रक्तदान शिविर में रक्तदानियों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया और लोगों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक किया। अनंत ज्ञान ने अपनी वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए थे। हमीरपुर में लगे रक्तदान शिविर में रक्तदानियों का उत्साह देखते ही बना। जिले के लोगों में मानवता की ऐसी करुणा देखी गई कि लोगों को जैसे ही पता लगा कि 'अनंत ज्ञान' रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है तो उनमें रक्तदान करने की जैसे होड़ मच गई। लोग खुद-ब-खुद रक्तदान के लिए अपनी रजिस्ट्रेशन करवाने दौड़े चले आए। प्रदेशभर में लगे 'अनंत ज्ञान' के शिविरों में लोगों ने अथाह जज्बा दिखाया, लेकिन हमीरपुर में उत्साह कुछ ज्यादा ही देखा गया। यहां लगे शिविर में 57 रक्तदानियों ने रक्तदान महादान अभियान के तहत रक्तदान किया। इस पर अनंत ज्ञान हमीरपुर की टीम ने रक्तदाताओं का आभार जताया।



हमीरपुर के गांधी चौक पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ पर आयोजित रक्तदान शिविर में 96वीं बार रक्तदान करने वाले सत्यपाल शर्मा, साथ में एबी नेगेटिव रेयर ब्लड डोनर भी मौजूद रहीं। (छाया : सुनील कुमार)

















# सभी स्कूलों में स्कॉलरशिप डिस्प्ले बोर्ड लगाने वाला हिमाचल का पहला जिला बना हमीरपुर

## स्कॉलरशिप के डिस्प्ले बोर्ड से प्रत्येक छात्र को मिलेगी स्कॉलरशिप योजना की जानकारी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले उत्कृष्ट छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई गई हैं, जिससे छात्र अपनी पढ़ाई को जारी रख सकें और उन्हें पढ़ाई करने में कोई आर्थिक समस्या न आए। सरकारी स्कूलों के उत्कृष्ट छात्र स्कॉलरशिप से वंचित न रहे, इसके लिए हमीरपुर जिले के सभी हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में स्कॉलरशिप डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं।

इसमें सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप की विस्तार से डिटेल दी गई है, ताकि कोई भी छात्र मिलने वाली स्कॉलरशिप से वंचित न रहे। ऐसा करने वाला हमीरपुर जिला प्रदेश का पहला जिला बना है, जिसने सभी स्कूलों के कैंपस में डिस्प्ले बोर्ड लगाए हैं। इसके अलावा सरकारी स्कूलों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 10 उपलब्धियां भी दर्शाई गई हैं।




जिला के राजकीय उच्च पाठशालाओं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के कैंपस में डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। इनमें सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप की विस्तार से डिटेल दी गई है।

डिस्प्ले बोर्ड में 21 तरह की स्कॉलरशिप योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई है कि इस स्कॉलरशिप के लिए कौन-कौन छात्र पात्र हैं। पात्र छात्रों को स्कॉलरशिप हासिल करने के लिए क्या-क्या दस्तावेज मुहैया करवाने होंगे और इसके लिए क्या योग्यता होनी चाहिए और कितने फीसदी अंक स्कॉलरशिप के लिए अनिवार्य हैं। इस तरह का पूरा विवरण डिस्प्ले बोर्ड में दिया गया है। यही नहीं डिसप्ले बोर्ड के टॉप पर एक तरफ मुख्यमंत्री तो दूसरी तरफ शिक्षा मंत्री का फोटो भी लगाया गया है।

डिसप्ले बोर्ड में प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों और छात्रों को मुहैया करवाई जा रही 10 बड़ी उपलब्धियों का जिक्र भी किया गया है, जिसे छात्रों के साथ-साथ स्थानीय लोग भी जान सकेंगे। ऐसे में हमीरपुर जिला अपने सभी स्कूलों में डिसप्ले बोर्ड लगाने में प्रदेश का पहला जिला बन गया है। डिसप्ले बोर्ड के जरिए छात्र भी खुद स्कॉलरशिप के बारे में जान सकेंगे कि वह इस स्कॉलरशिप के लिए पात्र हैं या फिर नहीं। इसके अलावा कौन सी स्कॉलरशिप किन छात्रों के लिए है, यह सब भी छात्र जान सकेंगे और पात्र होने पर स्कॉलरशिप का लाभ भी उठा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



> हमीरपुर जिले के सभी हाई व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जिसमें सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलने वाली स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से डिटेल दी गई है, ताकि छात्र भी डिस्प्ले बोर्ड से पढ़कर खुद भी स्कॉलरशिप के बारे में जान सकेंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों और छात्रों को मुहैया करवाई जा रही 10 बड़ी उपलब्धियों को भी डिस्प्ले बोर्ड में दर्शाया गया है।
>
> **अनिल कौशल, उपनिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हमीरपुर**

# हिमाचल के हितों को केंद्र में उठाते रहे हैं अनुराग : उषा बिरला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, अभय वीर सिंह लवली, महामंत्री अजय रिंटू, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं तैयारी ऋण समझौते की जल्द मंजूरी पर सांसदों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। उषा बिरला ने कहा कि अनुराग ठाकुर हमेशा हिमाचल के हित को संसद हो या केंद्रीय मंत्रिमंडल जो हमेशा उठाते रहे हैं।

# कौशल बोले-प्रदेश की जनता का विश्वास खो चुकी है भाजपा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कांग्रेस के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि भाजपा के अंध भक्तों के 'भेजे' वाला गोबर कांग्रेस राज में नहीं खरीदा जाएगा। उन्होंने भाजपा के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लाख षड्यंत्र कर लें, प्रदेश की जनता का विश्वास भाजपा खो चुकी है। बिलासपुर में जुटी भीड़ इस बात को दर्शा रही है कि सुक्खू सरकार के नेतृत्व में जनता खुश है। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रेम कौशल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि उसके नेता लीडरशिप की प्रतिस्पर्धा में बेवजह के आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि बिलासपुर की जनसभा ने यह साबित कर दिया है कि हिमाचल की जनता कांग्रेस के साथ है। उन्होंने भाजपा नेताओं को चुनौती दी कि वे शपथ पत्र के माध्यम से आरोप लगाएं, केवल भ्रष्टाचार के आरोपों की रस्म अदायगी कर जनता को गुमराह न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के सारे षड्यंत्र असफल साबित हुए हैं। कौशल ने यह भी बताया कि भाजपा ने अपनी रैलियों पर 5 से 10 करोड़ रुपए खर्च किए थे, लेकिन कांग्रेस ने उन सबको क्लियर कर दिया।

भाजपा द्वारा राज्यपाल को सौंपे गए आरोपों को महज एक औपचारिकता करार देते हुए कहा कि इस तरह की बयानबाजी से भाजपा के मंसूबे पूरे नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हिमाचल की अर्थव्यवस्था में सुधार की शुरुआत हो चुकी है और इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 2027 तक इसी आधार पर वह राज्य में जश्न मनाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के अन्य नेता राजू चौधरी, नरेश ठाकुर और अंशुल शर्मा भी मौजूद रहे।

# कल बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 15 दिसंबर को मट्टनसिद्ध के फीडर के अंतर्गत दोसड़का के ट्रांसफार्मर की अपग्रेडेशन के कार्य के चलते गांव मट्टनसिद्ध, पंजाली, बाईपास, दोसड़का, पुलिस लाइन, बारल, दुगनेड़ी, लाहड़, जसौर, हथली खड्ड, घनाल, प्रताप गली और साथ लगते गांवों में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते दोसड़का पीएनबी के आसपास तथा लालहड़ी के कुछ क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

# एसआर शर्मा बने पूर्व छात्र संगठन के प्रधान



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलोड़ के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें कुल 27 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में 1970-80 के अध्यापकों को भी आमंत्रित किया गया था। प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल शर्मा ने स्कूल पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत किया और पाठशाला में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. आनंद सागर ने अपने माता-पिता की स्मृति में 100000 रुपए की सावधि ब्याज से उत्कृष्ट छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना का प्रस्ताव रखा, गिरधारी लाल शर्मा ने वार्षिक 50000 रुपए का योगदान घर जरूरतमंद और मैरिट बल्कि छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की, देशराज शर्मा हटली ने भी 50000 देने की घोषणा की। संगठन में एसआर शर्मा को प्रधान नियुक्त किया गया, रविंद्र लखनपाल को उपप्रधान, त्रिलोक गर्ग को महासचिव, अशोक कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रधानाचार्य सदस्य सचिव होंगे। डॉ जे. एन.शर्मा, डॉ आनंद सागर, गिरधारी लाल और अशोक शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया।

# खंड विकास अधिकारी ने लिया कड़ा संज्ञान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** पंचायतों की हुई समीक्षा बैठक के यह बात सामने आने पर कि कुछ पंचायतों में मनरेगा के तहत हुए विकास कार्यों की एमबी होने के बाबजूद फिर भी उन कार्यों कों करवाने के लिए बेंडर एवं लोगों द्वारा कार्यों कों करवाने के लिए जो सद्यमग्री खरीदने पर राशि खर्च की गई है, उसका पंचायतों द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया हैं। इस पर खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने उक्त पंचायतों के प्रति कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्हें आदेश दिए हैं कि उन्हें अतिशीघ्र भुगतान किया जाए।

# बिट्टू ने जन्मदिन पर कार्यालय का शुभारंभ



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने अपने निजी आवास के परिसर के साथ ही अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम देने के लिए तथा आम लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने तथा प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए ही यह कार्यालय स्थापित किया गया है।

# एनआईटी हमीरपुर के छात्रों को नासा स्पेस ऐप्स चैलेंज में मिली वैश्विक पहचान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग के इनोवेटिव बी.टेक (इंजीनियरिंग फिजिक्स) के छात्रों की एक टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक हैकथॉन, नासा स्पेस ऐप्स चैलेंज 2024 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उनका प्रोजेक्ट, 10,000 से अधिक सबमिशन में से चुना गया।

150 देशों ने एक सम्मानजनक उल्लेख प्राप्त किया है, यह मान्यता दुनिया भर में केवल 19 टीमों को प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, टीम ने विश्व स्तर पर शीर्ष 60 टीमों में स्थान अर्जित किया है और प्रतिष्ठित पीपुल्स च्वाइस अवार्ड प्राप्त किया है, जो स्पेन और ब्राजील की टीमों के साथ शीर्ष 60 में से केवल तीन टीमों को दिया गया था।

गिरीश गौरव शर्मा, आरुषि सैनी, अजय मोक्टा और शब्द पटेल की टीम ने उपग्रहों द्वारा डेटा अधिग्रहण की तारीख और समय पर सटीक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक अभूतपूर्व समाधान प्रस्तुत किया। उनका प्रोजेक्ट व्हाट्सऐप के माध्यम से इस महत्वपूर्ण डेटा की सीधी डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है, जिससे शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों को उनके काम में सशक्त बनाया जाता है। पहुंच बढ़ाने के अलावा, परियोजना नासा के लैंडसैट कार्यक्रम और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सेंटिनल उपग्रहों से उपग्रह डेटा की सटीकता में सुधार करना चाहती है, जो विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती है।

# व्यक्ति से चरस व अफीम की बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के थाना सदर हमीरपुर के अधीन पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान घनश्याम उर्फ सोनु निवासी गांव झनिकर तहसील टौणी देवी के कब्जा से 194.16 ग्राम चरस (भांग) व 14.71 ग्राम अफीम बरामद की गई।

उपरोक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करके एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के अधीन थाना सदर हमीरपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# फलदार पेड़-पौधों को कोहरे से बचाएं : राजेश्वर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- उद्यान विभाग के उपनिदेशक ने बागवानों को दी सलाह

उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि आजकल शुष्क मौसम बने रहने के कारण अत्यधिक कोहरा पड़ने की आशंका बढ़ गई है। इससे फलदार फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। कोहरे से प्रभावित पौधे बीमारियों और कीटों से ग्रसित हो जाते हैं।

कोहरे के प्रतिकूल प्रभाव से न केवल छोटे पौधे, बल्कि बड़े फलदार पौधे भी प्रभावित होते हैं जिससे बागवानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। राजेश्वर परमार ने बताया कि अत्यधिक कोहरे के प्रभाव से पौधों की कोशिकाएं पानी के जमाव से फट जाती हैं, जिससे पौधों की बढ़ोतरी तथा पैदावार पर प्रतिकूल असर होता है। फल खराब हो जाते हैं और फूल झड़ने लगते हैं।

कोहरे से प्रभावित होने वाली मुख्य फलदार फसलें आम, लीची, पपीता, अमरूद तथा नींबू प्रजाति के पौधे हैं। उपनिदेशक ने बागवानों से आह्वान किया है कि वे फलदार पौधों को नियमित रूप से सिंचित करते रहें। सिंचाई करने से सतह का तापमान जमाव बिंदु तक नहीं पहुंच पाता है और पौधे पाले के नुकसान से बच जाते हैं। छोटे पौधों को पुआल से ढकें और ढकते समय दक्षिण पूर्वी भाग खुला रखें, ताकि पौधों को धूप मिलती रहे।

उन्होंने बताया कि शाम के समय सूखे अवशिष्ट, घास तथा सूखे पतों को जला कर धुआं पैदा करके बागीचे का तापमान बढ़ाया जा सकता है। फलदार पौधों की नर्सरियों मुख्यत: आम की नर्सरी को कोहरे के प्रभाव से बचाने हेतु फल पौधशालाओं को नाइलोन की 50 प्रतिशत छाया वाली जाली से ढक देना चाहिए। राजेश्वर परमार ने बताया की बड़े फलदार पौधों के तनों में वोर्डो मिक्सचर (एक किलो कॉपर सल्फेट, एक किलो अनबुझा चूना और 1-3 लीटर अलसी का तेल) या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का मिश्रण बनाकर तनों पर जमीन से डेढ़-दो फुट तक लेप लगाना चाहिए। बागीचों में बेहतर सिंचाई व्यवस्था व उचित प्रबंधन से ही कोहरे के नुकसान को कम किया जा सकता है। फलदार पौधों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए बागवान नजदीकी बागवानी विभाग के कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

**जायजा** निरीक्षण दल ने शिक्षकों के वार्षिक अकादमिक गतिविधियां, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज जांचे

# केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में वार्षिक अकादमिक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में गुरुग्राम संभाग के सहायक आयुक्त टी. प्रीतम की अध्यक्षता में वार्षिक अकादमिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में सहायक आयुक्त के साथ सुनील दत्त लखनपाल प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय नादौन, वीर चंद प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय जाखू, मोहित गुप्ता प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय जतोग कैंट, संजय कुमार प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय योल कैंट, नीलम गुलेरिया प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय, सलोह एवं मनीष कुमार, प्रधानाध्यापक, केंद्रीय विद्यालय पालमपुर रहे। निरीक्षण दल के


निरीक्षण दल को स्काउट एवं गाइड और एनसीसी कैडेट द्वारा सलामी दी गई।

आगमन पर विद्यालय के प्रवेश द्वार पर बाल वाटिका के नन्हे बच्चों द्वारा तिलक एवं पुष्प प्रदान कर हिमाचली नाटी के साथ भव्य स्वागत किया। निरीक्षण का शुभारंभ सहायक आयुक्त द्वारा सरस्वती पूजन के साथ हुआ। निरीक्षण दल को स्काउट एवं गाइड और एनसीसी कैडेट द्वारा सलामी दी गई। प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित स्वागत गीत, योग कार्यक्रम एवं विशेष कार्यक्रम ने निरीक्षण दल के सदस्यों का मन मोह लिया। निरीक्षण दल के सभी सदस्यों ने छात्रों की भूरी भूरी प्रशंसा की। गत वर्ष के सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए शिक्षकों को प्रणाम पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं वर्तमान सत्र में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्य सुनील चौहान द्वारा विद्यालय की शैक्षिक एवं खेलकूद की उपलब्धियां को निरीक्षण दल के समक्ष प्रस्तुत किया। निरीक्षण दल द्वारा सभी शिक्षकों के वार्षिक अकादमिक गतिविधियां, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेज की जांच की जिसमें निरीक्षण दल के सदस्यों को विद्यालय कामकाज संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण दल के सभी सदस्यों ने समस्त शिक्षकों के शिक्षण कौशल की प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त टी. प्रीतम द्वारा नवनिर्मित विद्यालय चारदीवारी का भूमि पूजन कर श्रीगणेश किया। इस अवसर पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मोहित त्यागी और कनिष्ठ अभियंता विनीत कुमार भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुसूचित जाति और ब्राह्मण को मिले अध्यक्ष पद



**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** भाजपा संगठन में चौपाल विधानसभा क्षेत्र से तीन मंडलअध्यक्ष बनाने की कवायत चल रही है। इस संगठन में अनुसूचित जाति और ब्राह्मण समुदाय को प्रतिनिधित्व मिले इस बारे चर्चा जारी है। भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए विशेष प्रावधान हैं जो उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ने में मदद करते हैं। इन प्रावधानों में से एक है आरक्षण प्रणाली, जो इन समुदायों को शिक्षा, नौकरी और राजनीति में प्रतिनिधित्व प्रदान करती है। कोली समाज चौपाल के अध्यक्ष संत राम गाजटा, भाजपा प्रवक्ता शशि चौहान तथा ब्राह्मण सभा के उपाध्यक्ष प्रताप शर्मा ने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र में 28 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 18 प्रतिशत ब्राह्मण जाति के वोटर है, इसलिए उन्हें संगठन में भी महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

### जंगल में लगी आग बुझा जोथरेऊ क्लब ने लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** विकास खंड चौपाल के नेरवा तहसील में कार्यरत नोडल क्लब जोथरेऊ ईड़ा दरभाड़ के सदस्यों ने बुधवार की रात थरोच के जंगल में भड़की आग को बुझाने में अपनी विशेष भूमिका निभाई है। क्षेत्र में इस कार्य के लिए क्लब के सदस्यों की भरपूर सराहना की जा रही है। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने बताया कि उन्हें एवं क्लब के अन्य सदस्यों को अपने घर से थरोच बीट के अंतर्गत आने वाले नेड़नाधार जंगल में आग की लपटे उठती नजर आई। बिना कोई समय गंवाए जंगल में आग लगने की सूचना क्लब के सभी सदस्यों के साथ साथ बीट गार्ड नीरज शर्मा को दी गई। सूचना मिलते ही क्लब के करीब अढ़ाई दर्जन सदस्य दरभाड़ में एकत्रित हो गए एवं इसके बाद प्रदीप चौहान,मनोज कुमार,संतोष कुमार,प्रताप,सुरेश व सुनील के नेतृत्व में सभी सदस्य सात किलोमीटर का पैदल सफर तय करने के बाद घटनास्थल पर पंहुच कर आग बुझाने में जुट गए। क्लब के सदस्यों द्वारा किये गए इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में खूब वाहवाही की जा रही है।

### जांगला महाविद्यालय में हुआ गीता जयंती पर कार्यक्रम



**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल आदर्श संस्कृत महाविद्यालय जांगला में शुक्रवार को गीता जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें योगेश्वर शेर सिंह बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम देव दिलवान एवं मुख्य वक्ता एसोसिएट प्रोफेसर साहित्य डॉक्टर हरिदत्त ग्वाड़ी रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य आचार्या अनिता भार्गव ने अतिथियों को सम्मानित किया और वैदिक एवं लौकिक मंगलाचरण के बाद छात्रों की प्रतियोगिता वर्ग में श्रीमद् भागवत गीता पर भाषण व गीता पाठ, श्लोकोचारण, गीतिका एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रथम देव दिलवान ने भी गीता पर चर्चा की और इसी क्षेत्र के विद्वान और महाविद्यालय के संस्थापक परमानंद शास्त्री द्वारा रचित पहाड़ी नाट्य गीता के कुछ पद्य गाकर सुनाएं।

### कौशल विकास पर करवाई कार्यशाला



**दशमी रावत, रोहड़ू।** महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ सीमा महाविद्यालय द्वारा 7 दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन 10 से 17 दिसंबर तक महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जा रहा है। यह कार्यशाला महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक, डॉ. रवि किरण शर्मा व सीमा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने और कौशल विकास के माध्यम से सामूहिक और व्यक्तिगत उन्नति के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह कार्यशाला महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की गतिविधियों की रूपरेखा के तहत आयोजित की गई है और यह प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य है।

### छात्रों का एनएसएस मेगा कैंप के लिए हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लालपानी (शिमला) में एनएसएस का जिला स्तरीय वालंटियर्स चयन शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में एनएसएस के पूर्व राज्य समन्वयक दिलीप ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। शिविर में वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लालपानी के प्रधानाचार्य पवन कुमार सोनी, प्रधानाचार्य पवन कृष्ण मार्कण्डेय, दिला राम चौहान, जिला समन्वयक पूनम शौनक,राय रावत,भूषण कैंथला सहित सभी स्कूलों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारीयों की भी विशेष उपस्थिति रही । इस शिविर में आए सभी स्कूलों से 41 छात्र स्वयंसेवियों तथा 41 ही छात्रा स्वयंसीवियों का मेगा केम्प के लिए चयन किया गया।

### यूरो किड्स प्री स्कूल में मनाया हेल्थ इज वेल्थ-डे



**मंडी।** यूरो किड्स प्री स्कूल में हेल्थ इज वेल्थ डे मनाया गया। इस दौरान एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसके अतिरिक्त अनिल कुमार, दीक्षित, रूप उपाध्याय व जोगिंद्र सिंह व हेम लता उपाध्याय, निशा दीक्षित, गरिमा भारद्वाज, अपूर्वा के साथ अभिभावक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पर्यटकों की कार ने राहगीर को मारी टक्कर, घायल टांडा रेफर

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज बनीखेत बाजार में उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया, जब दिल्ली से डलहौजी घूमने आ रहे चार दोस्तों ने अपनी कार से एक राहगीर को टक्कर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। स्थानीय दुकानदारों ने तुरंत घायल पृथ्वी चंद राणा निवासी बनीखेत को सिविल हॉस्पिटल डलहौजी पहुंचा जहां डॉक्टरों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया है।

यह सारा मामला आज सुबह करीब 10 बजे का है जब पठानकोट से डलहौजी की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार लाल रंग की हुंडई आई 10 कार ने एक राहगीर को पीछे से टक्कर मारकर बिना ब्रेक लगाए वहां से फिल्मी अंदाज में डलहौजी की ओर भाग खड़े हुए।

इसी दौरान प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस प्रशासन को भी सूचित किया सूचित किया तथा स्थानीय पुलिस ने भी बिना समय गंवाए डलहौजी में नाकाबंदी कर दी। कार सवार युवकों ने चालाकी से गाड़ी वापस मौड कर बनीखेत का रुख किया जहां मुस्तैद पुलिस तथा स्थानीय



टक्कर मारने वाले आरोपियों का वाहन।



घायल को टांडा रेफर करते हुए।

**आरोपियों का हुआ मेडिकल अभी रिपोर्ट आनी अभी**

लोगों ने चारों युवकों जिसमें 24 वर्षीय चालक लक्ष्य उज्जैनवाल पुत्र परवेश कुमार निवासी निवासी मकान नंबर एफ3 पालिका वास मार्केट न्यू दिल्ली, 21 वर्षीय अनीश मैरोलीया बबलू मैरोलीया निवासी 237 वाल्मीकि सदन मंदिर मार्ग न्यू दिल्ली, 20 वर्षीय अंकित जंगालीया पुत्र सावन जंगालीया निवासी मकान नंबर 65 वाल्मीकि सदन न्यू दिल्ली एवं 19 वर्षीय आर्यन लाहोरी पुत्र आकाश लाहोरी वदे मार्ग न्यू दिल्ली को बड़ी मुश्किल से काबू किया।

पुलिस ने तुरंत चारों युवकों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सारे मामले की पुष्टि थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह द्वारा की गई है उन्होंने बताया है कि पुलिस इस मामले से जुड़े हर पहलू की जांच करेगी तो वही चारों आरोपियों का मेडिकल जांच प्रक्रिया को भी अंजाम दिया गया है जिसकी रिपोर्ट अभी आनी है। उन्होंने यह भी बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों के परिजनों भी को सूचित कर दिया गया है। बता दें कि क्षेत्र में अपने आप में यह हिट एंड रन का पहला मामला है जहां सैलानियों द्वारा राहगीर को टक्कर मार कर भागने की नाकाम कोशिश को अंजाम दिया गया।( अनंत ज्ञान)

## आईजीएमसी के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

**शिमला।** आईजीएमसी में सफाई कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दो माह से सैलरी ना मिलने से कर्मचारी भड़क गए है। कर्मचारियों ने सोमवार से हड़ताल पर जाने की तैयारी कर ली है।

आईजीएमसी सफाई कर्मचारी यूनियन की उपाध्यक्ष निशा ने बताया कि उन्हें बीते करीब ढाई माह से सैलरी नही मिली है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी के करीब 140 लोग बीते 2 माह से वंचित है। इसको लेकर शुक्रवार को ढाई बजे उन्हें वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन एम एस उनके सामने उनसे बिना बात किए चले गए है।।निशा ने कहा कि इसमें सफाई कर्मचारी, वार्ड अटेंडेंट और डाटा ऑपरेटर शामिल है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी प्रबंधन यदि जल्द कोई फैसला नही करता तो आगामी रविवार को यूनियन की बैठक बुलाई है, जिसमें निर्णय लिया जाएगा कि सोमवार को सेवाएं देनी है या बंद करनी है। निशा ने कहा कि यह वह कर्मचारी ने जिन्होंने उस कोविड काल के दौर में अपनी सेवाएं दी है जब अपने भी अपनों से दूरी बनाते थे, लेकिन आज उन्हें सैलरी से भी वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैलरी से ही उनके परिवार का गुजर बसर होता है दो माह से सैलरी न मिलने पर जीवनयापन मुश्किल हो गया है।

# चंबा के समूचे विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कुलदीप पठानिया



मंच पर लोगों को संबोधित करते हुए कुलदीप पठानिया व मौजूद अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भटियात ब्लाक कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन चुवाड़ी के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित किया गया, जिसमें चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक व हरियाणा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शांतनु चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। शांतनु चौहान ने भटियात कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार हुआ है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार और मुझे पर्यवेक्षक बना कर भेजा है। यह राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खड़गे की सोच है कि प्रदेश में संगठन को और मजबूत करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर काम करने की सलाह दी। और कहा कि कभी भी अपने नेताओं को धरातल की सही जानकारी दें ।जिससे संगठन में जो कमी है उसे दूर किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश विधानसभाध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अकाक्षीं जिला चंबा के समूचे विकास के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

जिला चंबा में तीन महत्वपूर्ण तीन सुरंगें जिनमें चुवाड़ी चंबा,चंबा पांगी व होली उतराल सुरंग बनाना प्रदेश सरकार का सपना है। भटियात विधानसभा में स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा व पेयजल हर व्यक्ती को मुहैय्या करवाने के लिए एक हजार करोड़ खर्च किया जाएगा।

कुलदीप पठानिया ने कार्यकर्ताओं का धन्यावाद किया कि जो मान सम्मान उन्हें समूचे विश्व में उन्हें मिल रहा है वह कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से उन्हे मिल रहा है।

# प्रियंका गांधी ने अपनी ही सरकार को कटकड़े में किया खड़ा : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि आज लोकसभा के अंदर संविधान के ऊपर चर्चा के दौरान कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी ही सरकार को कटकड़े में खड़ा कर दिया, जब उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले दो सालों से कांग्रेस की सरकार जो भी कानून बना रही है वह बड़े-बड़े लोगों के लिए बना रही है और किसानों और बागवान की, छोटे-छोटे किसानों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा की इस बात से यह स्पष्ट हो जाता है कि आज प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप फेल हो गई है और शायद यही कारण रहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान एक भी बार प्रियंका गांधी वाड्रा हिमाचल प्रदेश नहीं आई।

जबकि चुनाव से पहले प्रियंका गांधी, सुखविंद्र सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री और सभा कांग्रेस के नेताओं ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। इन्होंने युवाओं से कहा था कि पहली ही कैबिनेट में हम युवाओं को एक लाख सरकारी नौकरी देंगे और उन्होंने सोलन के ठोडो मैदान से यह बात बड़े बड़े ऊंचे शब्दों में कही थी, लेकिन दो साल बाद भी नौकरी नहीं मिली ।

## रजवाड़ी स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित



**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजवाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एमसी के प्रधान कुशाल सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य ममता दशरथ ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्यातिथि ने गत वर्ष 2023 24 में प्रथम द्वितीय और तृतीय और विभिन्न क्रियाकलापों में अवल रहे विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुशाल सिंह ठाकुर ने अपने अभिभाषण में बच्चों को लगातार मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह स्कूल पठन-पाठन का ही एक अंग है।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

शिक्षा खंड चुवाड़ी के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रायपुर में सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ गत दिवस धूमधाम से किया गया। इस शिविर के शुभारंभ अवसर पर आयोजित रंगारंग समारोह में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत मुख्य अध्यापक अनिल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्य राजकुमारी ने मुख्यातिथि महोदय का स्वागत किया गया तथा विद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से उन्हें समृद्धि चिन्ह भेंट करके उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य महोदया ने बताया कि इस साल के विशेष एनएसएस शिविर में कल 42 स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय**

भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय की विद्यार्थियों द्वारा एनएसएस गीत गायन, भाषण व रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया तथा उन्होंने विद्यालय में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर एनएसएस इकाई के पुरुष कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी अंजलि चौहान सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# पंडित हिंद समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गांव मंधुवाड़ ग्राम पंचायत जसौर गढ़ से बहुत ही प्रतिष्ठित पारिवारिक पृष्ठभूमि से संबंद्ध रखने वाले पंडित हिंद ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में आकर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइंन किया। पंडित हिन्द जी एक प्रतिष्ठित परिवार के साथ संबंध रखने के साथ-साथ एक पढ़े लिखे युवा है और ये भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर कार्यकर्ताओं में से एक थे ।

उनका कहना है कि चुराह में भारतीय जनता पार्टी अब सिर्फ ठेकेदारों और धन्नासेठों की पार्टी बनकर रह गई है । आज चुराह में भारतीय जनता पार्टी में आम कार्यकर्ता को कोई नहीं पूछता । हम सब चुराह में 2012 से आज तक



पंडित हिंद समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होते हुए।

भारतीय जनता पार्टी के साथ इसलिए जुड़े थे कि चुराह का नेता होने से हंस राज चुराह का विकास करेंगे, लेकिन उन्होंने इसके विपरीत सिर्फ चंद लोगों का विकास करवाया जो उनके आगे पीछे चलते हैं इससे चुराह की जनता भली भांति परिचित है। उनके आज तक के कार्यकाल को देंखे तो उन्होंने अपने चंद दोस्तों के अलावा कोई विकास नहीं करवाया है। आज चुनाव हारने के बावजूद भी यशवंत खन्ना चुराह के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

इस कारण आज मैं अपने समर्थकों के साथ यशवंत खन्ना के नेतृत्व में आस्था रखते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले रहा हूं और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए यशवंत खन्ना जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे ।

# शादी समारोह से खाना खाकर घर लौट रहे व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले के दाड़वीं क्षेत्र में खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति की पहचान राकेश (55) पुत्र अछरो राम निवासी गांव ऊंहा डाकघर दाड़वीं जिला चंबा के रूप में हुई है।

पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वीरवार को राकेश एक शादी समारोह में धाम खाने के बाद घर वापस लौट रहा था। जब वह ककला के पास पहुंचा तो अचानक पैर फिसल गया और अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। उसे खाई में गिरता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

राकेश को बेसुध अवस्था में

**पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जांच की शुरू**

खाई से निकाला तथा इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए मैडीकल कालेज एवं अस्पताल चम्बा पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए। शुक्रवार को मैडीकल कालेज एवं अस्पताल चम्बा में शव का पोस्टमार्टम किया गया। एसपी अभिषेक यादव ने की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले में जांच चल रही है।

## कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर ने नवाजे वॉलंटियर

**सरकाघाट।** सरकाघाट स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। यह शिविर 7 से लेकर 13 दिसंबर तक चला इसमें 50 छात्र-छात्राओं एनएसएस ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव पवन ठाकुर ने एनएसएस वॉलंटियर्स को जीवन भर सामाजिक क्षेत्र में और समाज के लिए कार्य करने के लिए कहा।

आज के बच्चों को मोबाइल से बचना चाहिए, यह मोबाइल बच्चों को मानसिक रूप से विकृत बनाता है। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पठानिया, विजय कुमार और अक्षय कुमारी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह और एनएसएस कैप भेंट कर सम्मानित किया।

### सूडोकु 0015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

कठिनाई: *****

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0014 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# महारैली की सफलता से भाजपा भौचक्की : धनीराम शांडिल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डा. (कर्नल) धनीराम शांडिल और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जारी एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा है कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित महारैली की सफलता से भाजपा भौचक्की है और भाजपा नेता हताशा में बचकाना बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर रैली में उमड़ा 50 हजार से अधिक जन सैलाब इस बात का गवाह बना है कि प्रदेश की प्रबुद्ध जनता का अपार समर्थन और विश्वास मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह की अगुवाई वाली सरकार पर निरंतर बरकरार है।

इस रैली में जितनी भारी संख्या में पूरे प्रदेश के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, उससे यह एक बार फिर साफ हो गया है कि राज्य सरकार की नीतियां व कार्यक्रम जनता की कसौटी पर खरे उतरे हैं तथा जनकल्याण की दिशा में लिए गए ऐतिहासिक फैसलों पर मुहर लगाई है। मंत्रियों ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेता सुर्खियां बटोरने के लिए आए दिन आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि झूठ के पांव नहीं होते।

झूठ फैलाकर न तो वे जनता को भ्रमित कर पाएंगे और न ही लोकप्रियता हासिल कर सकते हैं। डा. शांडिल और रोहित ठाकुर ने कहा कि वास्तविकता यह है कि प्रदेश भाजपा में अंदरूनी तौर पर जबरदस्त कलह चल रही है और हर नेता अपने आपको पार्टी को सबसे बड़ा हितैषी साबित करने के लिए मीडिया में बचकाना बयानबाजी पर उतारू है।

## रोटरी क्लब शिमला ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में रोटरी क्लब ने अपना 66वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर क्लब की सामुदायिक सेवा और मानवीय कार्यों में छह दशकों की उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाया गया। मुख्य अतिथि महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा रोटरी क्लब ने सद्भावना को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्लब की महत्वपूर्ण पहलों को प्रदर्शित किया गया, जिनमें शामिल हैं स्कूलों में छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से वंचित छात्रों के लिए सहायता, स्वास्थ्य शिविर और टीकाकरण अभियान शामिल हैं। इस कार्यक्रम में दो वरिष्ठ भूतपूर्व अध्यक्ष रोटेरियन प्रमोद सूद और रोटेरियन डॉ. एसएस मिन्हास तथा उत्कृष्ट रोटेरियन रोटेरियन अमित पाल सूद और रोटेरियन माणिक वर्मा को सम्मानित किया गया

**व अदालत श्री प्रिंस धीमान कार्यकारी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार जोगिन्दर नगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश।**

मि.नं. 29 तारीख मरजुआ 09.12.2024 तारीख पेशी 03.01.2025

श्रीमति कमला देवी पुत्री श्री लच्छमण सिंह निवासी जलपेहड तहसील जोगिन्दर नगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश ...प्रार्थी

**बनाम** **आम जनता** ....प्रत्यार्थी

**अखबारी ईश्तहार**

आवेदन पत्र जेर धारा 13(3) जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969

श्रीमति कमला देवी पुत्री श्री लच्छमण सिंह निवासी जलपेहड़ तहसील जोगिन्दर नगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश ने इस कार्यालय/न्यायालय में आवेदन पत्र गुजार कर अनुरोध किया है कि प्रार्थी की जन्म तिथि दिनांक 21.12.1954 को हुई है। परंतु प्रार्थी की जन्म तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत मसौली के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हुआ है। अतः प्रार्थी ने उसकी जन्म तिथि का पंजीकरण ग्राम पंचायत मसौली के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने की प्रार्थना की है। अतः सर्वसाधारण को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस बारे में किसी व्यक्ति को उजर/एतराज हो तो दिनांक 03.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/ न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त तिथि को किसी भी व्यक्ति का कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त नहीं होता तो इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 09.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी हुआ।

**कार्यकारी दंडाधिकारी, तहसील जोगिन्दर नगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**

## अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

14 दिसंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** चतुर्दशी (05:00); **नक्षत्र** रोहिणी (03:55), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** सिद्ध (08:26) **शुभ मुहूर्त :** अभिजित (11:54-12:36), **राहुकाल** (9:40 -10:58)।

**विशेष दिन**

» 14 दिसंबर 2024 : दत्तात्रेय जयंती आज।

» 14 दिसंबर : मुनि संभवनाथ जयंती आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** व्यापारियों के लिए समय ठीक नहीं है, किसी को उधार पैसा देने से बचें। कोई पुराना उधार आपको टेंशन दे सकता है।नौकरीपेशा लोग संभलकर रहें।

**वृषभ:** सोचे हुए कुछ काम पूरे हो जाएंगे। अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। आपके सोचने के तरीके में सकारात्मक बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** बिजनेस में अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। पार्टनर से आपको सहयोग मिल सकता है। पार्टनर का सुझाव पाएंगे। रोजमर्रा के कामों को परेशानियां आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

**कर्क:** कार्यस्थल पर मूड खराब होगा। लव लाइफ की अनबन में कोई फैसला नहीं कर सकते हैं। बनी रह सकती है।

**सिंह:** आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा हुआ रहेगा। आज आप लोगों को भी प्रभावित करेंगे। आपके सोचने का तरीका लोगों को पसंद आएगा। लोगों से फायदा होगा।

**कन्या :** परिवार की मदद मिल सकती है।आपकी मानसिक संतुलित रहेगी और इससे आपके पारिवारिक जीवन में भी खुशी मिल सकती है।

**तुला:** आपको मेहनत से सफलता मिलेगी । आपकी इच्छाएं पूरी भी हो जाएंगी । प्रमोशन मिलने के पूरे चांस भी बन रहे हैं। किसी भी तरह का मौका न जाने दें।

**वृश्चिक:** पैसों के मामलों में नुकसान हो सकता है। कानूनी मामलों में आप उलझ सकते हैं। समय का ध्यान रखें। खास कामों में मेहनत करनी पड़ सकती है।

**धनु:** शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। बॉस के साथ अपने संबंधों को लेकर थोड़े सावधान रहें। अपनी बात रखने का अवसर थोड़े समय बाद मिलेगा।

**मकर :** नुकसान हो सकता है। दिखावे और आडंबर से दूर रहें। परिवार में आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ बहस हो सकती है। एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ :** करियर संबंधी कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। दुश्मनों पर आप हावी रहेंगे। पुराने विवाद भी सुलझाने की कोशिश करेंगे।

**मीन :** करियर से जुड़े संवेदनशील फैसले लेने में आज आप सावधानी रखें। सोच-समझकर निवेश करें। आज आप कोई खास काम भूल सकते हैं।

# देवता साहब बौंद्रा ने लोगों को खुशहाली का दिया आशीर्वाद

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू के प्रसिद देवता बौंद्रा साहब के मंदिर बंच्छूछ में शुक्रवार को धूम धाम से एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पुराने मंदिर के साथ अतिरिक्त मंदिर अभी हाल ही में बन कर तैयार हुआ है। जिसके शुभारंभ के अवसर पर यह प्राण प्रतिष्ठा आयोजित की गई।

मंदिर में विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना की गई, जिसके सफलता पूर्वक संपन्न होने के बाद लोगों ने भंडारा खाया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देवता साहब बौंद्रा ने मंदिर प्रांगण में आकर लोगों को खुशहाली का आशीर्वाद भी दिया। वहीं इस मौके पर लोगों ने देवता बौंद्रा के जयकारे भी लगाए और खुशहाली की प्रार्थना भी की।( अनंत ज्ञान)



### अब होगा ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोदार

**बंच्छूछ** में अब बौंद्रा साहिब तैयार हुए नए मंदिर में विराजमान रहेंगे, जिसके बाद अब मंदिर कमेटी की ओर से पुराने मंदिर का भी जीर्णोदार होगा। देवता बौंद्रा के पुराने मंदिर का भी एक इतिहास है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण बुशैहर रियासत के राजा केहरी सिहं ने अपनी मन्नत को पूरा करने के बाद किया था। आज भी सराहन से मंदिर की दिवार की चिणाई में सराहन का पत्थर लगा हुआ है। जो दूर से ही पहचाना भी जाता है। पुराने मंदिर का निर्माण इतिहास के कई राज को समेटे हुए है। जिस बारे में लोगों में कई किवंदतिया भी प्रसिद है।

### विधायक मोहन लाल ब्राक्टा भी पहुंचे मंदिर

**इस** उपलक्ष्य पर रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा भी मंदिर पहुंचे, जिन्होंने देवता साहिब का आशिर्वाद लेकर लोगों को आश्वासन दिया कि वे मंदिर के लिए हमेशा ही खड़े रहे है और आने वाले समय भी सहयोग करेंगे।

### स्पैल भुंडे का मिला न्योता

2 जनवरी से स्पैल में चार दिवसीय भुंडा महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर स्पैल से भी वकरालू देवता साहिब मंदिर कमेटी दलगांव का प्रतिनिधिमंडल यहां पर पहुंचा। जिसका स्वागत मंदिर कमेटी बौंद्रा कमेटी ने ढोल नगाड़े और फूल मालाए पहनाकर किया।

‘जितना अधिक आप प्रेम से प्रेरित होंगे, आपका कार्य उतना ही अधिक निडर और स्वतंत्र होगा। -दलाई लामा

## संपादकीय

# संविधान पर रार

केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने संसद में पहली बार अपना भाषण दिया, जिसमें उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान भाजपा को बुरी तरह से फंसाया। उन्होंने कहा कि भेष तो सभी बदलते हैं, लेकिन यह देश कायरों के हाथों में ज्यादा देर तक कभी नहीं रहा। यह संघ का विधान नहीं है। प्रियंका गांधी वायनाड में हुए उपचुनाव में जीतकर सांसद बनीं हैं। लोकसभा में प्रियंका गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत भारत की आजादी की लड़ाई और इसमें अलग-अलग लोगों के योगदान की विस्तार से चर्चा की। दरअसल, भारत का संविधान एक लिखित दस्तावेज है जो देश के शासन, कानून और नागरिकों के अधिकारों को परिभाषित करता है। यह संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था, जिसकी पहली बैठक दिसंबर 1946 को हुई थी। इस सभा में 299 सदस्य थे और इसके अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। संसद में संविधान पर चर्चा के कई महत्वपूर्ण मायने हैं। संसद में संविधान पर चर्चा करने से संविधान की व्याख्या होती है और इसके प्रावधानों को समझने में मदद मिलती है।

संसद में संविधान पर चर्चा करने से संविधान संशोधन के लिए आवश्यक परिवर्तनों को समझने में मदद मिलती है। नीतियों और कानूनों का निर्माण में मदद मिलती है जो संविधान के प्रावधानों के अनुसार हों। संसद में संविधान पर चर्चा करने से जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने में मदद मिलती है और उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलती है। इन मायनों से संसद में संविधान पर चर्चा करना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो संविधान के प्रावधानों को समझने और लागू करने में मदद करती है। संसद के शीतकालीन सत्र में इस बार सियासी काफी चढ़ा हुआ है। लोकसभा में संविधान की 75 साल की यात्रा पर पहले दिन हुई बहस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी काफी जोरदार ढंग से अपने तथ्य रखे। उन्होंने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की संविधान को लेकर कार्यशैली पर कई सवाल खड़े गए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि कांग्रेस ने अपनी सुविधा के लिए संविधान की गरिमा तार-तार की और यह सब उसने अपने विरोधियों को चुप करवाने के लिए किया। वहीं, प्रियंका गांधी ने भी संविधान को बचाए रखने में कांग्रेस के रोल पर विस्तार से बताया। संविधान पर चर्चा में और भी कई सांसद हिस्सा ले रहे हैं। सबके अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन सवाल यह है कि इन सबके तर्कों से क्या वाकई संविधान बदल जाएगा। क्या उसमें कोई नए संशोधन होंगे। पहले के संविधान और अब के संविधान में क्या फर्क रहेगा, जनता इन सब सवालों के जवाब चाहती है।

बहरहाल पहले दिन संविधान पर जो चर्चा हुई उसमें सियासत काफी उफान पर दिखी। लोकसभा में संविधान की अब तक की यात्रा पर 12 घंटे की चर्चा होगी, जिसके बाद दूसरे दिन यानी शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका जवाब देंगे। लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा को मुद्दा बनाने में कामयाब रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विपक्ष की ओर से बहस के दौरान अपने विमर्श को नया मोड़ देने की तैयारी में है और वह इस बार कोई मौका नहीं चूकेंगे। दूसरी ओर भाजपा ने एनडीए के अपने सहयोगी दलों के नेताओं के जरिए भी संविधान पर विशेष चर्चा की अलग से रणनीति बना रखी है। यानी एक शेर है तो दूसरा सवा शेर। एनडीए कांग्रेस को निशाने पर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जवाब में कांग्रेस ने भी अपनी पूरी तैयारी की हुई है। मामला काफी रोचक हो गया है। अब देखना है कि शनिवार को लोकसभा में क्या कुछ होता है। संसद में अडानी तो कभी अमेरिका मूल के उद्योगपति सोरोस मुद्दे पर काफी गतिरोध रहा और अब संविधान पर बहस कराए जाने को लेकर काफी गरमागरमी हो रही है। विशेष चर्चा का उद्देश्य संविधान अंगीकार होने की 75 साल की ऐतिहासिक यात्रा का सिंहावलोकन है। दस शीतकालीन सत्र में दोनों पक्षों के बीच जिस तरह से सियासी तलवारें खींची हुई हैं उसे देखते हुए लगता है कि इसके बाद संविधान पर बहस के मायने काफी हद तक बदल जाएंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


# हिंदी फिल्म अभिनेता और निर्देशक

**रणबीर** राज कपूर हिंदी फिल्म अभिनेता, निर्माता व निर्देशक थे। राज कपूर भारत, मध्य-पूर्व, तत्कालीन सोवियत संघ और चीन में भी अत्यधिक लोकप्रिय हैं। राज कपूर को अभिनय विरासत में ही मिला था। इनके पिता पृथ्वीराज अपने समय के मशहूर रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता हुए हैं। राज कपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर ने अपने पृथ्वी थियेटर के जरिए पूरे देश का दौरा किया। राज कपूर भी उनके साथ जाते थे और रंगमंच पर काम भी करते थे। पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर दोनों को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। राज कपूर हिंदी सिनेमा जगत का वह नाम है, जो पिछले आठ दशकों से फिल्मी आकाश पर जगमगा रहा है और आने वाले कई दशकों तक भुलाया नहीं जा सकेगा। राज कपूर की फिल्मों की पहचान उनकी आंखों का भोलापन ही रहा है। पृथ्वीराज कपूर के सबसे बड़े बेटे राज कपूर का जन्म पेशावर में हुआ था। उनका बचपन का नाम रणबीर राज कपूर था। राज कपूर की स्कूली शिक्षा कोलकाता में हुई, लेकिन पढ़ाई में उनका मन कभी नहीं लगा। यही कारण था कि राज कपूर ने 10वीं कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। इस मनमौजी ने अपने विद्यार्थी जीवन में किताबें बेचकर खूब केले, पकौड़े और चाट खाई। सन 1929 में जब पृथ्वीराज कपूर मुंबई आए, तो उनके साथ मासूम राज कपूर भी आ गए। पृथ्वीराज कपूर सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। राज कपूर को उनके पिता ने साफ कह दिया था कि राजू, नीचे से शुरुआत करोगे तो ऊपर तक जाओगे। बतौर निर्माता-निर्देशक राज कपूर अंत तक दर्शकों की पसंद को समझने में कामयाब रहे। 1985 में प्रदर्शित राम तेरी गंगा मैली की कामयाबी से इसे समझा जा सकता है जबकि उस दौर में वीडियो के आगमन ने हिंदी सिनेमा को काफी नुकसान पहुंचाया था और बड़ी-बड़ी फिल्मों को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल रही थी।



रणबीर राज कपूर
जन्म : 14 दिसंबर, 1924
मृत्यु : 2 जून, 1988

## कविता — मेरा मुर्शिद



डॉ. राजीव डोगरा

*मेरी महफिल में अगर तुम आओ तो*
*सारे शहर के गम ले आओ*
*उन गमों को*
*मेरे मुर्शद की एक मुस्कुराहट से*
*घायल कर जाओ।*
*मेरी महफिल में अगर तुम आओ तो*
*सारे शहर के दर्द भरे अश्क ले आओ*
*उन अश्कों को*
*मेरे मुर्शद की एक निगाह से कायल कर जाओ।*
*मेरी महफिल में अगर तुम आओ तो*
*सारे शहर के जखम ले आओ उन जख्मों को*
*मेरे मुर्शद के एक नाम से भरकर चले जाओ।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# विश्व शतरंज में भारत का डंका, गुकेश ने रचा इतिहास



देश दुनिया के बेहतरीन उत्साहवर्धक पलों में से एक पल यह है कि भारत के 18 वर्षीय युवा दोम्माराजू गुकेश(2783 रेटिंग) विश्व शतरंज के इतिहास में सबसे युवा विश्व चैंपियन बने। इससे पहले यह कारनामा रूस के 22 वर्षीय गैरीकास्पारोव ने किया था। यह विश्व शतरंज प्रतियोगिता 25 लाख डॉलर की इनामी राशि के साथ 25 नवंबर 2024 को सिंगापुर में शुरू हुई , जिसमें 14 दौर की क्लासिकल बाजियां-युवा चैलेंजर डी गुकेश व 32 वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन डिंग लिरेन (2728 रेटिंग) के बीच खेली जानी थी। यह महामुकाबला बहुत हीरोमांचक रहा ।

कई क्षण शतरंज प्रेमियों के दिल की धड़कन को बढ़ाने वाले भी थे। पहला मुकाबला डिंग के नाम रहा, दूसरा ड्रॉ, तीसरा मुकाबला डी गुकेश ने अपने नाम किया। चौथे से दसवें राउंड तक सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। ग्यारहवें मुकाबले की ग्यारहवीं चाल में गुकेश ने 1 घंटे से ज्यादा समय ले कर एक नया इतिहास लिखा-वह भी यादगार जीत के साथ। बारहवां मुकाबला डिंग ने जीतकर पुन: चैंपियनशिप में अपनी वापसी की। तेहरवां मुकाबला ड्रा रहा, हालांकि गुकेश बढ़त में लग रहे थे, मगर इसे जीत में नहीं बदल पाए और अंतिम मुकाबले में जहां दुनिया के कई दिग्गज इस मुकाबले को डिंग के पक्ष में बता रहे थे-वहीं भारतीय युवा सनसनी डी गुकेश के इरादे शुरू से ही बुलंद थे। उन्होंने पहली बार काले मोहरों से 14 वीं बाजी में डिंग को मात देकर 7.5-6.5 अंकों से विश्व शतरंज में सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने का इतिहास भारत के नाम लिख दिया। सचमुच अद्भुत एवं अविश्वसनीय लग रहा है, दुनिया के प्रेमियों व दिग्गज खिलाड़ियों को, परंतु मेरे जैसे कई लोगों को पता नहीं क्यों-इस भारतीय युवा शतरंज सनसनी पर पहले से ही पूर्ण विश्वास था।



लेखक हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर:

जो इस पूरे मैच के दौरान गुकेश के खेल से झलक रहा था और गुकेश ने पूरे विश्व समुदाय को साबित कर दिखाया। विश्व के सबसे युवा नए विश्व चैंपियन डी गुकेश को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। उनकी मेहनत, लगन और उनके माता-पिता के संघर्ष ने एक सुनहरा इतिहास लिखा है। पहले प्रयास में 18 साल 8 महीने 14 दिन की उम्र में बने विश्व के 18 वें चैंपियन डी गुकेश ने सबसे युवा विश्व चैंपियन बनने का नया विश्व रिकार्ड भी बनाया। इससे पहले कैंडिडेट्स जीतकर एकविश्व रिकार्ड टोरंटो में बना चुके थे। शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिला चुके हैं और पहले बोर्ड पर भी स्वर्ण पदक जीता था। 15 जनवरी 2019 को 12 साल 7 महीने 17 दिन की आयु में विश्व के सबसे कम उम्र की दूसरी ग्रैंडमास्टर बने थे। वर्ष 2013 के-11 साल बाद विश्व चैंपियन का खिताब डी गुकेश ने पुन: भारत को दिलाया। सभी जानते हैं कि वर्ष 2013 में पांच बार के विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद-मैग्नस कार्लसन को विश्व चैंपियन का खिताब गंवा बैठे थे। 138 सालों बाद पहली बार एशिया के दो खिलाड़ी विश्व शतरंज चैंपियनशिप में आमने सामने आए।

विश्व शतरंज मैच का बाजी वार विवरण-पहली बाजी-विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 के पहले मैच में भारतीय युवा चैलेंजर डी गुकेश, अपनी प्रबल मनोदशा से बिना किसी दबाव के 25 नवंबर को विश्व शतरंज प्रतियोगिता में उतरे। हालांकि पूरे विश्व से अधिकतम शतरंज प्रेमी गुकेश पर ही विश्वास कर रहे थे कि यही भारतीय युवा वर्ष 2024 का विश्व शतरंज चैंपियन बनेगा। मगर पहली बार इस युवा ने विश्व की सबसे बड़ी स्पर्धा में लोगों की अपेक्षाओं का भार भी मन में शायद ही ले लिया होगा। स्वाभाविक भी था-मगर पूर्व चैंपियन डिंग लिरेन ने अपने अनुभव का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 42 वीं चाल में डी गुकेश को हरा दिया। इस बाजी में गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे। दूसरी बाजी-अपनी शतरंज मनोदशा के पक्के सारथी डी गुकेश ने दूसरी बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए मात्र 14 चलो में डिंग लिरेन को ड्रॉ खेलने पर मजबूर कर दिया और यह भी साबित किया कि वो काले मोहरों से भी उतने ही बेहतर है। अब स्कोर 1.5-0.5 से डिंग के पक्ष में था। हालांकि काले मोहरों से ड्रॉ खेलना बेहतर ही समझा जाता है।

तीसरी बाजी -तीसरे दौर की बाजी में अपर हैंड होते हुए सफेद मोहरों से गुकेश ने डिंग पर शानदार जीत प्राप्त की और स्कोर 1.5-1.5 की बराबरी पर पहुंचा दिया। भारतीय युवा ने 37 चालों में डिंग लिरेन को पराजय का मुंह दिखा दिया और विश्व समुदाय को भारतीय प्रतिभा पर विश्वास करने के लिए विवश कर दिया। अंतिम दौर तक यह विश्वास अपने मनोबल से बनाए रखा और डिंग पर भी अपनी मानसिक बढ़त-तीसरे दौर में ही बना ली थी। चौथी बाजी-चौथे दौर की बाजी में काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने डिंग को बराबरी पर रोक दिया। हालांकि डिंग बराबरी के लिए ही खेलते हुए नजर आ रहे थे। 42 चालों के बाद यह बाजी भी ड्रॉ रही। मगर फिर भी गुकेश इस मुकाबले में परिणाम ढूंढते हुए नजर आए। शायद यह गुकेश की ड्रॉ के बावजूद भी मानसिक बढ़त थी, जो अंत में रंग लाई। इस दौरे के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर दो- दो से बराबरी परथा। पांचवीं बाजी-पांचवीं बाजी में सफेद मोहरों से खेलते हुए डिंग से लगातार दूसरा ड्रॉ खेला। इसके बाद तो दसवें गेम तक यह सिलसिला टूटा ही नहीं। हालांकि शुरुआती हार के बाद गुकेश ने मैच को बराबरी पर हमेशा बनाए रखा। यह भविष्य विजेता के लक्षण मात्र दिख रहे थे।

यह मैच 40 चालों के बाद बराबरी पर छूट गया। मैच का स्कोर 2.5-2.5 पर बराबर रहा। हालांकि डिंग एक शानदार व परिपक्व खिलाड़ी है, उनसे खेल के मध्य में गलतियां हुईं मगर गुकेश इन्हें भूना नहीं पाया। छठी बाजी -काले मोहरों से खेलते हुए गुकेश ने डिंग के साथ यह मुकाबला भी ड्रा खेला जो 46 चलो तकचला। हालांकि गुकेश काफी समय तक मजबूत स्थिति में थे और लग रहा था कि वह जीत के लिए खेल रहे हैं। 21 वीं चाल में डिंग ने 43 मिनट लगा दिए। इस खेल में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले मगर नतीजा ड्रॉ रहा और मैच का स्कोर तीन तीन पर बना रहा। सातवीं बाजी- सातवीं बाजी में एक बार सफेद मोहरों से डिंग पर बढ़त बनाने के बावजूद 25 चालों बाद यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। हालांकि इसमें 5 घंटे 22 मिनट से ज्यादा समय लगा और 72 चालों के बाद यह मैराथन अनिर्णीत समाप्त हुई। हालांकि मैच स्कोर 3.5-3.5 पर बराबर बना रहा। आठवीं बाजी-दोनों खिलाड़ियों के बीच चल रहा ड्रॉ का दौर इस राउंड में भी बना रहा और दोनों खिलाड़ी आठ दौर की बाजियां के बाद चार-चार के मैच स्कोर के साथ बराबरी पर बने रहे। सपना भी था। 4 घंटे की मशक्कत में 58 चालो के बाद गुकेश ने यह स्वर्णिम इतिहास लिखा। भारत सहित पूरे विश्व में जश्न का माहौल बन गया। गुकेश ने बताया कि खुली आंखों से देखे गए सपने साकार करने का कितना आनंद आता है। विश्व के सबसे युवा चैंपियन-भारतीय शतरंज की शान डी गुकेश को पुन: बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भारतीय स्त्रियों की कहानी-रेप, उत्पीड़न और हिंसा

भारत विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं का देश है। भारतीय लोग अपनी संस्कृति और सभ्यता पर गर्व करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि जोर-जोर से चिल्ला कर कहते हैं कि हमारे संस्कृति और सभ्यता दुनिया के अन्य देशों से बेहतर और पुरानी है। मगर भारतीय लोग तब चुप हो जाते हैं, जब इनसे पूछा जाता है कि इतनी अच्छी और पुरानी संस्कृति के बावजूद आपके देश में स्त्रियां सुरक्षित नहीं है। आखिर यह कैसी संस्कृति है ? क्यों इतने अत्याचार स्त्रियों पर हो रहे हैं।



लेखिका : रेखा चंदेल
बिलासपुर

एक तरफ तो स्त्रियों को देवी की मान्यता दी जा रही है और दूसरी तरफ दिन-प्रतिदिन महिला उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती है। ऐसे में सवाल उठते हैं कि इन सबके लिए जिम्मेदार कौन? भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार भारत में प्रतिदिन 87 रेप होते हैं। अगर सीधे शब्दों में कहूं तो प्रति घंटे तीन महिलाएं रेप का शिकार होती हैं। इतना ही नहीं, बल्कि 100 में से मात्र 27 मामलों में ही आरोपियों को सजा हो पाती है। भारत सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि हर साल चार लाख से अधिक महिलाएं रेप, उत्पीड़न, हिंसा और छेड़छाड़ जैसे अपराधों का शिकार होती हैं। यह सिर्फ पुलिस थानों में दर्ज किए गए आंकड़े हैं।

जबकि कई ऐसे मामले हैं जिन मामलों में एफआईआर तक दर्ज नहीं हो पाती है। आखिर क्या कारण है कि दिन पे दिन अपराधियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं? दिल्ली का निर्भया कांड, हैदराबाद का डॉक्टर कांड और हाल ही का कोलकाता डॉक्टर कांड यह बताता है कि अपने पैरों पर खड़ी महिलाएं भी हमारे देश में सुरक्षित नहीं है।



जब पढ़ी-लिखी औरतों ही महफूज नहीं है, तो आम औरत का क्या होगा? हमारा देश महिलाओं को देवी मानकर पूजने वाला देश है। नवरात्र में छोटी-छोटी कन्याओं की पूजा करता है, मगर फिर भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। देश में जब महिलाएं ही सुरक्षित नहीं तो फिर कन्या पूजा क्यों और ऐसी पूजा से क्या हासिल हो जाएगा? क्या नवरात्र में कन्याओं को पूजने से उनका मान-सम्मान हो जाएगा? शायद नहीं! कन्या पूजा हर दिन होना चाहिए। हर दिन महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए, तभी सही तरीके से हम बेहतर समाज बना पाएंगे। देश में महिलाओं के प्रति अपराध के ये आंकड़े बताते हैं कि हम अपनी संस्कृति के नाम पर ढोंग करते हैं।

आज भी हमारे समाज में महिलाओं को कई जगह घूंघट हटाने तक की आजादी नहीं है। यह उन समाजों का हाल है जो भारत की समृद्ध और शिक्षित समाज माने जाते हैं। संस्कृति और सभ्यता के नाम पर कब तक भारतीय स्त्रियों के साथ पशुओं जैसा व्यवहार होता रहेगा? क्यों हमारे समाज में बात-बात पर मां और बहन की ही गालियां दी जाती रहेगी? देश में महिलाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक है।

अगर मैं भारतीय समाज के सबसे पिछड़ी तबले की बात करूं यानी दलित और आदिवासी समाज की महिलाओं की तो आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भारत सरकार के जो आंकड़े आपने ऊपर देखे उन आंकड़ों में 85-90 मामले दलित और आदिवासी समाज की महिलाओं के साथ होते हैं। कागजों में लिखने से स्त्रियां मजबूत, निडर और आजाद नहीं होती है। उसके लिए स्त्रियों को सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक बराबरी देने की जरूरत है। ‘हे पुरुष मुझे इज्जत देकर तो देख, फिर देख मैं तेरे समाज को, तेरे देश को अपने घर को, कहां से लेकर कहां तक जाती हूं।’

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बांग्लादेश** अपना पुराना इतिहास भूल चुका है कि भारतीय सरकार, जनता और सशस्त्र सेनाओं ने कभी उनके देश के सताए हुए, देशवासियों (शरणार्थियों) को शरण एवं सहयोग ही नहीं, बल्कि आजादी भी दिलवाई थी। भारतीय सेना के साथ बीएसएफ के सैनिकों ने भी इसमें मुख्य रूप से अपनी अहम भूमिका निभाई थी। हमारे पड़ोसी देश पकिस्तान द्वारा रचे कट्टरपंथी षड्यंत्र ने शेख हसीना को भारत में शरण लेने के लिए मजबूर कर दिया। बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टरपंथी ताकतों ने बांग्लादेश सरकार का तख्ता पलट कर अपने हाथों में ले लिया है। सत्ता संभालते ही कट्टरपंथी सरकार ने हिंदू अल्पसंख्यकों पर अनेक अमानवीय अत्याचारों की शुरुआत कर दी। उनकी मारपीट, प्रताड़ित करना, महिलाओं का अपहरण, दुष्कर्म, घरों-व्यापारिक प्रतिष्ठानों, मंदिरों की लूटपाट वहां आम हो गई है। **रमेश चंद, मंदल**

# सोशल मीडिया के भ्रम में दिगभ्रमित होते युवा और युवतियां

सामाजिक सरोकार से दूर होते युवा अपने वर्तमान जीवन के स्वर्णिम पलों को बिना महसूस किए सोशल मीडिया के झूठे भ्रम जाल में फंस कर अपनी झूठी सामाजिक वाहवाही लूटकर महानता के आभासी शिखर को छू लेने के लिए लालायित व आकृष्ट हो रहे हैं। जो पल वास्तविक जीवन शैली को जी कर इस नूतन, जवान होती युवा अवस्था में निहित है, वह इस दिखावटी मायाजाल में नहीं हो सकते। जो युवा अपने माता-पिता, बुजुर्गों के संसर्ग में कल्पवृक्ष बनने की ओर प्रवृत्त होकर, संस्कारित मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर एवं खेल के मैदान में शारीरिक सौष्ठव व बलशाली शरीर की रूपरेखा बनाता। वह युवा आज एक बंद कमरे के भीतर हाथ में मोबाइल फोन लेकर एक कोने में सिमट कर रह गया है।



लेखक : ठाकुर तारा
सुंदर नगर जिला मंडी

आज वह इस मूल्यवान समय को इस यंत्र के भीतर मंत्रमुग्ध होकर। यही युवा वर्ग एक स्थान पर घंटों तक गेम खेलने में, दोस्तों के साथ रियल्स शेयर करने, अनचाहे चैटिंग कर, व्यर्थ में समय गंवाकर, वह आज माता-पिता परिवारजन, भाई-बहन, दादा-दादी के स्नेहिल एवं सच्चे सानिध्य से दूरी बनाकर, अपने वर्तमान को नष्ट कर, आने वाले भविष्य में बीमारी, रोगयुक्त, मानसिक व्यग्रता, संस्कार विहीन जीवन, शारीरिक विकृति जैसे बीज स्वयं वो रहा है। जिसे कालचक्र द्वारा अवश्य ही इसके भयंकर सामाजिक टूटन जैसे परिणामों के रूप में अवश्य ही दोहराया जाएगा। इन सब के प्रयोगात्मक आदतों में शुमार होने के शीघ्र घटित होने वाले कुछेक परिणामों के रूप में सबसे ज्यादा मार आए दिन नाबालिग युवतियों को इनके कुचक्र में फंसते हुए देख सकते है।

किस तरह से यह अबोध इन सोशल मीडिया साइटों के भीतर अनजान से दोस्ती कर, अपने ही माता- पिता को भनक तक नहीं लगने व सगे संबंधियों से छुपाकर उनसे दूरी बनाकर अनैतिक प्रेम जाल को निभाने के लिए बगावत प्रवृत्ति पर उतारू होकर एवं घर से बिना बताए इन व्यभिचारी प्रेमियों के चंगुल में फंसकर गायब होने तक के सफर को देखते है। कई बार यह भोली-भाली नाबालिग हिमाचल से बाहर, महाराष्ट्र के कमाठीपुरा, दिल्ली के जीबी रोड, एशिया के सबसे बड़े बंगाल में स्थित सोनागाछी जैसे रेड लाइट एरिया में विधर्मी दलालों द्वारा बेची जाती है।



इनके नाबालिग अविकसित शरीर को ग्राहकों को जवान दिखाने के लिए स्ट्रेराइड के इंजेक्शन देकर इनके संचालक इन्हें इस नरकीय दलदल में हमेशा के लिए झोंक देते है और उस चंगुल से निकलना, इनके परिजनों के लिए खोजना अमिट हो जाता है। अगर इस दलदल से कोई बच भी निकले, तो उसके बाद के हश्र से वाकिफ सब है, इस घिनौने झूठे मोहयुक्त सफर से अनजान द्वारा दुष्कर्म बनाने, गर्भ धारण करने व बालमन की मानसिक क्षति से होने वाली क्षुब्धता से दुखी होकर लोक लाज, सामाजिक कुठाराघात के भय से अपनी इहलीला को छोटी सी उम्र में समाप्ति तक के परिणाम के रूप में समाज में परिलक्षित व घटित होते है।

देवभूमि कहे जाने वाले छोटे से प्रदेश में ऐसी अन्य अनेक घटनाएं हम घटित होते हुए आए दिन देख सकते हैं। अभी फिलहाल बिलासपुर मंडी सीमा पर स्थित खड्ड की चट्टान के ऊपर चढ़कर रियल्स बनाने की मनोवृत्ति ने घर के इकलौते चिराग का जीवन पत्थर से पांव फिसलकर गिरने के कारण समाप्त हो गया। जिस कारण सामाजिक ताने बाने के पहिए के घूर्णन में कहीं न कहीं व्यग्रता आई है, जो माता-पिता एवं बच्चों के आपसी प्रेम युक्त व्यवहार में बाधक बन, चिड़चिड़े स्वभाव, शरीर को एक जगह जस का तस रख, माइग्रेन, गर्दन दर्द, उच्च रक्तचाप, कब्ज की समस्या एवं हृदयाघात को न्योता देने के कारक, धैर्यहीनता बात-बात पर गुस्सा करना, पति पत्नी के जीवन के भीतर कोई बाहरी व्यक्ति के प्रेम प्रसंग तो नहीं हिलोरे ले रहा है। जो आध्यात्मिक, आत्मिक, सामाजिक रिश्तों के उत्कर्ष के लिए बना है। मात्र झूठे मोबाइल फोन के आभास के लिए कदापि नहीं। अगर ऐसा नहीं होता, तो ऑस्ट्रेलिया जैसे देश इसके दुष्परिणामों से बचाव के लिए अपने नौनिहालों के लिए मनाही का कानून नहीं लाते, हमारे देश में भी अगर कानून भले नहीं आ सके, लेकिन अपने भीतर की न्यायपालिका को संवेदनशील कर, इससे दूरी की अंदर से ही अलख जगाने की परम आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सभी यहां कागजी शेर हैं, बांग्लादेश में हिंदुओं की चिंता कौन करे

जब किसी व्यक्ति का भारतीय संस्कृति पर गर्व, भारतीय संस्कृति के उत्कृष्ट सिद्धांतों पर आधारित न होकर दूसरे देश में धर्म पर आधारित हो, तो उसे भी कट्टरपंथी माना जाता है। अत: सभी को अपने-अपने धर्म संस्कृति की रक्षा करने का अधिकार है और यदि संख्या बल में किसी दूसरे देश में कम हैं, तो मिलजुल कर रहना शांति से जीवन यापन करना ही सभी धर्मों में समाहित है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अत: सुख, समृद्धि एवं शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सच्चरित्र तथा सदाचारी होना पहली शर्त है, जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं है। हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिए। लोकमंगल की कामना ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। मानवता या फिर कहें मनुष्यता का संबंध मनुष्य से है। जिसके बगैर उसके मनुष्य होने की पहचान समाप्त हो जाती है। मानवता को सभी धर्मों में सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। हिंदू धर्म में मानव सेवा को सच्ची सेवा बताया गया है।

सनातन परंपरा के अनुसार व्यक्ति को 86 लाख योनियों में पैदा होने के बाद मनुष्य का शरीर इस पृथ्वी पर मानवता के लिए मिलता है। जीवन में मनुष्यता या फिर कहें मानवता केवल किसी व्यक्ति पर दया करने से ही नहीं होती है, बल्कि हमारा आचार-विचार और व्यवहार भी मानवता की श्रेणी में आता है। जिस तरह बांग्लादेश में हिंदू पर अत्याचार हो रहा है भारत सरकार ने घुड़की देना तो दूर मौन ब्रत धारण कर लिया है सभी कागजी शेर की तरह यहां दहाड़ रहे हैं और यह मुद्दा कहीं न कहीं चुनाव पर भी हुआ है और बहुमत मिला



यहां तक इसका फायदा डोनाल्ड ट्रप को भी अमेरिका के राष्ट्रपति को मिला, लेकिन अपने जगह दहाड़ने से कुछ नहीं होगा। वहां जाकर इससे निपटने हेतु आवश्यक कार्यवाही करनी होगी। विदेश सचिव स्तर के बात से महज औपचरिकता ही साबित होगा।

जब तक युद्ध स्तर पर कार्यवाही के आदेश नहीं होगा, तब तक ऐसा ही चलते रहेगा। हिंदू मरते ही रहेंगे और राजनेता अपनी रोटियां सेकते ही रहेंगे। कभी मंत्रालय को लेकर अपने तेवर दिखाएंगे कभी चुनाव या उपचुनाव में मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्ताधारी पार्टी व्यस्त है और उधर विपक्ष हार को लेकर ईवीम में दिमाग लगाकर न्याय को लेकर कोर्ट के चक्कर लगाने में व्यस्त है भारतीय राजनीति में इतना बुरा दौड़ आएगा। जब सभी पार्टी किसी पद को लेकर इतना जोड़ तोड़ करे, बांग्लादेश की यूनुस सरकार के ऊपर एक ऐसा दबाव बनाने की कोशिश करना चाहिए कि हिंदू की रक्षा हो सके। झारखंड के चुनाव में बांग्लादेश के घुसपैठी का मुद्दा बीजेपी ने उठाया, तो हेमंत सोरेन ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना पर भारत में शरण देने का आरोप लगाएं और बाजी पलट दी। हमें किसी काम को शांति से विश्व कल्याण हेतु कार्य करना चाहिए, यदि हम किसी कमजोर व्यक्ति को सड़क पार कराने में मदद करते हैं या फिर किसी प्यासे को पानी पिलाते हैं, तो यह भी हमारी मानवता है। किसी भूले-भटके को राह दिखाना भी मानवता है।

मानवता मानव का गुणधर्म है, जिसमें यह नहीं है, वह व्यक्ति मृत शरीर के समान है। उसके मानव होने का कोई अस्तित्व नहीं है। ईश्वर की पूजा हो या फिर समाज की सेवा उसका मूल मानवता ही होता है। अत: ऐसे में बांग्लादेश में हिंदू की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाना बहुत जरूरी है। यहां तक कि यहां के हिंदू और कुछ मुस्लिम संगठन भी इसके लिए विरोध कर रहे हैं। बॉर्डर पर लोग जुट रहे हैं। अत: इसे गंभीरता से लेना चाहिए ,क्योंकि वहां के हिंदू लोगों की भारत से रिश्ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, महादेव।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड में सड़क सुरक्षा के बारे में प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क में पैदल चलती बार हमेशा बाएं किनारे का प्रयोग करें। गाड़ी चलाती बार यातायात नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक दुर्घटनाओं से रोकथाम हो सके। इसके बाद लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों ने रैली निकाली गई। इसमें अध्यापकों व बीएड प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया। यह जानकारी संस्कृत प्रवक्ता हीरा सिंह कौशल ने दी।

### 19 को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से मिलेंगे जल रक्षक



**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंचायत के माध्यम से लगे जल रक्षक काफी लंबे समय से सरकार के समक्ष अपनी मांगे रखते आ रहे हैं लेकिन पूर्ण तरह से अभी तक जल रक्षकों की उचित मांगें पूरी नहीं हो पाई है। जिनमें 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके जल रक्षक रेगुलर करने की मांग जल रक्षक की कांटेक्ट पर आने की अवधि 12 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष किया जाए और पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग के अधीन किया जाए। जिन्होंने आईटीआई धारकों को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति दी जाए और उनके कार्य को देखते हुए उनके वेतनमान में बढ़ोतरी की जाए ताकि हिमाचल के समस्त जल रक्षक अपना अपने परिवार का उचित प्रकार से पालन पोषण कर सके जल रक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल उर्फ जवालु राम ने कहा कि मांगे पूरी होने की स्थिति में सरकार के पक्ष में एक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें हिमाचल के समस्त जल रक्षक भाग लेंगे।

### बटवाड़ा के किसानों के लिए गोष्ठी का आयोजन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड सुंदरनगर के कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा ग्रामपंचायत बटवाड़ा के पंजोलठ में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभाग 70 से 75 किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में आत्मा अधिकारियों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मंडी के परियोजना निदेशक डॉ राकेश पटियाल तथा उप परियोजना निदेशक डॉ. संजय ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया तथा प्राकृतिक खेती से किसानों को होने वाले लाभ से अवगत करवाया। ग्रामपंचायत प्रधान व खंड कृषक सलाहकार समिति की सदस्य निशा देवी तथा बटवाड़ा पंचयात के उन्नतशील किसान उपस्थित रहे।

### 'देई' के तहत सेरु स्कूल में लगाया किशोरी बाल मेला



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत 'देई' के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला सेरु में मुख्याध्यापिका नीना अवस्थी की अध्यक्षता में किशोरी मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को आगे बढ़ने व अच्छी शिक्षा हासिल करके उच्च पद पर अपनी प्रतिष्ठा बनाने तथा समाज में अपने और अपने परिवार का नाम रोशन करने हेतु आह्वान किया। इस कार्यकम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

### कामगार संगठन इकाई द्रंग का द्वितीय सम्मेलन संपन्न



**नुतन ठाकुर, बालीचौकी।** हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन इकाई द्रंग का द्वितीय सम्मेलन पनारसा में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम ने की। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मीना देवी उपाध्यक्ष के लिए बूधे राम और कल्पना महासचिव, आशा देवी, सह सचिव काजल व करिश्मा, कोषाध्यक्ष दुर्गा देवी, मुख्य सलाहकार पुरानचंद कार्यालय सचिव पन्नू देवी, कार्यकारिणी में लता देवी, कुंती देवी, प्रेम सिंह, टारना देवी, पतु देवी आदि को चुना गया।

### टौरखोला में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** शिक्षा खंड धर्मपुर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौर खोला में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पूर्व एसएमसी अध्यक्ष अच्छर सिंह लखरवाल ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में पाठशाला के मेधावी छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की। विद्यालय प्रधानाचार्य कुलदीप चंद ने इसी दौरान विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। साथ ही इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में मेरिट पर आए तीन छात्रों, शिवम, अभिषेक व अवनी को मुख्य अतिथि द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया और स्कूली बच्चों को इनाम देकर पुरस्कृत भी किया।

### 15 से 17 दिसंबर तक बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** 33 केवी स्विचयार्ड बस्सी में मरम्मत और आईसोलेटर बदलने का कार्य 15 से 17 दिसंबर तक किया जाएगा।महाप्रबंधक बस्सी विद्युत गृह, मनोज कुमार ने बताया कि 15 दिसंबर को 33 केवी बस्सी-मकरीड़ी और बस्सी-गवाली फीडर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेंगे। 16 दिसंबर स्विच यार्ड बस्सी पूरी तरह से बंद रहेगा। इससे जोगिंद्रनगर, बालकरूपी, मंझारनु, मकरीड़ी, चौंतड़ा और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली कटौती होगी। 17 दिसंबर 33 केवी बस्सी-मारंडा फीडर सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेगा।

# सेंट्रल पार्क घोटाले की जांच करने पहुंची विजिलेंस, किया निरीक्षण

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट मेन बाजार में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा 42 लाख रुपए से निर्मित सेंट्रल पार्क के निर्माण में हुई कथित धांधली और सौंदर्यीकरण उपकरणों की खरीद में किए गए घोटालों को लेकर शुक्रवार को विजिलेंस की टीम ने साइट पर पहुंच कर सबूत जुटाए करीब 42 लाख से निर्मित इस सेंट्रल पार्क के निर्माण में लाखों रुपए के घोटालों का अंदेशा होने को लेकर क्षेत्र की कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा सवाल ही नहीं उठाए थे, बल्कि विजीलेंस को गुप्त शिकायत भेज कर जांच की मांग भी उठाई थी।

इस गुप्त शिकायत के आधार पर मंडी से विजिलेंस टीम एएसआई दुनीचंद के नेतृत्व में करीब 11 बजे सेंट्रल पार्क में आ धमकी और दो घंटे तक इस दौरान सेंट्रल पार्क में लगे फव्वारे और अन्य सौंदर्यीकरण की लगाई वस्तुओं की नाप नपाई कर जांच की।

लोक निर्माण विभाग, हिमुडा और विजिलेंस के अन्य कर्मचारियों ने जांच में सहयोग दिया। विजिलेंस टीम के इस तरह




सेंट्रल पार्क का बारीकी से निरीक्षण करती विजिलेंस टीम।

**विजिलेंस** ने पार्क में लगे फव्वारे की भी पूरी नाप नपाई की। विजिलेंस को शिकायत मिली थी कि लाखों रुपए से खरीदा गया यह फव्वारा सिर्फ एक दिन ही चला था। उसके बाद से ही यह महज शोपीस बना हुआ है। यहां तक कि पार्क में लगाए गए गमलों और फूलदानों को भी कीमत से कई गुना ज्यादा हजारों रुपए प्रति के हिसाब से खरीदा गया था।

### घोटाले को अंजाम देने वालों में मचा हड़कंप

अचानक धमकने पर भरे बाजार में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात यह रही कि शिकायत करने वालों का नाम शिकायत पत्र पर नहीं लिखा गया था और न ही ये लोग जांच के दौरान नजर आए, लेकिन विजिलेंस टीम ने बारीकी से जांच करने के लिए सेंट्रल पार्क में लगी रही। हालांकि यह सब जांच के बाद ही पता चलेगा कि सेंट्रल पार्क में कोताही हुई है या नहीं हुई है।(अनंत ज्ञान)

### पूर्व भाजपा सरकार ने करवाया था निर्माण

**सरकाघाट** मेन बाजार में सेंट्रल पार्क का पूर्व भाजपा सरकार ने 42 लाख रुपए से निर्माण करवाया था। केंद्रीय निधि से मिले इसके बजट के बाद लोक निर्माण विभाग के माध्यम से निर्माण करवाया गया था। उसके बाद इस पार्क को म्युनिसिपल कॉरपोरेशन को सौंपा गया था। आरोप है कि इसके निर्माण और इसमें लगे सौंदर्यीकरण के समान को पूर्व विधायक के चहेते ठेकेदारों से महंगे दामों पर खरीदा गया था।

### 6 माह पहले भी निर्माण सामग्री की विजिलेंस ने की थी जांच

**करीब** 6 माह पूर्व विजिलेंस की टीम ने सेंट्रल पार्क के निर्माण में बरती गई अनियमिताओं और पेयबर टाइल बिछाने को लेकर किए गए घोटालों को लेकर पार्क में टाइलें उखाड़ कर गहराई की जांच की थी और इसमें लगाई गई सीमेंट रेता बजरी और गहराई माप कर सैंपल भी साथ ले गए थे। टीम ने यह भी जांच की थी कि जो पार्क में पेयबर लगाए गए हैं क्या उनके नीचे रेता बजरी बिछाई जाने से पहले पक्की सोलिंग भी की गई थी या उन्हें मिट्टी पर ही बिछा दिया गया था।

> सेंट्रल पार्क के निर्माण में बरती गई अनियमिताओं को लेकर शिकायत मिली है, जिस पर जांच की जा रही है। अगर इसके निर्माण की गुणवता में खिलवाड़ हुआ है या खरीद में घोटाला किया होगा, तो किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा और कडी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> –दुनीचंद, विजिलेंस टीम प्रभारी, एएसआई।

# बांग्लादेश में अत्याचार पर जोगिंद्रनगर में प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



जोगिंद्रनगर में धरना–प्रदर्शन करते हुए सामूहिक चित्र में ।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जोगिंद्रनगर में सैकड़ों लोगों ने हिंदू संगठनों के नेतृत्व में विरोध–प्रदर्शन रैली निकाली। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा, जोगिंद्र पाल शर्मा, नीलम ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, भास्कर गुप्ता, गुरशरण परमार और देशराज ने भाग लेकर लोगों को संबोधित किया।

रैली को संबोधित करते हुए जोगिंद्र पाल शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जनसंख्या 7 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने यूनस सरकार की नीतियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि हिंदुओं को जघन्य अपराधों का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने कहा कि देश का सनातन समाज बांग्लादेश के हर पीड़ित हिंदू के साथ खड़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर हिंदुओं और उनकी संस्कृति की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की।

विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि हिंदुओं को संगठित होकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर हम एक हैं, तो सुरक्षित हैं, लेकिन अगर बंटेंगे, तो कटेंगे।' ज्ञापन में उठाई प्रमुख मांगें सनातन हिंदू रक्षा मंच ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाया जाए।

ज्ञापन में बताया गया कि हालिया घटनाओं में हिंदुओं के मंदिर, घर और मौलिक अधिकारों पर हमले हुए हैं। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी कि अगर अत्याचारों को नहीं रोका गया, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाई जाएगी।(अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में किसान त्रस्त सरकार जिम्मेदार : राकेश



**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रियंका गांधी के हिमाचल प्रदेश के किसानों को लेकर दिए गए बयानों पर तीखा जवाब दिया है। किसानों की दुर्दशा के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका गांधी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के संबंधों पर उठाए गए सवालों से बौखला गई हैं और अपनी भड़ास निकालने के लिए अडानी का नाम लेकर किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रही हैं।

## नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी सीपीएस मंडी विजेता



विजेताओं के साथ प्रधानाचार्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि 2 से 4 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में विद्यालय के खिलाड़ी विभिन्न खेल गतिविधियों में विजेता रहे। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक वीरेंद्र ने बताया कि डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के 9 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाइयां दी।

## पथ परिवहन निगम धर्मपुर का हाल बेहाल

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को सता संभाले हुए दो वर्ष बीत गए। कांग्रेस सरकार एक तरफ व्यवस्था परिवर्तन की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ पथ परिवहन निगम धर्मपुर की खस्ता हालत के चलते दिनों दिन स्कूली बच्चों व सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि पथ परिवहन निगम धर्मपुर के अधीन 52 बस रूट हैं और 51 बसें है जिन में आठ बसें नयी है और 43 बसें फटेहाल में है जबकि इस डिपो में 62 ड्राइवर कार्यरत और 24 पद रिक्त पड़े हैं वहीं परिचालकों के 78 पद हैं और पांच रिक्त पड़े हुए हैं। मैकेनिकल वर्कशॉप की बात करें तो यहां एक मैकेनिक व चार जूनियर टेक्नीशियन है जिनके सिर पर 51 बसों के रखरखाव की जिम्मेवारी है मैकेनिकल वर्कशॉप में कर्मचारियों की कमी के चलते बसों की सही ढंग से मुरम्मत नहीं हो पा रही है और निगम की बसें आए दिन खराब हो रही है।

मैकेनिक वर्कशॉप में कार्यरत कर्मचारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हम 18–18 घंटे ड्यूटी देते हैं और हमें छुट्टी भी नहीं मिलती। जबकि पथ परिवहन निगम धर्मपुर की कार्यशाला में 51 बसों के रखरखाव के लिए कम से कम 40 मैकेनिकल कर्मचारियों की आवश्यकता है। आरएम धर्मपुर विनोद कुमार स्टाफ, मैकेनिकल के रिक्त पदों पर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए और पथ परिवहन निगम कमी को छिपाते नजर आए।

### स्टाफ की हर जगह समस्या : डीएम

**आरएम** धर्मपुर से संतोषजनक उत्तर न मिलने पर जब यह मामला डीएम मंडी विनोद कुमार के ध्यान में लाया गया तो उन्होंने कहा कि स्टाफ की हर जगह समस्या है और जल्द ही उच्च अधिकारियों से बातचीत कर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

## नेशनल हाईवे धनोटू गड्ढों से भरा

**भीम बसेड़ू, महादेव**

सुंदरनगर की तरफ जाते गांव धनोटू के नैशनल हाइवे का एक बड़ा भाग गड्ढों में होने की वजह से वाहन चालकों के लिए जी का जंजाल बना है, क्योंकि यहां आकर वाहन सरकती सी हालत में रहते हैं और लंबा लगना आम हो गया है।

वाहन चालक मनोज, श्याम, गौरव आदि ने बताया कि संबंधित विभाग ने इस उतराई वाले गहरे मार्ग का खस्ताहाल भाग पक्का बनाने की बजाय इसमें मिट्टी इत्यादि से भर दिया, जिससे हालत ऐसी बिगड़ी कि वाहन चालकों के हिचकोलों में और इजाफा हो गया, वहीं जाम में फंसकर परेशान होना



आम सा हो गया है। चालकों का यह भी कहना है कि बारिश की स्थिति में राम भरोसे पड़े इस मार्ग का तालाब बनने में मार्ग के साथ वाली उथली कच्ची नाली खूब मदद करती है और यातायात के लिए परेशानी हो जाती है। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी मंडी जिले के प्रवास पर

**मंडी।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी हिमाचल प्रदेश विदित चौधरी मंडी लोकसभा प्रभारी गौरव भाटी और मंडी जिला के प्रभारी मुज्जफर गुज्जर के साथ मंडी प्रवास पर रहेंगे। वह 15 और 16 दिसंबर को मंडी जिला के सभी कार्यकर्ताओं एवं अग्रणी संगठनों के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों से गांधी भवन मंडी में विधानसभा क्षेत्र वाइज चर्चा करेंगे। 15 को सराज, करसोग, द्रंग, नाचन, सुंदरनगर और 16 दिसंबर को सरकाघाट, धर्मपुर, जोगिंद्रनगर, बल्ह, मंडी के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

## पुलिस की निगरानी में स्ट्रांग रूम से मंडी पहुंची ईवीएम मशीनें

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) को मंडी स्थानांतरित कर दिया गया। जून महीने में हुए लोकसभा चुनावों के बाद जोगिंदरनगर और द्रंग विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए यहां स्ट्रांग रूम बनाया गया था।

ईवीएम मशीनों को सीसीटीवी कैमरों और पुलिस सुरक्षा के कड़े पहरे में रखा गया था। शुक्रवार को कार्यकारी एसडीएम व तहसीलदार मुकुल अनिल शर्मा और नायब तहसीलदार विनय की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। सारी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुई। ईवीएम मशीनों को कंटेनरों में सील कर नायब तहसीलदार बंदोबस्त नीरज शर्मा की देखरेख में मंडी भेजा गया।

इलेक्शन कानूनगो मोहन कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर 1 जून को अंतिम चरण में चुनाव हुए थे। इसके बाद इन मशीनों को पूरी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में रखा गया। अब यह प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी की गई।

## राजपूत सभा ने मनाया 14वां स्थापना दिवस

**जोगिंद्रनगर।** राजपूत सभा के 14वें स्थापना दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के वरिष्ठ सदस्य खजाना राम ने की। उन्हें शाल, टोपी, और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में खजाना राम ने सभा की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और अन्य जातियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने का आह्वान किया।

वर्तमान परिस्थितियों में सभी को एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करना होगा। सभा के प्रधान रोशन लाल ठाकुर ने संगठन की योजनाओं पर बताया।

## जनसैलाब को देखकर भाजपा के मुंह पर लगा ताला : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान, मंडी**



पत्रकारों से वार्ता करते हुए ब्रह्मदास चौहान।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने धनोटु में कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा के गढ़ में सुक्खू सरकार ने दो साल के जश्न का सफल आयोजन कर भाजपा के मुंह पर ताला जड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में उमड़े जन सैलाब से सुक्खू सरकार की लोकप्रियता दिख रही थी। उन्होंने कहा कि यह सुक्खू सरकार की पांच गारंटियों की कामयाबी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा जश्न से पहले तो बौखलाई थी। जश्न के बाद प्रदेश भाजपा की हालत खिसियानी बिल्ली खंबा नीचे की तरह हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के झूठों और कांग्रेस के व्यवस्था परिवर्तन के सच को जान चुकी है।

ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की पांच गारंटी को पूरा करने पर जनता में खुशी की लहर चल पड़ी है और छठी गारंटी राजीव गांधी स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया, जिससे हजारों बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा, परंतु केंद्र की भाजपा सरकार, पूर्व में रही यूपीए कांग्रेस सरकार के समय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की भिन्न–भिन्न योजनाओं का नाम बदलकर वाहवाही लूट रही है। सुखविंद्र सुक्खू के दो साल के जश्न को देखकर पूर्व सीएम जयराम सरकार को लेकर जिस तरह से दुष्प्रचार कर रही है।

## आज बंद रहेगी बिजली




**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 12 दिसंबर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नये बिजली पोल लगाने का कार्य किया जायेगा। कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के तरनोह, भलेड़, खपरेहड़ा, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगने गांव में 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने दी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## मनोज वाजपेयी की फिल्म में अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभा रहे मंडी के अरुण

**अनंत ज्ञान, मंडी**



प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विख्यात मंडी शहर रंगकर्म की उर्वरा भूमि होने के साथ–साथ यहां के कई रंगकर्मी इन दिनों मायानगरी मुंबई में अपने हुनर का जौहर दिखा रहे हैं।

ऐसे ही एक रंगकर्मी एवं फिल्म अभिनेता अरूण बहल भी हैं जो इन दिनों मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रहे हैं। हाल ही में जी–5 पर डिस्पैच नामक फिल्म 13 दिसंबर शुक्रवार को रिलीज हुई है। इस फिल्म में मंडी शहर के अभिनेता अरुण बहल भी एक अहम रोल में नजर आ रहे हैं।

अभिनेता अरुण बहल ने बताया कि हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म में उनका महत्वपूर्ण किरदार है, वे फिल्म में सुरेश कांट्रेक्टर की भूमिका निभा रहे हैं, जो पहले अंडरवर्ल्ड में बड़ा डॉन होता है। लेकिन मुंबई जैसे महानगर में माफिया राज के खत्म होने पर ये अब वह बड़ा बिल्डर बन गया है। इस फिल्म में मशहूर अभिनेता मनोज वाजपेयी मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

**बैठक** | विधायक चंद्रशेखर ने की जिला कल्याण समिति बैठक की अध्यक्षता

# मंडी में योजनाओं पर खर्च होंगे182.59 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्मपुर विधायक एवं जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि मंडी जिला में इस वित्तीय वर्ष में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर 182 करोड़ 59 लाख 48 हजार चार सौ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित जिला कल्याण समिति की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संवेदनशील एवं



दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ठोस कदम उठा रही है।

इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, विधवा एवं एकल नारी आवास योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाएं आरम्भ की गई हैं। अंतिम वंचित व्यक्ति तक इन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित व समयबद्ध लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें जिला कल्याण समिति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने समिति की वार्षिक बैठक के अलावा वर्ष के मध्य में समीक्षा बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। चंद्रशेखर ने कहा कि मंडी जिला में इस वर्ष तीसरी तिमाही तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 4,754 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं।

### गृह निर्माण पर व्यय होंगे 2.26 करोड़

**अनुसूचित** जाति वर्ग में 151, अनुसूचित जनजाति वर्ग में तीन तथा अन्य पिछड़ा वर्ग में 6 लाभार्थियों को गृह निर्माण पर दो करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपए व्यय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत जिला में 14 पात्र लाभार्थियों की पहचान की गई है। जिला में 141 गांव इसके तहत चयनित किए गए हैं। योजना के तहत लगभग 15.44 करोड़ रुपए के बजट के विपरीत लगभग 14.70 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।

### दिव्यांगजनों को योजनाओं से करें जागरूक

**चंद्रशेखर** ने कहा कि जिला में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत इस वर्ष 21.35 लाख रुपए का बजट प्राप्त हुआ है। इसमें से अभी तक 111 लाभार्थियों 11 लाख 29 हजार 145 रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दिव्यांगजनों का ब्यौरा प्राप्त कर उन्हें योजनाओं के बारे में जागरूक करें। दिव्यांगजनों की सूची भी समिति को उपलब्ध करवाएं।

## गर्भवती महिला का पंजीकरण जरूरी : डॉ . अनुराधा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पर्यावरण रक्षण इनिशिएटिव व हाई रिस्क प्रेगनेंसी के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी में किया गया। जिसे ममता फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है, स्वास्थ्य खंड पद्धर, रत्ती व कटौला के पंचायत प्रधानों, उपप्रधानों, वार्ड पंच, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी कार्यशाला में भाग लिया जिसको संबोधित करते हुए डॉ. अनुराधा शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि प्रत्येक गर्भवती महिला को स्वास्थ्य संस्थान में प्रथम बारह सप्ताह से पहले पंजीकरण होना अति आवश्यक है। तत्पश्चात सम्पूर्ण



कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ नरेंद्र भारद्वाज।

गर्भकाल में महिला की जांच आवश्यक है जिससे माता में उच्च जोखिम वाली स्थिति की पहचान करके अतिरिक्त सुविधाएं दी जा सके। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए प्रत्येक माह के नौ तारीख को विशेष जांच चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत की जाती हैं। इस कार्यक्रम को अब माह की प्रत्येक 27 तारीख को भी किया जाता है जिसे एक्सटेंडेड प्रधान मंत्री सुरक्षित अभियान नाम दिया गया है।

### स्वच्छता में प्रयास की आवश्यकता

**ममता** फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वशिष्ठ व डॉ. ज्योति भारतीय को डॉ. नरेंद्र कुमार भारद्वाज मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी द्वारा प्रोजेक्ट जागृति और केयर कंपेनियन प्रोग्राम को स्वास्थ्य क्षेत्र में सफल कार्यान्वयन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व अपने संबोधन में अंतर्गत आने का जिला में अभी भी एनीमिया मुक्ति, पोषाहार, व्यक्तिगत स्वच्छता व पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में प्रयास की आवश्यकता जिसमें संपूर्ण स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आग से आपदा के बचाव के उपाय बताए



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में अग्निशमन केंद्र के माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एवं स्कूल के प्रधानाचार्य नरदेव सिंह राणा की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान बचाव के विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी मदनलाल ने बच्चों को आग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उपअग्निशमन अधिकारी कुलदीप कुमार ने अन्य कर्मचारियों के सहयोग से बच्चों को गैस सिलेंडर की पाइप से निकलने वाली गैस से बचने के बारे में अवगत कराया। अग्निशमन कर्मचारी कुलदीप कुमार ने आपदा के समय या किसी अन्य दुर्घटना में घायल नागरिकों को किस ढंग से बचाव करना चाहिए, इसके बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक पवन कुमार , प्रमोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, विजय कुमार, स्कूल प्रबंधक कमेटी की प्रधान संतोष कुमारी और बीएड के प्रशिक्षु शिक्षकों में पलक, कोमल, तनु, शिवानी, श्वेता, किरण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी तमन्ना, नीतिका आदि उपस्थित थे।

### रेंजर छात्राओं का लौटने पर किया जोरदार स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय प्रशासन ने मंडी जिले के रिवॉल्सर स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय आत्मरक्षा शिविर में भाग लेने वाली रेंजर छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रोवर प्रमुख प्रो. कमलेश्वर और रेंजर प्रमुख प्रो. निकिता गुप्ता ने बताया कि यह आत्मरक्षा शिविर 3 से 8 दिसंबर तक भारत स्काउट्स और गाइड्स, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें महाविद्यालय बंगाणा के चार रेंजर छात्राओं पमिता देवी, मुस्कान, साक्षी और कोमल ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न सैद्धांतिक और व्यावहारिक तकनीकों में प्रशिक्षित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्य रेखा शर्मा, रोवर प्रमुख प्रोफेसर कमलेश्वर, रेंजर प्रमुख प्रोफेसर निकिता गुप्ता, टीम इंचार्ज प्रो. रंजना, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी और प्रोफेसर मुकेश भी उपस्थित रहे।

### रेवती नक्षत्र पर श्रद्धालुओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के हिमुडा कॉलोनी के बाबा पहाड़िया मंदिर कमेटी के सौजन्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने रेवती नक्षत्र के बारे में विस्तार से बताया। कथा व्यास ने कहा कि ऋतवाक मुनि के श्राप के कारण पतन हो गया था, बाद में प्रमुच मुनि द्वारा रेवती नक्षत्र को दोबारा स्थापित किया। कथा व्यास ने कहा कि 27 नक्षत्रों में से एक रेवती नक्षत्र है, जिस का बहुत महत्व है। रेवती नक्षत्र गंडमूल में प्रमुख नक्षत्र माना जाता है। कथा व्यास डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सार मनुष्य के जीवन से जुड़ा है क्योंकि किस प्रकार भगवती देवी द्वारा संसार का संचालन और कैसे द्वापर व उपनिषद रूप में यह किस ऋषि द्वारा द्वापर के अंतिम राजा को श्राप दिया गया और कैसे उन्होंने जीवन में मोक्ष की प्राप्ति की, इस श्रीमद् भागवत कथा में बताया गया है। कथा विराम के बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात रहे बंगाणा हिमुडा कॉलोनी में प्रथम बार हो रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए श्रोतागणों की भीड़ देखी जा रही है। इस मौके पर दीवा साड़ी पेंप के फाउंडर एवं सीईओ देश के प्रथम युवा व्यवसाई अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता, विनोद कुमार सेंटी, आरबी राणा, माया देवी मदन गोपाल बोहरा, राजन सोनी, बिंदु सोनी, अजमेर सिंह कुटलैहड़िया, रणबीर पठानिया, कृष्णा पठानिया, कमल देव शास्त्री आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### जखेड़ा स्कूल के बच्चों ने आपदा से निपटने के सीखे गुर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखेड़ा में शुक्रवार को 14वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम, नूरपुर जिला कांगड़ा की ओर से आपदा प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय स्कूल सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 256 छात्र-छात्राएं, शैक्षिक व गैर शैक्षिक स्टाफ ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की ओर से निरीक्षक आदेश कुमार व उपनिरीक्षक अवतार सिंह ने अपनी समस्त टीम सहित बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक व मानव जनित आपदाओं के दौरान स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों की जान को जोखिम से बाहर निकालने के लिए विभिन्न राहत एवं बचाव उपायों की मॉकड्रिल बारे जानकारी दी। ऊना के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से जिला प्रशिक्षण प्रभारी राजन कुमार शर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने स्कूल के आपदा प्रबंधन प्रभारी व आपदा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को एक चिकित्सा उपचार किट भेंट की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुलिंदर नाथ धीमान ने एनडीआरएफ टीम व जिला प्रशासन टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन से राजस्व कानूनगो, आपदा मित्र चेतन कुमार, स्कूल आपदा प्रबंधन प्रभारी व समस्त स्कूल अध्यापक वर्ग, गैर-अध्यापक वर्ग एवं विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के संपूर्ण सदस्य भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्रों को टिप्स देंगे एसडीएम



**विवेक शर्मा, अंब।** यूपीएससी व अन्य कॉम्पिटिटिव एग्जाम्स को क्रेक करने की चाहत रखने वाले उपमंडल अंब के मेधावी छात्रों को आईएएस अधिकारी एसडीएम सचिन शर्मा अब उंगली पकड़कर राह दिखाएंगे। इसके लिए वह अब उपमंडल अंब के अलग-अलग स्कूलों में जाएंगे और वहां पर स्टूडेंट से रूबरू होकर उन्हें इन एग्जाम्स को क्लियर करने के गुर बताएंगे। इसी के तहत शुक्रवार को उन्होंने माता श्री चिंतपूर्णी लाइब्रेरी में अलग-अलग एग्जाम की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के साथ उनके टारगेट के बारे में चर्चा की और उन्हें जरूरी टिप्स दिए। सचिन शर्मा ने बच्चों को बताया कि किसी भी टेस्ट का एग्जाम देने जाने से पहले हमें परफॉर्मेंस एंग्जाइटी पर काबू पाना चाहिए। कई बार-हम लोगों ने एग्जाम्स की बड़ी अच्छी तैयारी कर रखी होती है मगर परफॉर्मेंस एंग्जाइटी में आकर वह अपना सौ फीसदी नहीं दे पाते हैं और सब कुछ जानते हुए भी वह अपना एग्जाम खराब कर नाकामयाब हो जाते है। उन्होंने बताया कि हमें हर एग्जाम के लिए निर्धारित समय की मॉक तैयारी भी करनी चाहिए और अपनी गलतियों को एक डायरी पर लिखना चाहिए। इससे हम फाइनल एग्जाम से पहले अपनी गलतियों पर काबू पा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## ऊना में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के कार्यालय के उद्घाटन पर बोले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

# जिले में राज्य स्तर का कार्यालय खुलना ऐतिहासिक कदम

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को ऊना जिले के रामपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवस्थापित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा तथा दिग्विजय मल्होत्रा भी उनके साथ रहे।

उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऊना जिले में राज्य स्तर का यह कार्यालय खुलना एक ऐतिहासिक कदम है। अब इस आयोग का संचालन यहीं से किया जाएगा, जिससे दलित समाज, वंचितों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। इसके दूरगामी और सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिले में और भी राज्य स्तरीय कार्यालय लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऊना जिला विकास की गति में प्रदेश का अग्रणी जिला बन चुका है। हम दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जिले में विकास के नए आयाम सुनिष्चित बनाने को कृतसंकल्पित हैं।



प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर पूजा-अर्चना करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### एचआरटीसी को बदनाम न करे बीजेपी

मुकेश ने प्रदेश के बीजेपी नेताओं को एचआरटीसी को बदनाम करने की ओछी राजनीति न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि झूठ के पांव नहीं होते। बीजेपी नेता अनर्गल आरोप लगाकर एचआरटीसी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एचआरटीसी 50 सालों से प्रदेशवासियों की सेवा में लगी है। हर दिन 5 लाख से अधिक लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती है। वे एचआरटीसी बस में कूकर और हीटर का टिकट काटने और एचआरटीसी कर्मियों को पेंशन न मिलने के आरोपों के संदर्भ में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने एचआरटीसी को पेंशन की अदायगी को 67.50 करोड़ रुपए जारी किए हैं। एचआरटीसी की मजबूती के लिए जल्द 1000 नई बसों की खरीदी जाएंगी। करीब 350 इलेक्ट्रिक बसें ली जाएंगी। इसके अलावा टैम्पो ट्रैवलर की भी खरीद की जाएगी।

### बोले-दलित समाज, वंचितों की शिकायतों का त्वरित समाधान होगा सुनिश्चित

अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में नियोजित विकास पर बल देते हुए ऊना, हमीरपुर और बद्दी को नगर निगम बनाया जा रहा है, जिससे इन क्षेत्रों में विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार कुटलैहड़ में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इससे क्षेत्र में पर्यटन को नए आयाम मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार 300 करोड़ रुपए की लागत से माता चिंतपूर्णी मंदिर को भव्य भवन बनाने जा रही है। इसके अलावा वहां रोपवे परियोजना के साथ विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने चिंतपूर्णी मंदिर के लिए प्रस्तावित रोपवे का विरोध कर रहे लोगों को विकास में रोड़ा न बनने की नसीहत दी।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि रोपवे बनने से मंदिर क्षेत्र में कारोबार में वृद्धि होगी और यहां के व्यापारियों को लाभ होगा। पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने ऊना में आयोग के कार्यालय शुभारंभ के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में आयोग के सदस्य सचिव सहायक आयुक्त वरिंद्र षर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, पूर्व विधायक गणेश बरवाल, जिला उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, कांग्रेस नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर व गणमान्य उपस्थित थे।

### गरीब और पिछड़े वर्गों को विशेष लाभ : कुलदीप

इस अवसर पर, हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने हिमाचल प्रदेश सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऊना में कार्यालय स्थापित करने के फैसले से गरीब और पिछड़े वर्गों को विशेष लाभ होगा। उन्हें न्याय के लिए शिमला का रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने घर-द्वार के पास ही सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय न केवल आयोग की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर न्याय और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग का प्राथमिक उद्देश्य दलित और पिछड़े वर्गों को न्याय और सहूलियत प्रदान करना है।

### अवैध खनन, चिट्टा और पेड़ कटान पर सख्त हिदायत

उपमुख्यमंत्री ने प्रशासन को जिले को 3 प्रमुख समस्याओं से पूरी तरह मुक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की हिदायत देते हुए अवैध खनन गतिविधियों पर नकेल कसने, चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीपल तथा बड़ जैसे बड़े पेड़ों की कटाई और तस्करी पर पूरी लगाम लगाने का काम करने को कहा। उन्होंने चेताया कि इसमें ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन फील्ड में सक्रिय दिखना चाहिए।

### ओपीएस पर बीजेपी का रुख स्पष्ट करें जयराम

उपमुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को ओपीएस पर बीजेपी का रुख स्पष्ट करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर इस पर बोलें कि यदि कभी भूले से बीजेपी प्रदेश में सत्ता में आई तो वे ओपीएस का क्या करेंगे। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि बीजेपी हमेशा कर्मचारियों की पेंशन की विरोधी रही है। साल 2003 में केंद्र में बीजेपी की सरकार के समय ही पुरानी पेंशन योजना बंद की गई थी। हमने इसे फिर से चालू करने का वादा किया था और उसे डंके की चोट पर पूरा किया है। केंद्र की बीजेपी सरकार प्रदेश की कर्ज सीमा में कटौती करके तथा फॉरेन फंड परियोजनाओं की कैपिंग करके हिमाचल के हितों को नुकसान पहुंचाने में लगी है। प्रदेश के 9 हजार करोड़ से अधिक एनपीएस फंड को लौटाने में आनाकानी की जा रही है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर चुनौती से पार पाकर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने में लगी है।

### टिप्परों के अनियंत्रित आवागमन पर लगे ब्रेक

उपमुख्यमंत्री ने जिले में टिप्परों के समय-असमय अनियंत्रित आवागमन पर गंभीरता दिखाते हुए इसे नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन से कहा कि टिप्परों की आवाजाही के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। सुबह 6 से 9 बजे और शाम 7 से 10 बजे के बीच टिप्परों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, ताकि स्कूली बच्चों और सैर के लिए निकले लोगों को असुविधा न हो।

# सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश ने पंजावर स्कूल में नशे के दुष्परिणाम बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजावर में बच्चों को नशा क्या है। किशोरावस्था में बच्चे किस प्रकार इसकी चपेट में आते हैं, इस संबंध में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि नशे के व्यक्ति के शरीर पर क्या दुष्प्रभाव पड़ते हैं तथा इन्हें कैसे ठीक किया, इस संबंध में चर्चा की गई।

उन्होंने बच्चों को उदाहरण देते हुए कहा कि नशा दो प्रकार का होता है एक केमिकल एडिक्शन व दूसरा बिहेवियर एडिक्शन। केमिकल लत के शिकार व्यक्ति का पता लग जाता है कि नशा किया हुआ है। बिहेवियर एडिक्शन के शिकार का पता ही नहीं लगता और किशोर जैसे-जुआ खेलने पोर्नोग्राफी वीडियो गेम तथा मोबाइल पर खेली जाने वाली अन्य गेमें होती हैं।

नशे के शिकार बच्चों को उससे निकालने के लिए सबसे पहले बुरी संगति से दूर हटाना होगा जब बुरी संगत छूट जाएगी तो नशा अपने आप भाग जाएगा। इसके अलावा दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति से भी नशे से छुटकारा पाया जा सकता है।

# पंजाब के फनकार अश्वनी करेंगे बाबा पहाड़िया का गुणगान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास में 23 से 26 दिसंबर तक चार दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू होगा। मंदिर के प्रमुख सेवादार एवं गद्दीनशीन अशोक ठाकुर ने बताया कि 23 दिसंबर को बाबा पहाड़िया बाबा भरथरी माता ज्वाला जी को प्रसाद देकर निमंत्रण दिया जाएगा। 24 दिसंबर को मंदिर परिसर में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक बाबा पहाड़िया का कीर्तन दरबार सजेगा।

25 दिसंबर को सुबह 8 बजे तनद पूजन होगा और 9 बजे मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण कथा होगी। इसके बाद 11 से दो बजे तक मंदिर परिसर में कीर्तन दरबार सजेगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ होगा और 10 बजे मंदिर परिसर में बाबा पहाड़िया जी के गुणगान का बड़ा कीर्तन दरबार सजेगा। इसमें पंजाब की बुलंद आवाज अश्वनी वर्मा बाबा पहाड़िया का गुणगान करेंगे और 11 बजे बाबा पहाड़िया जी की सवारी निकलेगी। बाबा अशोक ठाकुर ने बताया कि चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी और खाने तथा ठहरने का विशेष प्रावधान होगा।

बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन अल्का ठाकुर ने बताया कि 23 से 26 दिसंबर तक बाबा पहाड़िया मंदिर में होने वाले धार्मिक सम्मेलन के लगातार चार दिन अटूट लंगर की व्यवस्था रहेगी।



### 23 से धार्मिक समागम में हजारों की संख्या में बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन पहुंचेंगे श्रद्धालु

# इन्नरव्हील क्लब सर्वाइकल कैंसर को लेकर छेड़ेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

इन्नरव्हील क्लब सर्वाइकल कैंसर के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए अभियान चलाएगा। इसके साथ ही इस वर्ष इन्नरव्हील जिला 307 में प्रत्येक इन्नरव्हील क्लब कम से कम दो दिव्यांगों को व्हील चेयर की मदद प्रदान कर उन्हें सुविधाजनक जीवन जीने मे सहयोग करेगाा। यह बात शुक्रवार को ऊना मुख्यालय पर माया होटल में आयोजित इन्नरव्हील क्लब ऊना की चेयरमैन विजिट कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबोधन में इन्नरव्हील जिला 307 की चेयरमेन मनमोहन सूरी ने कही।

उन्होंने कहा कि इन दिनों महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के बड़े मामले सामने आ रहे हैं। इसके प्रति जागरूक होकर हम इसके बढ़ते खतरे को टाल सकते हैं। हमने इस वर्ष सिग्रेचर प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक क्लब से तीन बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए फ्री वैक्सिग करने का अभियान शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी मिलकर सहयोग करें। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता फैलाने की जरूरत है। मनमोहन सूरी ने कहा कि क्लब द्वारा कम से कम कागज के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पेड़ बचाए जा सकें व पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इन्नरव्हील क्लब विश्व स्तर पर पीड़ित मानवता की सेवा में जुटा हुआ महिलाओं का एक सेवा संगठन है। क्लब यहां जरूरतमंद लोगों की सेवा में लीन है, वहीं विभिन्न सामाजिक सरोकारों को लेकर भी जनजागरूकता अभियान चलाए हुए है।

मनमोहन सूरी ने इन्नरव्हील क्लब ऊना द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि क्लब प्रधान रमा कंवर व उनकी समस्त टीम ने इस वर्ष समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्प किए हैं।

इससे पहले मनमोहन सूरी ने क्लब की कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने क्लब की कार्यप्रणाली के बारे में उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि इस विजिट का उद्देश्य क्लब सदस्यों के व्यक्तित्व विकास के लिए सहयोग करना होता है, वहीं उन्हें इन्नरव्हील क्लब की कार्यपद्वति के बारे में भी प्रशिक्षित करना होता है, जिससे वह बेहतर ढंग से समाज की सेवा कर सकें। कार्यक्रम में इन्नर व्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने चेयरमेन मनमोहन सूरी व जिला एडीटर डॉ. सीमा राजन, इन्नरव्हील गोराय क्लब की वरिष्ठ सदस्य अविनाश व उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया।



इन्नरव्हील क्लब की सदस्य मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए।

# डीएफओ ऊना सुशील की दिन-रात गश्त ने बढ़ाई वन काटुओं में दहशत

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सरकारी भूमि पर खैरों का अवैध कटान करने वाले वन काटुओं के लिए ऊना जिले के फॉरेस्ट विभाग के डीएफओ सबसे बड़ा सरदर्द बन चुके हैं, क्योंकि डीएफओ सुशील राणा फॉरेस्ट के विशेष दस्ते के साथ कभी बंगाणा, कभी रायपुर तो कभी भरवाईं में रात में भी गश्त कर रहे हैं, ताकि वन काटुए अवैध कटान को अंजाम न दे सकें।



डीएफओ सुशील राणा ओर उनके विशेष दस्ते की गश्त की वजह से बन काटुए अवैध कटान करने में सफल नहीं हो रहे है। सूत्रों के अनुसार बीती रात डीएफओ सुशील राणा फॉरेस्ट के विशेष दस्ते के साथ सोलह सिंघी धार और रामगढ़ धार में गश्त के दौरान देखे गए हैं। डीएफओ सुशील राणा के विशेष दस्ते में बाहरी जिलों के अधिकारी मौजूद हैं। जिस फॉरेस्ट रेंज में डीएफओ सुशील राणा विशेष दस्ते के साथ रात के अंधेरे में दस्तक दे रहे हैं। उस रेंज के फॉरेस्ट अधिकारियों कर्मचारियों को कोई भनक नहीं होती और न ही उन्हें कोई सूचना दी जाती है।

केवल मौके पर ही फॉरेस्ट के उक्त रेंज के अधिकारियों-कर्मचारियों को तलब किया जाता है। हर गाड़ी की चैकिंग करके यह देख जा रहा है कि कहीं हमारे फॉरेस्ट के अधिकारी कर्मचारी कोई गलत काम तो नहीं कर रहे हैं। वन काटुओं को संरक्षण देकर अवैध कटान को अंजाम तो नहीं दे रहे हैं। डीएफओ सुशील राणा उपमंडल बंगाणा के कुछ गांवों में जनता से संपर्क करके अवैध कटान की सूचनाएं ले रहे हैं और कई बार रात के अंधेरे में गश्त के दौरान गांव के लोगों से भी मिल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**आदेश** नियोजित विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर काम करें अधिकारी : मुकेश

# अगले वर्ष विस क्षेत्रों में होगी विकास की प्रतिस्पर्धा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना जिले में नियोजित विकास के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगला एक वर्ष जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में विकास की प्रतिस्पर्धा का वर्ष होगा। प्रदेश के स्तर पर प्रतिस्पर्धा के साथ साथ हर विधानसभा क्षेत्र को विकास में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए काम करें। जिला प्रशासन इसे लेकर पूरी योजना बनाए, पूरे वर्ष में जिले की हर ग्राम पंचायत में कम से कम एक या दो विकास के इस प्रकार के कार्य करें, जो यादगार बनें और जिन्हें विकास के शानदार उदाहरण की तरह दिखाया जा सके।

जिले की सभी 245 पंचायतों में इन कामों से एक साल में जिले की तस्वीर बदल जाएगी। इसमें मनरेगा के साथ अन्य योजनाओं की कन्वर्जेंस करें। वह शुक्रवार को जिला परिषद सभागार ऊना में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम, जिला कल्याण समिति और जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठकों की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन द्वारा चलाई गई मनरेगा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई है। अधिकारी जिले में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें। उपायुक्त सभी विकास खंड अधिकारियों और पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर कार्यों की स्पष्ट योजना बनाएं और उसके अनुरूप हर ग्राम पंचायत में टिकाऊ और उदाहरण देने लायक विकास काम कराना सुनिश्चित करें।

**हर पंचायत का हो अपना लैंड बैंक:** अग्निहोत्री ने अधिकारियों को जिले की हर ग्राम पंचायत का अपना लैंड बैंक तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह डेटा स्पष्ट हो कि पंचायतों में कितनी सरकारी जमीन उपलब्ध है, ताकि उसके अनुरूप विकास परियोजाएं लाने में आसानी रहे। उन्होंने पंचायतों में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण करने वालों से कड़ाई से काम करने को कहा।

**नहीं वसूली जाएगी पानी बिल की पिछली बकाया राशि :** उपमुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी उपभोक्ता से पानी बिल की पिछली बकाया राशि न वसूलें। अगर गलती से किसी को बकाया राशि से साथ बिल भेजा गया है तो उसे तुरंत वापस लिया जाए। इस दौरान समिति के गैर सरकारी सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगें और शिकायतें रखीं। उपमुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को उनके समुचित समाधान के निर्देश दिए।

बैठक में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने विकास कार्यों को गति देने को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए। उपायुक्त जतिन लाल ने बैठक में लिए सभी निर्देशों की अक्षरश: अनुपालन तय बनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान कई गणमान्य मौजूद रहे।



उपमुख्यमंत्री ऊना में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम, जिला कल्याण समिति और जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए।



## रक्तदान महादान...



कुल्लू में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी बीजू व साथ में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता।



रक्तदान शिविर के दौरान कवयित्री अनुरंजनी गौतम कविता पाठ करती हुई।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के बाद रक्तदाता को सम्मानित करती हुई कमलेश वर्मा।



एकदिवसीय रक्तदान शिविर के समापन अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी रक्तदाताओं और लोगों का आभार व्यक्त करती हुई कमलेश वर्मा।



एबीवीपी कुल्लू इकाई के कार्यकर्ताओं को रक्तदान करने के पश्चात सम्मानित करते हुए विशिष्ट अतिथि दिनेश सेन।



एकदिवसीय शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता।



रक्तदान शिविर के समापन मौके पर मुख्यातिथि पहुंचे नप कुल्लू के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी व उनके साथ अन्य पार्षद और रक्तदाताओं सहित अन्य गणमान्य लोग।



रक्तदान शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में बतौर विशिष्टातिथि उपस्थित सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी दिनेश सेन संबोधित करते हुए।

# शीतकालीन खेलों के आयोजन के लिए जिला प्रशासन शुरू करे पहल: अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि सभी विभाग सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि जरूरतमंद लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इसके लिए अधिक से अधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन करें।

विधायक अनुराधा राणा केलांग में डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा सर्दियों में आवश्यक सेवाओं को बहाल रखने के लिए की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में विधायक ने कहा कि लाहौल में शीतकालीन खेलों की बहुत संभावनाएं हैं। इनके आयोजन से स्थानीय युवाओं को बहुत अधिक लाभ होगा। उन्होंने इसके आयोजन के लिए जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग को जरूरी पहल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सर्दियों की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करें।



विधायक डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक विकास कार्यों की समीक्षा करती हुईं।

विधायक ने बैठक में कृषि, बागवानी, पशुपालन, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, जलशक्ति, उद्योग, पर्यटन, स्वास्थ्य, आयुष, कल्याण, जनजातीय विकास सहित अन्य विभागों द्वारा अर्जित उपलब्धियों सहित बजट में से अब तक किए खर्च की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट राशि को लेप्स न होने दें और इस राशि को समय पर जनहित के कार्यों में खर्च करें, जिन विभागों ने अभी तक बजट राशि खर्च नहीं की है, उनको इसे समय पर खर्च करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केलांग में पार्किंग की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास कार्यों के एफसीए और एफआरए के मामलों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने का आग्रह किया, ताकि तय समय सीमा में विकास कार्य पूर्ण हो सकें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि लोकहित को ध्यान में रखते हुए लोगों की आवश्यकता अनुरूप योजनाओं को क्रियान्वित करें।

## ट्रक से टकराई बाइक, चालक की मौत, एक घायल

**कुल्लू।** कुल्लू के बंदरोल स्थित सब्जी मंडी के पास नेशनल हाईवे में ट्रक बाइक में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक में पीछे बैठे सवार को मामूली चौटे आईं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे के लगभग कुल्लू-मनाली हाईवे बंदरोल के पास ट्रक और बाइक मनाली की तरफ जा रहे थे कि पीछे आ रही बाइक ट्रक के अगले हिस्से से टकरा गई, जिसमें बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा बाइक सवार कृपाल सिंह को मामूली चोटें आई हैं। मृतक की पहचान प्रीतम सिंह (43) पुत्र स्वर्गीय नानक चंद गांव पजाला डाकघर वटू तहसील बैजनाथ के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भेज दिया है, जबकि कुल्लू पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच कर रही है।



## न्यूज ब्रीफ

### टैक्सी चालक ने लौटाया महिला का खोया बैग

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के टैक्सी चालक चमन लाल ने महाराष्ट्र की महिला पर्यटक का बैग लौटकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। चमन लाल को सुबह यह बैग व मोबाइल लग्जरी बस स्टैंड के पास मिला। चमन ने बैग व फोन अपने भाई पुलिस जवान बबलू के पास दे दिया। बबलू ने इसे थाने में जमा कर दिया। बबलू के भाई चमन ने बताया कि उन्हें लावारिश बैग लग्जरी बस स्टैंड के पास मिला था। पुलिस को बैग में महिला का पता मिल गया। पुलिस ने महिला से संपर्क कर सारा सामान उसे लौटा दिया। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि महाराष्ट्र से मनाली घूमने आई महिला ज्योति महाराष्ट्र निवासी अपना बैग लग्जरी बस स्टैंड में भूल गई थी। यह बैग पुलिस जवान बबलू के भाई चमन को मिला, जिसने इसे थाने में जमा कर दिया। उन्होंने बताया कि मोबाइल व बैग सहित 1700 रुपए व महिला के कंगन व अन्य सामान लौटा दिया है।

### पंजाब के युवक से 12.61 ग्राम चिट्टा बरामद



**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के एक निजी होटल में ठहरे एक युवक के कब्जे से 12.61 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस की जानकारी के अनुसार मनाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को चिट्टे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी युवक के कब्जे से 12.61 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि एक निजी होटल के कमरा नंबर 203 में एक युवक ठहरा हुआ है, जिसके पास नशीला पदार्थ मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई अमल में लाई और उक्त होटल में छापा मारा। इस दौरान कमरा नंबर-203 की तलाशी लेने पर वहां ठहरे युवक के कब्जे से 12.61 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी युवक की पहचान जोईल (19) पुत्र रजत कुमार मल्होत्रा निवासी बी-310, वार्ड नंबर-7, ईसानगर डाकघर व तहसील पठानकोट व जिला गुरदासपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। मामले की पुष्टि डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने की है।

### पूर्व विधायक ने किया पोमे झूलन एलबम का विमोचन

**कुल्लू।** ल्यूल सुर संगम बेनर तले निर्मित एलबम पोमे झूलन का विमोचन शमशी स्थित जेजे रिजॉर्ट में लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर द्वारा किया गया। यह एलबम नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर संदेश स्वरूप एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। संस्था के अध्यक्ष किशन हंस ने इस अवसर पर कहा कि इस एलबम का संगीत संगीतकार देव नेगी द्वारा दिया गया है, जिसे गायिका रिग्जन डोलमा ने अपनी खूबसूरत आवाज दी है। एलबम में कविता, सीया, मीनाक्षी तथा साक्षी सहित अन्य महिला कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

### कल गुशैनी फीडर में बिजली रहेगी बंद

**बंजार।** बंजार के गुशैनी फीडर में रविवार को बिजली बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल बंजार के अंतर्गत 11 केवी गुशैणी फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव एवं बिजली लाइन के साथ लगते पेड़ों की कांट छांट के कार्य के लिए दिनांक कल बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता इंजीनियर शशिकांत ने बताया कि गुशैणी फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पलाच, होर्नगाड़, देहुरी, कलवारी, रंबी, श्रीकोट, शपनिल, शाईरोपा, बशीर, गुशैणी, तिंदर, बंदल, शरची, चिपनी, बठाहड़, व आस पास के संबंधित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सबुह 9:30 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। बिजली विभाग द्वारा जनसाधारण से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए विभाग समस्त जनता से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### बंजार में उपयुक्त घास की किस्मों को बताया

**बंजार।** कुल्लू के बंजार स्थित सिराज ब्लॉक में द हंस फाउंडेशन ने चारा प्रबंधन पर एकदिवसीय सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम किसानों को चारा उत्पादन, संरक्षण, और पशुधन पोषण में स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। इन प्रथाओं का लक्ष्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणधीर, जिन्होंने क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों को संबोधित करने के लिए अपने विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। उन्होंने बंजार क्षेत्र के लिए उपयुक्त घास की किस्मों को प्रस्तुत किया, मौसमी चारा प्रबंधन तकनीकों को साझा किया और साइलेज और भूसे की तैयारी के तरीकों का प्रदर्शन किया।

### 4 से 12 जनवरी तक होगी क्रिकेट प्रतियोगिता



**आनी।** निरमंड उपमंडल में समाजसेवी संस्था श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी प्रतिशील संस्था के संस्थापक चंद्रेश ठाकुर और उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने एसडीएम निरमंड से मुलाकात की। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह से विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर बातचीत की और एक ज्ञापन सौंपा। संस्था के संस्थापक चंद्रेश ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष युवा दिवस को मनाती आ रही है। उन्होंने एसडीएम निरमंड को अवगत करवाया कि श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी 4 जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है।

### सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल होने पर भी अभी तक नए रोजगार नहीं किए सृजित : दिशांत

**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री दिशांत जरयाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल होने पर भी अभी तक नए रोजगार सृजित नहीं किए गए हैं। एबीवीपी विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते अपने स्थापना दिवस से लेकर 76 वर्षों की गौरव शाली यात्रा पूरी कर चुकी है परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित और समाज हित के लिए आवाज बुलंद करती आई है। प्रांत सह मंत्री दिशांत जरयाल ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया, लेकिन 2 वर्ष पूर्व चुनाव से पहले वर्तमान सरकार ने मेनिफेस्टो में अनेक घोषणाएं की। इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने और लागू करने में पूरी तरह से विफल रही प्रदेश सरकार ने सत्ता में आते ही विकास करने की घोषणाएं नहीं की, बल्कि किए हुए विकास की घोषणाओं की अधिसूचना को रद्द करने में पहल करी।

## डीसी ने होनहार स्टूडेंट्स को किया पुरस्कृत



**कुल्लू।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ पाठशाला हरिपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ पाठशाला हरिपुर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने होनहार स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों की प्रतिभा को भी सराहा। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को अपने स्कूल के समय को प्रत्येक विधा में भागीदारी करने के लिए प्रवृत्त रहना चाहिए। इस उम्र में स्टूडेंट्स को पुस्तकों के साथ-साथ खेलों, सहित अन्य गतिविधियों में भी अपनी रुचि विकसित करनी चाहिए, ताकि हमारे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

## 60 निराश्रितों को मिला सुखाश्रय योजना का सहारा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

वर्तमान प्रदेश सरकार ने राज्य के विकास और सामाजिक-आर्थिक समृद्धि के लिए बीते दो सालों में लगातार महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया है, विशेष तौर पर कमजोर वर्गों के उत्थान को सरकार ने प्राथमिकता दी है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में वर्तमान प्रदेश सरकार कल्यकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचा रही है। एकल महिला, विधवा महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग और निराश्रितों के लिए सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। इसी कड़ी में सरकार की सुखाश्रय योजना निराश्रित और बेसहारा बच्चों का सहारा बन रही है। इसके तहत बेसहारा (अनाथ) बच्चों को सरकार द्वारा चिलड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया गया है। योजना सरकार को बच्चों के अभिभावक के तौर पर परिभाषित करती है और माता-पिता की तरह बेसहारा बच्चों की देखरेख करने के लिए वचनबद्ध है। योजना में बच्चों की पीएचडी तक की पढ़ाई, मासिक खर्च और यात्रा के खर्च सहित दर्जनों अन्य प्रावधान शामिल हैं। आनी में 60 ऐसे निराश्रित बच्चों का सहारा सरकार बनी है, जिनके सर से उनके माता-पिता का साया उठ गया था। इन 60 बच्चों को सुखाश्रय योजना के तहत सरकार द्वारा मासिक खर्च के तौर पर 4 हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं, जो इनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। आनी में बाल विकास परियोजना अधिकारी ने ऐसे 28 लाभार्थी बच्चों को इसमें शामिल किया है। इसी तरह निरमंड उपमंडल के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी निथर कार्यालय के अधीन 32 बच्चों को इस योजना के अंतर्गत लाया गया है। कुल 60 लाभार्थी बच्चों को सरकार 4 हजार रुपए मासिक खर्च सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन लाभार्थियों को आगामी समय में इनकी आवश्यकतानुसार सरकार विभिन्न प्रावधानों के तहत अन्य सुविधाएं भी प्रदान करेगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी आनी इंद्र सिंह गर्ग का कहना है कि निराश्रित बच्चों को मासिक खर्च सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस योजना का लाभ प्रदान करने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी लगातार प्रयासरत हैं और इस योजना का लाभ सीडीपीओ कार्यालय आनी या निथर के कार्यालय के द्वारा लिया जा सकता है। सरकार ने 28 फरवरी, 2023 को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना को अधिसूचित किया है। (अनंत ज्ञान)

## भाषण प्रतियोगिता में चंद्रा ने हासिल किया प्रथम स्थान



सैंज कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब के आयोजित कार्यक्रम के समापन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

राजकीय महाविद्यालय सैंज में स्थापित रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सड़क सुरक्षा के महत्व को रचनात्मक तरीकों से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और कार्टून निर्माण जैसे आयोजन प्रमुख आकर्षण रहे। छात्रों ने अपने विचार और रचनात्मकता के माध्यम से सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा चंद्रा ने प्रथम, ढाबे राम और ममता ने क्रमशः द्वितीया, तृतीय स्थान पाया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में कशिश, हिमानी और प्रभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाया। स्लोगन राइटिंग में कशिश ममता छवित्री ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया और कार्टून कंपटीशन में रितिका, अंचल और ममता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीया स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम पर कॉलेज के प्राध्यापक भी शामिल थे, जिसमें रोड सेफ्टी क्लब के आयोजक होशियार शर्मा, प्रोफेसर प्रेम नेगी और प्रोफेसर वंदना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कॉलेज के प्रधानाचार्य ने छात्रों की रचनात्मकता और सड़क सुरक्षा के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन से न केवल प्रतिभागियों, बल्कि अन्य छात्रों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक ने सभी छात्रों और सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए इसे सफल बनाने में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया।

## तीन मामलों में अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आबकारी एवं कराधान विभाग कुल्लू के उपायुक्त मनोज डोगरा ने कहा कि राज्य कर एवं आबकारी विभाग जिला कुल्लू ने शराब बनाने व अवैध शराब बेचने वालों पर शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने कुल्लू के बाहरी सिराज क्षेत्र के लूहरी, निथर, बागीपुल व बागा सराहन तथा निरमंड क्षेत्र में निरीक्षण दल द्वारा 17-18 संदिग्ध किराना दुकानों, फूड जॉइंट्स व चिकन कार्नर में दबिश दी। निरीक्षण के दौरान बागा-सराहन में व्यापारिक परिसर में अवैध शराब रखने का एक मामला पाया गया, जिसमें किंगफिशर स्ट्रांग बियर, 19 बोतल, टूबर्ग प्रिमियम बीयर, 3 बोतल, देसी शराब उना नं.1, 13 बोतल, ओल्ड मॉन्क रम, 3 बोतल व रॉयल स्टैग, 6 बोतल जब्त की गई।

दूसरा मामला बागीपुल के पास हिमरी बावड़ी में पकड़ा गया, जिसमें देशी शराब उना नं.-1, 39 बोतल व अंग्रेजी शराब 11 बोतल जब्त की गई। तीसरा मामला निरमंड के समीप पकड़ा गया, जिसमें देशी शराब उना नं.-1, 28 बोतल जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम-2011 के तहत मामला दर्ज किया गया है। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब



- विभाग ने शराब बनाने व अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा
- सिराज क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आबकारी एवं कराधान विभाग ने दी दबिश

कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। उक्त क्षेत्रों में अवैध शराब बेचे जाने बारे सूचना मिल रही थी, उसी कड़ी में उपयुक्त छापेमारी व बरामद की गई है। उन्होंने आगे बताया कि अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। इस विभागीय निरीक्षण दल में सहायक आयुक्त आबकारी जीवन वत्सी, आबकारी अधिकारी फूलचंद तथा सहायक आबकारी अधिकारी नेत्र सिंह तथा सहयोगी कर्मचारी रविकांत, ज्ञान चंद व गोपाल शामिल थे।

## शशिभूषण पुरोहित एनयूजेआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार शशिभूषण पुरोहित को नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) में अहम जिम्मेदारी मिली है।

कुल्लू के सुल्तानपुर से संबंध रखने वाले शशिभूषण पुरोहित लंबे समय तक विभिन्न राष्ट्रीय समाचार पत्रों में बतौर ब्यूरो प्रभारी काम कर चुके पुरोहित को एनयूजेआई के आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया। एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने उन्हें इसके साथ पंजाब राज्य का प्रभारी भी नियुक्त किया है।

## जल है तो कल है नाटक के माध्यम से सैंज में लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान सैंज**

पानी की शुद्धता और संरक्षण को लेकर जल शक्ति विभाग की ओर से 10 दिवसीय जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को तलाड़ा व रैला पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से जानकारियां दी गईं।



सनद रहे कि जल शक्ति विभाग व जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा पानी की शुद्धता, स्वच्छ रखरखाव, प्राकृतिक जल स्रोतों के सरंक्षण व संवर्धन, जल जनित रोगों, जल की उपलब्धता के साथ-साथ ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों, गठन व इसके लाभों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे दस दिवसीय जनजागरूकता अभियान का शुक्रवार को कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इस मौके पर मंच के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में जहां गीत-संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। वहीं, जल है तो कल है, नामक नाटक के माध्यम से लोगों को ग्रामीण पेयजल स्वच्छता कमेटियों के कार्य, कमेटी द्वारा पानी के उचित प्रबंधन, जल जनित रोगों, पानी की शुद्धता जिसमें पानी की गुणवत्ता जांच के लिए समय-समय पर पानी के टेस्ट किए जा रहे हैं व उसके बारे विस्तृत जानकारियां दीं। इस कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग से विकास खंड समन्वयक दीपक कुमार, तलाड़ा पंचायत की सचिव मीना कुमारी, रैला पंचायत की खिला देवी, उपप्रधान कैलाश ठाकुर सहित युवक मंडल व महिला मंडल सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं नए रथ में विराजमान

**अनंत ज्ञान, बंजार**

सृष्टि के रचयिता एवं तीन लोकों के पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं नए देव रथ में विराजमान हुए हैं। साथ ही महाशक्ति माता तोतला भी नए रथ में विराजमान हुई हैं। देवता के मूल स्थान सराज घाटी के दलयाड़ा मंदिर में पिछले दो माह से देवता व देवी का घाट पड़ा हुआ था। गत दिन देवता का यह कार्य पूरा हो गया और देर रात देवता व देवी के रथ को सजाकर संपूर्ण किया गया।

देवता के दर्शन के लिए यहां सैकड़ों लोग पहुंचे हैं और करीब 60 देऊलों से देउलू देवता के लिए भेंट लेकर पहुंचे हैं। नियमानुसार रूपी के राजा महेश्वर सिंह व अठारह करडू एवं भगवान रघुनाथ जी के कारदार दानवेंद्र सिंह देव कारज के लिए यहां पहुंचे हैं। शुक्रवार को यहां विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और हजारों लोग देवता के दर्शन व आशीर्वाद लेने के लिए यहां पहुंचे। इससे पहले यहां अपने बड़े भाई के दर्शन के लिए पल्दी के छमाहूं व खणी छमाहूं पहुंचें हैं, जबकि धामणी छमाहूं व पराशर ऋषि के अलावा खोडू-



खरीडु पहले से यहां विराजमान हैं। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भी यहां देव दर्शन के लिए पहुंचे। आज सुबह यहां देवता को गाडूआ लगेगा और उसके बाद सभी देवी-देवता मंदिर से बाहर निकलकर महामिलन करेंगे। इसके बाद देवता यहां से अपनी हारयान के लिए रवाना होंगे, जैसे हि देवता यहां से रवाना होंगे, तो हर गांव में बंदूकों की हवाई फायर के साथ देवता का जग (देव कारज) शुरू होगा। सबसे पहले गांव डोगर को देवता के दर्शन जैसे ही होंगें, वहां जग शुरू होगा। देवता रास्ते से जाएंगे और जिस भी गांव को देवता नजर आएंगे, तो वहीं देवता का जग शुरू होगा। इस तरह सबसे पहले देवता फगवाना गांव में प्रवेश करेंगे, उसके बाद नाउली में फिर से गाडुआ लगेगा और वहां से देवता कोटला के लिए रवाना होंगे। कोटला से धाराखरी, धामण, लारजी, हुरला, शैलउड़ी दलयाड़ा, पढ़ारनी, डोगर, लौल आदि स्थानों पर पहुंचेंगे। देवता के कारदार मोहन सिंह ने बताया कि इस तरह करीब पूरे महीने तक हर गांव में देवता की परिक्रमा होगी और जग का आयोजन होता रहेगा। देवता के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि यहां भव्य आयोजन हुआ है। देव श्रीबड़ा छमाहूं सृष्टि के रचयिता हैं और ब्रह्म, विष्णु, महेश, आदी, शक्ति व शेष भगवान एक ही रथ में विराजमान हैं। सृष्टि की छह शक्तियां एक ही रथ में विराजमान होने से ही छमाहूं संपूर्ण होते हैं।

## रक्तदान महादान...



अनंत ज्ञान की वर्षगांठ के अवसर पर साई संजीवनी अस्पताल सोलन में रक्तदान शिविर के आयोजन में सहयोग देने पर अस्पताल के संचालक डॉ. संजय अग्रवाल और डॉ. सविता अग्रवाल का अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से आभार।





# ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटलानाला चौक तक प्रस्तावित फुटपाथ अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

माल रोड सोलन की तर्ज पर राहगीरों की सुरक्षा के लिए ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटलानाला चौक तक प्रस्तावित फुटपाथ की योजना फिलहाल अधर में है। करीब 4 महीने पहले बनी डीपीआर अभी फाइल से बाहर नहीं निकली है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रशासन और निगम के पास पैसा नहीं है। लिहाजा लोगों की सुविधा के लिए बनने वाला यह फुटपाथ अब सिर्फ फाइलों तक ही सीमित है। इससे लोग भी खफा हैं।

बता दें कि प्रशासन ने लोगों को सुविधा देने के लिए पुराने डीसी ऑफिस से तहसील और कोटलानाला से हॉस्पिटल तक फुटपाथ निर्माण करवाने की योजना बनाई थी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने साढ़े 5 करोड़ रुपए की डीपीआर भी तैयार की थी। डीपीआर तैयार करने के बाद विभाग पैसे के इंतजार में है। यह फुटपाथ करीब 4 फुट चौड़ा बनना है, जिससे लोग आसानी से चल सकें। हालांकि जगह की कमी के चलते फुटपाथ सड़क की एक तरफ ही बनेगा। (अनंत ज्ञान)



सोलन माल रोड पर नाली को कवर कर बनाया गया फुटपाथ।

### अतिक्रमण हटाने की मुहिम भी चलाई

स्थानीय प्रशासन ने सोलन शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई हुई थी। इसी कड़ी में कुछ दिनों पहले जब मशरूम चौक पर स्थानीय प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो उस समय भी एसडीएम ने साफ कर दिया था कि यह जगह खाली करनी होगी क्योंकि आने वाले दिनों में यहां फुटपाथ बनाने की योजना है। ऐसे में यदि इन जगहों पर अवैध कब्जे होंगे, तो फिर फुटपाथ का निर्माण नहीं किया जा सकता, लेकिन अब तक यहां फुटपाथ निर्माण की कोई योजना सिरे चढ़ते नजर नहीं आई है। हालांकि सोलन शहर में लोगों को सुविधा देने के लिए, माल रोड सहित मशरूम चौक से बाईपास की तरफ कुछ दूरी तक फुटपाथ का निर्माण किया गया है। लोग यहां पर आने-जाने के लिए फुटपाथ का सहारा लेते हैं। इसके अलावा ओल्ड बस स्टैंड पुलिस चौकी से चंबाघाट तक भी फुटपाथ निर्माण किया गया है।

"ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटलानाला चौक तक फुटपाथ निर्माण करने की योजना है। इसके लिए 5.50 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाई गई है, लेकिन फंड नहीं होने के चलते अभी काम शुरू नहीं किया गया है।

**रवि भट्टी, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी, सोलन।**

### निगम के हाथ खड़े

**फुटपाथ** निर्माण का काम पहले सोलन नगर निगम को करना था, लेकिन सोलन डीसी के साथ हुई बैठक में निगम ने इसे करने से मना कर दिया था। निगम ने इसके पीछे तर्क दिया कि उनके पास इतने संसाधन नहीं है कि वह यह काम कर सकें। लिहाजा यह काम पीडब्ल्यूडी को करना था। इसके बाद ही लोक निर्माण विभाग ने इसकी डीपीआर बना डीसी को सौंप दी थी। बावजूद इसके अब तक इस प्रोजेक्ट को फंड मुहैया नहीं हो सका। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के मुताबिक ओल्ड डीसी ऑफिस से तहसील तक सवा किलोमीटर और उसके बाद कोटलानाला चौक से हॉस्पिटल तक 700 मीटर फुटपाथ का निर्माण किया जाना है। इसका सीधा लाभ पैदल चलने वाले लोगों को मिलेगा। फुटपाथ की कमी के कारण पैदल यात्री वाहनों के रश से होकर निकलते हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

# परवाणू में मकान मालिक ने नाले में मिट्टी डालकर बना दिया रैंप

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

परवाणू के सेक्टर-1 में एक व्यक्ति द्वारा घर के साथ लगते नाले में मिट्टी डलवाकर रैंप का कार्य किया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि मकान मालिक ने नाले पर बनी पुलिया के साथ ही गेट लगा दिया तथा नाले में मिट्टी डलवा कर बंद कर दिया कुछ स्थानीय लोगों द्वारा यह जानकारी हिमुडा व नगर परिषद को दी गई, जिस पर दोनों ओर से अधिकारी मौके पर पहुंचे मगर काम बंद करवाने में असफल रहे।

हिमुडा द्वारा पुलिस की मदद भी ली गई, लेकिन पुलिस के जाते ही काम फिर शुरू हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जगह व नाले की थोड़ी जगह हिमुडा द्वारा ही मकान मालिक को ग्रीन लैंड के तौर पर अलॉट की गई थी, लेकिन उनके द्वारा नाले में डंगा लगाकर मिट्टी भर दी गई और धीरे-धीरे सारे नाले में मिट्टी भर कर बाहर पुलिया के पास गेट जड़ दिया। शिमला-सोलन में अतिक्रमण पर विभाग सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं, परवाणू में जानकारी होने

**अधिकारी मौके पर पहुंचे, काम बंद करवाने में रहे असफल**

के बाद भी विभाग एक-दूसरे पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। सूत्रों के अनुसार हिमुडा द्वारा परवाणू की सड़कें व नाले नगर परिषद को रखरखाव के लिए दिए गए हैं। इस बारे में बात करने पर नप सेनिटरी इंस्पेक्टर आशुतोष शर्मा ने बताया कि यह जगह हिमुडा द्वारा ग्रीन लैंड के अंतर्गत भवन मालिक को दी गई थी तथा इस पर कार्रवाई हिमुडा द्वारा की जाएगी।

वहीं, हिमुडा परवाणू के अधिशाषी अभियंता गिरीश शर्मा ने बताया कि भवन मालिक को एसडीओ की ओर से नोटिस जारी किया गया है और एक नोटिस मेरी ओर से भी दिया गया है। हमने नगर परिषद को भी नोटिस भेजा है कि जब हमने जगह आपको रखरखाव के लिए दी है, तो आपने इस पर क्या कार्रवाई की। विभागों की कागजी लड़ाई जारी है साथ ही भवन मालिक द्वारा भी नाले पर लेंटर डालने की तैयारी पूरी हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### खंड स्तरीय भोजन पाक प्रतियोगिता आज

**दाड़लाघाट।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला दाड़लाघाट में मिड-डे-मील के पाचकों की खंड स्तरीय अनूठी भोजन पाक प्रतियोगिता 14 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में क्लस्टर स्तर पर जो पाचक अपनी पाचन विधि में प्रथम आए हैं, उन पाचकों का खंड स्तर पर मुकाबला हो रहा है। यह प्रतियोगिता प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल पंवर की अध्यक्षता में हो रही है। भोजन पाक प्रक्रिया की देखरेख जयपाल शर्मा एमडीएम प्रभारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट तथा वर्षा गुप्ता एमडीएम प्रभारी राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला दाड़लाघाट एवं दोनों पाठशालाओं के एसएमसी सदस्य करेंगे। यह सभी सदस्य प्लास्टर से आए पाचकों की पाक विधि तथा पूर्ण रूप से साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे तथा उसी के अनुसार पाचकों को अंक दिए जाएंगे और जो पाचक इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा, उसे सम्मानित किया जाएगा। जानकारी देते हुए केंद्र पाठशाला के मुख्याध्यापक कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कलस्टर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पाचक पार्वती देवी राजकीय प्राथमिक पाठशाला दाड़लाघाट, महेंद्र सिंह राजकीय प्राथमिक पाठशाला पंजल, ज्योति देवी राजकीय प्राथमिक पाठशाला धैणा आदि इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन कार्यक्रम शुरू

**नाहन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत सिरमौर जिले में गठित लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एलएसयूसी) के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश हंस राज ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर में स्रोतपर्सन के रूप में चीफ डिफेंस लीगल एड काउंसलर सुभाष शर्मा, अधिवक्ता नम्रता शर्मा, मेंबर जेजेबी मधुलिका, मोहम्मद शमीम परिवीक्षा अधिकारी मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत सिरमौर में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन (एलएसयूसी) के अंतर्गत उपमंडल स्तर में कार्यरत उपमंडलीय समितियों के पैनल अधिवक्ता, असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसलर और ग्रामीण विधिक सहायता केंद्रों में तैनात पैरा लीगल वालंटियर शामिल हैं, जिनके प्रशिक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला मुख्यालय नाहन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नव कमल व मेंबर सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीएल कोचर, डिप्टी चीफ डिफेंस लीगल एड काउंसलर कमलजीत शर्मा और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता, उपमंडलीय समितियों के पैनल अधिवक्ता, ग्रामीण विधिक सहायता केंद्रों में तैनात पैरा लीगल वालंटियर है।

### सिक्स बॉल स्नूकर में खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**सोलन।** इटालियन स्नूकर हाल सोलन में राज्य स्तरीय सिक्स बॉल स्नूकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. राजेश कश्यप भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने किया। इसमें हिमाचल के लगभग सभी जिलों से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसमें जीतने वाले खिलाड़ी को 50 हजार रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। पहले दिन लगभग 10 मैचेस में खिलाड़ियों ने अपना खूब दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का समापन 15 को होगा। प्रतियोगिता में ऑर्गेनाइजेशन कमेटी के सदस्य के रूप में शर्मा बेकर्स, भूपेंद्र, मोहित पूरी शामिल हैं। वहीं, मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे डॉक्टर राजेश कश्यप ने सबसे पहले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि वह प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ खेलें।

### उपमुख्यमंत्री आज नालागढ़ के प्रवास पर

**सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 दिसंबर को नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। मुकेश अग्निहोत्री 14 को प्रातः 11.30 बजे नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भोगपुर, घरोटी बाईपास, नग्गर, ग्राम पंचायत खिल्लियां, आदुवाल, बगेरी मंडन बास, टिक्करी, प्लासरा, कंगनवाल, दभोटा, कटिरडू माजरा, चामलियां, खोखरा, नंगल ढाकां, रामपुर हरिजन बस्ती, कुलाड़ी, धाना-2, धाना-1 तथा नंगल में विभिन्न सिंचाई एवं जलापूर्ति योजना का लोकार्पण करेंगे। उपमुख्यमंत्री नालागढ़ उपमंडल में विभिन्न उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं के स्रोत स्तर पर संवर्द्धन कार्य का शुभारंभ करेंगे। मुकेश अग्निहोत्री उठाऊ जलापूर्ति योजना आदुवाल के सुधार कार्य का शुभारंभ भी करेंगे। इस योजना से आदुवाल एवं साथ लगते गांव लाभान्वित होंगे। मुकेश अग्निहोत्री तदोपरांत रात्रि 8 बजे नालागढ़ में आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले की सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि होंगे।

# यूको आरसेटी के निशुल्क रोजगार संबंधी प्रशिक्षण का लाभ उठाएं युवा : सुमित खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने यूको आरसेटी से आग्रह किया कि पात्र युवाओं को समय पर संस्थान में लगाए जाने वाले सभी प्रशिक्षण शिविरों की जानकारी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। यह संस्थान स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अग्रणी एवं प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

संस्थान द्वारा विभिन्न ट्रेडों में निशुल्क रोजगार संबंधी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसका युवा वर्ग को लाभ उठाना चाहिए। डीसी सुमित खिमटा डीसी कार्यालय के सभागार में यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) की स्थानीय परामर्श समिति की तिमाही बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यूको आरसेटी की ओर से सितंबर तक 12 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से 380 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने सभी बैंकों से यूको आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार के लिए उदारता और सरलता से ऋण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से अपना सहयोग देने की अपील की। आरसेटी की ओर से आयोजन प्रशिक्षण शिविरों के दौरान सभी विभाग अपने विभाग की स्वरोजगार संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रशिक्षुओं को प्रदान करने के उद्देश्य से डीआरडीए, बागवानी और कृषि विभाग को निर्देश दिए कि आरसेटी के साथ समन्वय बनाकर विभाग की स्वरोजगार संबंधी योजनाओं बारे प्रशिक्षुओं को अवगत करवाया जाए।



यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की स्थानीय परामर्श समिति की तिमाही बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर सुमित खिमटा।

# द लॉरेंस स्कूल सनावर ने छात्रों की उपलब्धियों का मनाया उत्सव

**अनंत ज्ञान, सोलन**

द लॉरेंस स्कूल सनावर ने 2025 के बैच को विदाई देने के लिए स्कूल चैपल में विशेष सभा का आयोजन किया। इस समारोह में छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया, जिससे पूरे स्कूल समुदाय में एक भावनात्मक और उल्लासपूर्ण माहौल बना।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विनोद सुल्तानपुरी थे, जो 2000 बैच के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र और वर्तमान में विधायक हैं। अपने संबोधन में सुल्तानपुरी ने सनावर में बिताए अपने समय की यादें साझा की और विद्यार्थियों को साहस और दृढ़ता के साथ आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। सभा के दौरान अकादमिक, सह-पाठयक्रम गतिविधियों, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्कूल ध्वज परेड और नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल कलर्स और मेधा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर हेड बॉय शिवांश सांगवान और हेड गर्ल गायत्री सूद ने विदाई भाषण दिए, जिसमें उन्होंने अपनी यादगार स्मृतियों और स्कूल के उनके जीवन पर पड़े अमिट प्रभाव को साझा किया। प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लों ने भी सभा को संबोधित किया और बैच को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी।



# 16 को आईटीआई नाहन के प्रांगण में कैंपस इंटरव्यू

**नाहन।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाहन के प्रधानाचार्य अशरफ ने बताया कि 16 दिसंबर को संस्थान के प्रांगण में ब्लू स्टार इंडिया लिमिटेड कालाआंब द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा इस इंटरव्यू के माध्यम से आईटीआई पास इलेक्ट्रीकल, फिटर तथा अन्य तकनीकी व्यवसायों के 100 लड़कों व लड़कियों का चयन किया जाएगा तथा चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 19500 रुपए तथा शिक्षार्थी को 1600 रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त कंपनी की ओर से वर्दी, नाश्ता तथा दोपहर का भोजन निशुल्क प्रदान किया जाएगा। आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थियों के लिए अपना भविष्य संवारने का यह बेहतरीन मौका है। उन्होंने आईटीआई पास से इस इंटरव्यू का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया।

## बिजली उपभोक्ता 20 दिसंबर तक करवाएं ई-केवाईसी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड सोलन ने उपमंडल सोलन-1 के अंतर्गत सभी बिजली उपभोक्ता से आग्रह किया कि अपने बिजली मीटर खाता संख्या को अपने आधार कार्ड से जल्द जोड़ें, ताकि उन्हें सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाएं पूर्ववत मिलती रहें। यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन-1 के सहायक अभियंता ने दी।

उन्होंने कहा कि कंजयूमर मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने की ई-केवाईसी प्रक्रिया आरंभ हो गई है। सभी उपभोक्ताओं को 20 तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली का कोई भी नया या पुराना बिल तथा आधार कार्ड से जुड़े हुए अपने मोबाइल नंबर को साथ रखना होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश घर से ई-केवाईसी न हो पाए तो उपभोक्ता बिजली बोर्ड के कार्यालय में आकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। सहायक अभियंता से सभी उपभोक्ताओं से अपना बिजली का बिल समय पर जमा करवाने का आग्रह भी किया है।

# भारतीय भाषा उत्सव कविता प्रतियोगिता में राफिया अमन प्रथम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के साहित्यिक क्लब बजम-ए-काव्या ने महाकवि सुब्रमंयम भारती को सम्मानित करने और भारत की भाषाई और साहित्यिक विरासत का जश्न मनाने के लिए सिनेप्लेक्स में भारतीय भाषा उत्सव कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 14 प्रतिभागी, दो जज और 10 संकाय सदस्य शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अदिति जमदग्नि के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। बज्म-ए-काव्या के अध्यक्ष अरीब आफताब ने दर्शकों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के नियमों से परिचित करवाया। प्रतिभागियों ने विभिन्न भाषाओं में कविताएं प्रस्तुत कीं, नमिता सैनी ने दिल छू लेने वाली प्रस्तुति दी, जो दर्शकों को बहुत पसंद आई। बज्म-ए-काव्या की सचिव आशी शर्मा ने मार्मिक कविता के साथ प्रतियोगिता का समापन किया। निर्णायक डॉ. तेज नाथ धर और प्रियंका ठाकुर ने प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. पूर्णिमा बाली, डॉ. एकता सिंह, डॉ. प्रकाश चंद, हेमंत कुमार शर्मा, डॉ. कमल गौतम, डॉ. बाबू सुंदरम और प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा सहित संकाय सदस्य उपस्थित थे। शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने साहित्यिक प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रशंसा को बढ़ावा देने के लिए बज्म-ए-काव्या की प्रशंसा की। उन्होंने भाषाई विविधता को बढ़ावा देने में ऐसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। नतीजों की घोषणा डॉ. तेज नाथ धर ने की। राफिया अमन (बीबीए द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उज्ज्वल कुमार ने उपविजेता का स्थान हासिल किया।



शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

## ऑनलाइन लर्निंग में शूलिनी 25वें स्थान पर

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी ने टाइंस हायर एजुकेशन (टीएचई) ऑनलाइन लर्निंग रैंकिंग (ओएलआर) में प्रतिष्ठित सिल्वर रेटिंग हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस मान्यता ने शूलिनी विश्वविद्यालय को ऑनलाइन शिक्षा के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष 25 संस्थानों में शामिल कर दिया है और 11 विश्वविद्यालयों के चुनिंदा समूह में से एक को उनके मजबूत प्रदर्शन और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सिल्वर रेटिंग से सम्मानित किया गया है। ओएलआर-2024, ऑनलाइन शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने वाली पहली वैश्विक पहल है, जिसने संस्थानों को चार स्तरों में वर्गीकृत किया है। भारत में, शूलिनी यूनिवर्सिटी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) और मानव रचना यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में शामिल हो गई, जिन्हें गोल्ड रेटिंग मिली।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन में विभिन्न हिंदू संगठनों ने वीरवार देर शाम बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन किया है।

शहर में विभिन्न हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शाम 5 बजे इकट्ठा हुए और यहां से माल रोड होते हुए पुराने डीसी ऑफिस तक रैली निकाली। इस दौरान हिंदू संगठनों के लोगों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं की माने तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, जो कि पूरे तरीके से गलत है। रैली में हिंदू संगठनो की तरफ से सामाजिक सद्भाव प्रांत प्रमुख जितेंद्र सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में जो हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है वह असहनीय है। इस रैली के माध्यम से वह राष्ट्रपति को कहना चाहते हैं कि वह यूएनए में हमारी आवाज उठाएं और बांग्लादेश में जो हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है उसके लिए वह बांग्लादेश पर प्रेशर बनाएं।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो आने वाले दिनों में भीड़ बेकाबू हो सकती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों, अन्यथा बांग्लादेश को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे यदि तुरंत हिंसा बंद नहीं हुई तो बांग्लादेश का भी वही हाल होगा, जो आज पाकिस्तान का है। वहां के राजनेताओं को यह समझना चाहिए कि जब तक संसद भंग न हो तब तक अंतरिम सरकार गैर कानूनी है। संयुक्त राष्ट्र संघ व मानवाधिकार संगठन तुरंत हस्तक्षेप करें।




बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हिंदू संगठन।

# सोलन की बेटियों के लिए पाइनग्रोव स्कूल में निशुल्क शिक्षा का अवसर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू जिला सोलन में लड़कियों के लिए चयन परीक्षा 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। समाज सेवा को जारी रखते हुए प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्रा हिमाचल प्रदेश जिला सोलन की स्थायी निवासी होनी चाहिए। यह योजना हिमाचल जिला सोलन के परिवारों में एक उम्मीद की किरण ला सकती है।

पाइनग्रोव स्कूल पिछले कई वर्षों से जिला सोलन की छात्राओं को चयनित कर रहा है और कुछ छात्राएं आज भी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। छात्रा प्रथम कक्षा से ही सरकारी पाठशाला में पढ़ रही हो। छात्रा की आयु 11 वर्ष होनी चाहिए तथा वर्तमान में पांचवीं कक्षा में पढ़ रही हो। प्रत्येक वर्ष चयन परीक्षा के आधार पर दो सर्वश्रेष्ठ छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल, सूबाथू में प्रवेश दिया जाता है।

**छात्रा की आयु 11 वर्ष होनी चाहिए तथा वर्तमान में पांचवीं कक्षा में पढ़ रही हो**

इन छात्राओं को पाइनग्रोव स्कूल द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। पाइनग्रोव स्कूल सीबीएसई, आईपीएससी, आई ए वाईपी और एनसीसी, बिट्रिश कौंसिल आईएसओ 9001.2000 से प्रमाणित है। पाइनग्रोव स्कूल न केवल हिमाचल का बल्कि देश के प्रतिषिठत स्कूल में से एक है, जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए तैयार किया जाता है। पाइनग्रोव स्कूल ने डीसी सोलन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश को सूचित किया है कि वह अपने बलबूते पर सोलन की लड़कियों की सहायता कर रहे हैं और अनेक लडकियां अपनी योग्यता, कला, गुणों से संपन्न तो हैं ही लेकिन आर्थिक समस्या के कारण उन्हें अच्छे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर नहीं मिलता है।

**आयोजन** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने पीएम श्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर अर्की स्कूल के वितरण समारोह में पहुंचे

# प्रत्येक बच्चे तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाना सरकार का उद्देश्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी सोलन के अर्की उपंडल के पीएम श्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय अर्की के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन का आधार मजबूत बनाती है। छात्र के जीवन की नींव को सुदृढ़ करने में शिक्षक व अभिभावक का संयुक्त योगदान महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए शिक्षा व संस्कार छात्र का एक सच्चे साथी के रूप में साथ निभाते हैं। शिखर तक पहुंचने के लिए परिश्रम के साथ-साथ लक्ष्य निर्धारण के अनुरूप कार्य योजना बनाना आवश्यक है। निरंतर सीखना, समय का सदुपयोग करना और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते रहने से ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रबंधन, पैरा-मेडिकल फार्मेसी, नर्सिंग, विधि तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थानों व मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम 20 लाख तक शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है। विद्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रारूप के अनुरूप धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

# प्रदेश को विकास के शिखर तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश को विकास के शिखर तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

संजय अवस्थी ने सोलन के अर्की उपंडल की नगर पंचायत अर्की के वार्ड नंबर-3 में 60 लाख 10 हजार 347 रुपए की लागत से लगभग 40 वाहनों की पार्किंग के लिए दो मंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि सीएम सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को विकास के शिखर तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विकासात्मक योजनाएं आरंभ की गई हैं। प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया है।

10 गारंटी योजनाओं में से 7 गारंटी योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। शेष गारंटी योजनाओं को जल्द पूरा किया जाएगा, ताकि लोगों की इनकी सुविधा मिल सके। अर्की विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति तेज करने के लिए यथासंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## सूचना

**मैं, थानेश्वर** पुत्र किशन चंद निवासी ग्राम लोहानजी (803), डाक खाना कुमारहट्टी, तहसील एवं जिला सोलन, (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र साहिल के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा नाम थानेश्वर के स्थान पर राकेश और मेरी पत्नी का नाम मोनिका के स्थान पर ममता अंकित है। कृपया इसे तदनुसार थानेश्वर और मोनिका के रूप में बदलें।

# केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने कई देशों में स्थापित की आयुष चेयर

## विषय विशेषज्ञ करेंगे दुनिया में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार पर विमर्श

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

दुनिया में आयुर्वेद का परचम लहराने की रणनीति उत्तराखंड की धरती पर बनेगी। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में तीन दिन इंटरनेशनल असेंबली का आयोजन किया जा रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के स्तर पर स्थापित आयुष चेयर के प्रतिनिधि इस असेंबली में उपस्थित रह कर विचार-विमर्श करेंगे। मकसद यह ही है कि दुनिया के तमाम देशों में आयुर्वेद के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए रणनीति तैयार की जा सके।

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में जो कार्यक्रम फाइनल हुआ है, उसमे इंटरनेशनल असेंबली तीन दिन कराए जाने का निर्णय लिया गया है। 12 से लेकर 14 दिसंबर तक हर दिन असेंबली का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें विदेशों में स्थापित आयुष चेयर के डेलीगेट्स असेंबली का हिस्सा होंगे, जिनकी संख्या 40 से 50 के करीब रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह दुनिया में आयुष के प्रचार के लिए ब्रांड एंबेसडर बनकर कार्य किया है, उससे आयुष के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। उत्तराखंड भी इस अभियान में कदमताल कर रहा है। अब वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस जैसे विश्व स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी का उत्तराखंड को महत्वपूर्ण अवसर मिला है। उत्तराखंड का सौभाग्य है कि वह आयुर्वेद के इस विश्व स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# मैक्मा एक्सपो-2024 में पहले दिन बड़ी संख्या में शामिल हुए उद्योगपति

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मैकमा एक्सपो-2024, भारत की प्रमुख मशीन टूल और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी, मशीन टूल प्रदर्शनी, आज परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में धूमधाम से शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्यातिथि भाजपा चंडीगढ़ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य संजय टंडन द्वारा किया गया। यह एक्सपो 16 दिसंबर तक चलेगा।

इस अवसर पर टंडन ने कहा कि यह प्रदर्शनी उद्यमियों को बेहतरीन अवसर प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर की तरक्की के लिए ऐसे एक्सपो का आयोजन करना बहुत जरूरी है।

वहीं, करमजीत सिंह ने कहा कि आज मैकमा एक्सपो के पहले दिन बड़ी संख्या में उद्योगपतियों और आम लोगों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को गुरमीत सिंह कुलार अध्यक्ष फिको, जंग बहादुर, गुरमेल सिंह, महिंद्र सिंह (एएलएमटीआई) विशेष अतिथि के तौर पर एक्सपो में शामिल हुए।

# मेयर ने टेरेस्ड गार्डन में गुलदाउदी शो का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



फूलों के शहर के रूप में जाना जाने वाला सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ के सेक्टर 33 स्थित टेरेस्ड गार्डन में खूबसूरत गुलदाउदी शो का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय पुष्प शो का उद्घाटन शुक्रवार को चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर एमसीसी के कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस, अंजू कत्याल, क्षेत्र की पार्षद आदि उपस्थित थे।

नगर निगम ने इसे 'जीरो वेस्ट' कार्यक्रम बनाया। इसके अलावा नगर निगम चंडीगढ़ की विभिन्न पहलों और परियोजनाओं तथा डीएवाई-एनयूएलएम के तहत पंजीकृत स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए, जिसका समापन 15 दिसंबर को होगा। मेयर और कमिश्नर ने स्वच्छ भारत मिशन सहित सभी स्टॉलों का दौरा किया। इसके अलावा एमसीसी ने नगर निगम, चंडीगढ़ द्वारा सहायता प्राप्त स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जा रहे 'अर्पण' के बैनर तले फूलों के कचरे से छड़ें और अन्य सामान बनाने की अपनी अनूठी पहल का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने निगम के मजदूरों और मालियों को मिठाई वितरित कीं, जिन्होंने गुलदाउदी के समूहों को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करने में बहुत योगदान दिया।

## बधाई संदेश



I have been a reader of Anant Gyaan Newspaper for the last one year. I have been reading and watching news from all over the state through your newspaper and TV channel. All the information provided by you proves to be very useful for me. Anant Gyaan Newspaper and TV Channel have completed one year. On behalf of me and my family, heartiest wishes for the first anniversary of Anant Gyaan Newspaper. I hope that you will continue to work with the same dedication and truthfulness in future as well.

**Dr. Vipan Kumar Bhulal**
**Assistant Professor**
**Himachal Pradesh University**
**Department of Evening Studies**
**Shimla**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र एवं वैब टीवी की प्रथम वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता जगत में आपके प्रयास और परिश्रम से आज अनंत ज्ञान हर जुबां पर चढ़ चुका है। आपके एक वर्ष में किए गए कार्य सराहनीय हैं, जिसके के लिए समस्त अनंत ज्ञान परिवार बधाई का पात्र है। एक बार पुन: मेरी ओर से प्रथम वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामानाएं।

**शकुल राणा**
**बीजेपी आईटी सेल, जयसिंहपुर**
**राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी उपाध्यक्ष जिला कांगड़ा**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल की पहली वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं आप सभी के अथक प्रयासों, अटूट समर्पण और अथक जुनून के लिए आप सभी को बधाई देता हूं। पत्रकारिता के क्षेत्र में आपके अटूट समर्पण और असाधारण कार्य ने न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस महान पेशे में आपकी दृढ़ता और ईमानदारी वास्तव में प्रेरणादायक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर एक बार फिर बधाई। पहली वर्षगाठ की शुभकामनाए टीम अनंत ज्ञान।

**अशोक नागरा**
**बीजेपी आईटी सेल**
**जयसिंहपुर**

## बधाई संदेश



On the momentous occasion of Anant Gyan Daily News paper and TV channel first anniversary, I am thrilled to express my deepest gratitude to each and every one of you for your tireless efforts, unwavering dedication and exceptional work in the fields of journalism have not only enlightened the public but also played a pivotal in addressing societal issues bringing them to attention of the government and administration.In just one year, Anant Gyan has established itself as a reputable and trusted source of news, thanks to your collective hard work. Your Commitment to journalistic excellence, teamwork and timely delivery has resulted in depth coverage of local and national news, provoking editorials and opinion pieces, Engaging features and supplements and Timely and accurate reportingYour perseverance and integrity in this noble profession are truly inspiring. Once again congratulation on this remarkable milestone. We look forward to witnessing many more years of your exemplary service to society Here's to many more years of growth, innovation and success IHappy First Anniversary, Team Anant Gyan.

**Warm Regards**
**Jai Shri Kapoor**
**Principal, G.S.S.S. (Boys) Mandi**

## बधाई संदेश



हिमाचल प्रदेश में एक नया नाम उभरकर और पत्रकारिता जगत में सराहनीय कार्य करने के साथ अनंत ज्ञान दैनिक समाचार एवं वेब टीवी की समस्त टीम को पहली वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं। हर छोटी-बड़ी समस्या को प्रमुखता से उठाना और सरकार और प्रशासन के समक्ष रखने में अनंत ज्ञान अग्रणी रहा है। एक वर्ष में ही अनंत ज्ञान का नाम प्रदेश भर में उभरता हुआ नजर आ रहा है जिसके लिए अनंत ज्ञान की संपूर्ण टीम बधाई की पात्र है।

**रामपाल शर्मा**
**मेरे अपने ग्रुप, मंडी।**

## बधाई संदेश



पहली वर्षगांठ की अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और वेब टीवी को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अनंत ज्ञान अपने एक वर्ष के कार्यकाल में पाठकों की पहली पंसद बन चुका है और पूरे प्रदेश के समाचार जहां एक ही समाचार पत्र में प्राप्त होते हैं उससे समाचार पत्र में चार चांद और लग जाते हैं। लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना हो या धार्मिक लेख हो, पाठकों का मन लगा रहता है। अनंत ज्ञान परिवार के इस अतुलनीय प्रयास के लिए समस्त टीम बधाई की पात्र है।

**राजकिशन शर्मा**
**उप महानिरीक्षक (सेवानिवृत्त) सशस्त्र सीमा बल।**

## बधाई संदेश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र एवं वेब टीवी के एक वर्ष पूर्ण होने पर बहुत-बहुत बधाई। अनंत ज्ञान द्वारा हर समस्या को उजागर कर प्रशासन तक पहुंचाने से समस्या का हल होने तक जुटे रहने से आज बहुत से लोगों की पहली पसंद अनंत ज्ञान बन गई है। यह अनंत ज्ञान की टीम द्वारा किए गए परिश्रम और मेहनत का ही परिणाम है, जिसके लिए मेरी ओर से समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

**नीरज शर्मा**
**एंकर, मंडी।**

# 'एक भारत, हम भारत' पदयात्रा अमृतसर में कल

**अमृतसर।** मैत्रीबोध परिवार द्वारा रविवार को अमृतसर के फनलैंड कंपनी बाग में आयोजित की जा रही 'एक भारत, हम भारत' पदयात्रा में 1500 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे। पदयात्रा में भाग लेने वाले लोग प्रेम और शांति के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए एकजुट होंगे। यह ऐतिहासिक घटना सिर्फ एक यात्रा नहीं है, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को पुनर्जीवित करने का एक मिशन है, जो मानवता के सामूहिक विकास को बढ़ावा देने में साझा सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर जोर देती है। दुनिया को एक परिवार के रूप में एकजुट करने की दृष्टि से, पदयात्रा का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक विरासत में गहराई से जुड़े प्रेम, एकता और शांति के मूल्यों को फिर से स्थापित करना है।

# बचपन प्ले स्कूल ने मनाया 14वां वार्षिकोत्सव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बचपन प्ले स्कूल जीरकपुर ने अपने 14वें वार्षिकोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ किया। 'जंगल' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने सभी अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्री-नर्सरी के बच्चों द्वारा दिल को छू लेने वाले प्रस्तुति 'जंगल-जंगल बात चली है' से हुई। इस परफॉर्मेंस ने पूरे कार्यक्रम को मनोरंजन से भर दिया और कई सामाजिक संदेश भी दिए। नर्सरी के बच्चों ने 'बेटी बचाओ' विषय पर अपनी प्रस्तुति से सभी को भावुक कर दिया। वहीं, एलकेजी के छात्रों ने 'पापा मेरी जान' और राजस्थानी लोक नृत्य जैसे मनमोहक परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। इसके अलावा, बच्चों ने कव्वाली, 'शिवजी का डमरू बजे' और जोशीले भांगड़ा के साथ अपनी ऊर्जा और उत्साह का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर, सुश्री रीता ने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों की मेहनत, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का उत्सव है।

# एमसीसी अधिकारियों ने स्वेच्छा से मनोरंजन शुल्क में की कटौती

**चंडीगढ़।** अपने बॉस के पदचिन्हों पर चलते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ के सभी पात्र अधिकारियों ने आज स्वेच्छा से अपने मनोरंजन शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की, जिससे प्रति वर्ष 8 लाख रुपए की बचत होगी। संयुक्त आयुक्तों, मुख्य अभियंता, एसई, सभी कार्यकारी अभियंताओं और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित एमसीसी के लगभग 28 अधिकारियों ने स्वेच्छा से अपने मनोरंजन शुल्क में कटौती की। इससे पहले, एमसीसी आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने अपने मनोरंजन शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया था, जो प्रति वर्ष 90 हजार खर्च होता है। नगर निगम चंडीगढ़ इन दिनों भारी वित्तीय संकट का सामना कर रहा है और आयुक्त ने अपने सभी अधिकारियों को खर्च में कटौती करने और निगम में अधिकतम राजस्व सृजन के उपाय तलाशने का निर्देश दिया है।



# चैंपियन गुकेश को ट्रॉफी मिली, स्टारडम का आनंद लिया

एजेंसी, सिंगापुर

रात भर जागने के बाद उनकी आंखें दर्द कर रही थीं, लेकिन डी गुकेश ने लगातार कई कार्यक्रमों में भाग लिया और सैकड़ों ऑटोग्राफ देने के बाद विश्व शतरंज चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने हाथों में ली। चेन्नई के 18 वर्षीय गुकेश ने गुरुवार को चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ 18वें और वह पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए।

इस खिताब को जीतने वाले गुकेश को 1.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 11.03 करोड़ रुपए) की भारी भरकम राशि मिली। अगली सुबह की शुरुआत ट्रॉफी की एक झलक पाने से हुई, जिसे उन्होंने छूने से इनकार कर दिया क्योंकि वे शाम को समापन समारोह तक इंतजार करना चाहते थे।

चेन्नई के 18 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे युवा विश्व चैंपियन बने। फिडे (अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ) के अध्यक्ष अर्कादी ड्वोर्कोविच द्वारा ट्रॉफी दिए जाने के बाद उन्होंने आखिरकार ट्रॉफी को अपने हाथों में लिया।




उनके परिचय में फिडे प्रस्तुतकर्ताओं ने उनके 'शानदार संतुलन' और 'बेहतरीन प्रदर्शन' के बारे में बात की जो उन्होंने एक बड़े और अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किया।

गुकेश ने शीर्ष पदक और पुरस्कार राशि मिलने के बाद कहा, "यह क्षण ऐसा लग रहा है जैसे मैंने इसे लाखों बार जी लिया है। हर सुबह जब मैं जागता था तो यह पल ही मेरे जागने का कारण होता था। इस ट्रॉफी को थामना और यह वास्तविकता मेरे जीवन में किसी भी चीज से ज्यादा मायने रखती है।"

इससे पहले वह अपने प्रशंसकों से मिलने और उनका अभिवादन करने के लिए बैठ गए, जिसमें युवा, बूढ़े और छोटे बच्चे शामिल थे। कतार में खड़े लोगों में न केवल भारतीय प्रवासी शामिल थे बल्कि सिंगापुर के स्थानीय लोग भी थे जो शतरंज के बोर्ड लेकर आए थे और गुकेश का हस्ताक्षर चाहते थे।

युवा खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि नींद की कमी के कारण उनकी आंखें जल रही थीं, लेकिन उन्हें बहुत अच्छा लग रहा था। उन्होंने कहा, "यह यात्रा किसी सपने से कम नहीं रही। इसमें कई उतार-चढ़ाव आए, कई चुनौतियां आईं, लेकिन मैं इसमें एक भी बदलाव नहीं करना चाहता क्योंकि यह मेरे साथ रहे लोगों की वजह से खूबसूरत रहे।"

उन्होंने चुनौती देने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रति, उनके माता-पिता के प्रति, उनकी टीम, मेजबान देश और पिछले तीन हफ्तों में मिले कई नए प्रशंसकों तथा भगवान के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पांच करोड़ का पुरस्कार

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए डी गुकेश के लिए पांच करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

### आलोचना को नजरअंदाज करें आनंद ने गुकेश से कहा

**महान** शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने डी गुकेश से कहा कि वह चीन के डिंग लिरेन के साथ विश्व चैंपियनशिप खिताबी मुकाबले के स्तर पर सवाल उठाने वालों को नजरअंदाज करें क्योंकि आलोचना हमेशा सफलता के साथ ही आती है। भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने गुरुवार को इतिहास रच दिया, वह सिंगापुर में विश्व चैंपियनशिप की 14वीं और अंतिम बाजी में लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।



### सबसे युवा विश्व चैंपियन बनना बहुत बड़ी बात : शुभमन गिल

**ब्रिसबेन।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से डी गुकेश को बधाई दी जो सबसे युवा शतरंज विश्व चैंपियन बने हैं। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब जीता। गिल ने कहा," मैं डी गुकेश को पूरी भारतीय टीम की ओर से बधाई देना चाहता हूं। सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बनना ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।"

# मुंबई सैयद मुश्ताक अली टी-20 के फाइनल में

एजेंसी, बेंगलुरु

अजिंक्या रहाणे ने टी-20 में अपने नए तेवर जारी रखते हुए 98 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे मुंबई ने बड़ौदा पर छह विकेट की जीत के साथ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

मुंबई के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल विकेट चटकाते हुए बड़ौदा को सात विकेट पर 158 रन पर रोक दिय। इसके बाद टीम ने रहाणे की 56 गेंदों (11 चौके और पांच छक्कों) की तूफानी पारी से इस सेमीफाइनल मैच को 17.2 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर जीत लिया।

मुंबई के सामने रविवार को फाइनल में दिल्ली और मध्य प्रदेश के खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। अपनी कलात्मक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रहाणे इस टी-20 टूर्नामेंट में लगातार आक्रामक बल्लेबाजी से सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन्होंने हार्दिक पंड्या के खिलाफ बड़े छक्के के साथ 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।


अजिंक्या रहाणे

हार्दिक की गेंद पर सलामी बल्लेबाज पार्थिव पटेल (आठ) के जल्दी आउट होने का रहाणे की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए 2014 चैंपियन वावरिंका को वाइल्ड कार्ड

**मेलबोर्न।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका को जनवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वावरिंका के साथ ऑस्ट्रेलिया के ट्रिस्टन स्कूलकेट, लि टू, जेम्स मैकाबे, डारिया साविले, एला टोमजानोविच, एमर्सन जोंस, टालिया गिब्सन और माया जोइंट को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। वावरिंका ने 2014 में राफेल नदाल को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था। उन्होंने 2015 फ्रेंच ओपन और 2016 अमेरिकी ओपन भी जीता।



### भारत ने महिला जूनियर विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**मस्कट।** दीपिका के चार गोल की बदौलत गत चैंपियन भारत ने शानदार जीत की राह पर लौटते हुए थाईलैंड को 9-0 से रौंदकर महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और आगामी जूनियर विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया। भारत ने 17वें मिनट में राणा साकाशी के जरिए गोल किया। भारतीय टीम खेल के शुरुआती क्षणों में थाई डिफेंस को भेदने में सफल नहीं रही, लेकिन एक बार गोल होने के बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा।



### ग्लैमरस और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध लॉरेन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की 23 साल की युवा तेज गेंदबाज लॉरेन बेल अपने ग्लैमरस और खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अब तक इंग्लैंड के लिए तीन टेस्ट, 14 वनडे और 23 टी-20 मैच खेले हैं। टेस्ट में उनके नाम आठ विकेट, वनडे में 27 विकेट और टी-20 में 32 विकेट हैं।



# गाबा पर इतिहास दोहराने के लिए भारत की उम्मीदें कप्तान रोहित और विराट पर


एजेंसी, ब्रिसबेन

एडीलेड में मिली हार के बाद गाबा पर वापसी के इतिहास को दोहराने के इरादे से भारतीय टीम शनिवार से शुरू हो रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में जब ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी तो नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली के बल्लों पर लगी होंगी।

सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद ब्रिसबेन टेस्ट निर्णायक साबित हो सकता है। भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाना चाहेंगे, जिनके लिए ट्रेविस हेड दूसरे टेस्ट में संकटमोचक साबित हुए। स्टीवन स्मिथ और कोहली दोनों ही लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह है जिसने सीरीज के बाकी सभी गेंदबाजों को अपने सामने बौना साबित कर दिया है। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अधिक सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्हें रोहित और कोहली जैसे बल्लेबाजों से अच्छे रनों की भी दरकार है ताकि वह खुलकर गेंदबाजी कर सके। रोहित और कोहली के खराब फॉर्म को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और आधुनिक क्रिकेट के इन दोनों महानायकों के लिए यह टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा। उनकी गैर-मौजूदगी में भारत ने 2021 में यहां वापसी करके शानदार जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दोनों पर उछाल और सीम से हमले बोले हैं और यहां भी पिच से अच्छी सीम मिलने की उम्मीद है। रोहित और कोहली के पास प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन इस समय फॉर्म साथ नहीं दे रहा।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी


विराट कोहली



शुभमन गिल

**05** मैचों की सीरीज
अभी 1-1 से बराबर

मैच : सुबह 5.50 बजे से

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, लोकेश राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रूव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर में से।

**ऑस्ट्रेलिया एकादश।** पैट कमिंस (कप्तान), जोश हेजलवुड, एलेक्स कैरी, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

### भारतीय बल्लेबाजों को 'बाउंसर्स' से परेशान करने की चेतावनी

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एडीलेड टेस्ट के बाद अब यहां तीसरे टेस्ट में भी भारतीय बल्लेबाजों को 'बाउंसर्स' से परेशान करने की चेतावनी दी है।



ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों खासकर कमिंस ने एडीलेड में गुलाबी गेंद टेस्ट की दोनों पारियों में भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। ऑस्ट्रेलिया ने वह टेस्ट दस विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की।

कमिंस ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,"एडीलेड टेस्ट में यह रणनीति कारगर रही। यह प्लान बी के रूप में हमेशा जेहन में रहता है।"

उन्होंने कहा ," अगर यह वाकई उन्हें असहज बना रहा था तो हम इसे प्लान ए भी बना सकते हैं। एडीलेड में यह असरदार रहा और मुझे यकीन है कि तीसरे टेस्ट में भी काम करेगा।"

कमिंस ने जसप्रीत बुमराह का आत्मविश्वास के साथ सामना करने वाले अपने बल्लेबाजों की भी तारीफ की जो पर्थ टेस्ट में ऐसा नहीं कर पाए थे।

## सुशील कुमार शर्मा बने हिमाचल बास्केटबॉल संघ के प्रधान

आशीष दमीर, कांगड़ा

जिला कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के चतुर्वार्षिक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी जितेंद्र शर्मा एडिशनल एडवोकेट जनरल की देखरेख में संपन्न हुए, जिसमें बास्केटबॉल फेडरेशन ऑब्जर्व जुगराज सिंह व अनिल मेहता, ओलंपिक एसोसिएशन आब्जर्वर सतिंदर त्रेहन, युवा सेवाएं खेल विभाग से सतिंदर शर्मा बतौर आब्जर्वर उपस्थित थे।

संघ ने सर्वसम्मति से सुशील कुमार शर्मा को प्रधान व मुनीश शर्मा को महासचिव चुना गया जबकि कोषाध्यक्ष का पदभार सुरेंद्र शर्मा को सौंपा गया।

पूर्व महासचिव अजय सूद को संगठन में सीईओ का पदभार दिया गया और बृजेन्द्र शील को संघ का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अशोक भुट्टो को पुरुषों के वर्ग में चयन समिति का चेयरमैन और बृज मोहन को कन्वीनर नियुक्त किया गया। महिला वर्ग में राजकुमार राणा को चयन समिति का चेयरमैन बनाया गया और संदीप मित्तल कन्वीनर नियुक्त किया गया। उपप्रधान पद के लिए भावना शर्मा, दीपक साहनी, सुरेश रनौत, मनोज चड्ढा, केके नेगी तथा उमेश पाल टेक्निकल चेयरमैन तथा संजय ठाकूर को रेफरी बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया।



डॉ. प्रवीण रनौत, मदन बोध, बलवंत सिंह, राकेश कुमार, छुंकी देवी पवन कुमार, विनोद बराड़, धर्म सिंह, हरमेश, अमिता सैनी, राजू और रचना शर्मा को एक्जीक्यूटिव सेक्रेटरी बनाया गया। इस मौके पर प्रदेश बास्केटबॉल संघ के संरक्षक केआर गर्ग जिला सोलन, महासचिव राजकुमार पाल, राकेश ठाकुर, जगमोहन, सुरेश और विनय कुमार मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### द्रविड़ के बेटे ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी मैच में जड़ा नाबाद शतक

**मुलापाडु (आंध्र प्रदेश)।** दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने झारखंड के खिलाफ ड्रॉ हुए विजय मर्चेंट ट्रॉफी मैच में कर्नाटक के लिए नाबाद शतक जड़ा। अन्वय ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 153 गेंद पर 10 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 100 रन बनाए, जिससे कर्नाटक की टीम तीन दिवसीय मैच के अंतिम दिन 123.3 ओवर में चार विकेट पर 441 रन बनाने में सफल रही। पहले उन्होंने श्यामंतक अनिरुद्ध (76 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी की और फिर चौथे विकेट के लिए सुकुर्थ जे (33 रन) के साथ 43 रन की साझेदारी की।

## क्रिकेट : डायरेक्टर इलेवन की टीम 58 रनों से जीती



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर खेली गई क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच में बिशप कॉटन स्कूल के मैदान में डायरेक्टर इलेवन की टीम ने चेयरमैन इलेवन की टीम को 58 रनों से पराजित किया। डायरेक्टर इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 168 रन बनाए।

क्षितिज ने नाबाद 59 रन, संदीप कुमार ने नाबाद 36 रन और सन्नी ने 19 रन बनाए। चेयरमैन इलेवन की टीम 16 ओवर में 110 रनों पर आल आउट हो गई। चेयरमैन इलेवन की तरफ से संजय नेगी ने सबसे अधिक 25 रनों का योगदान दिया और नरेंदर ने 18 रन बनाए।


## हमारबी को हराकर बार्सीलोना महिला चैंपियंस लीग में क्वार्टर फाइनल

एजेंसी, स्टॉकहोम

बार्सीलोना ने हमारबी को 3-0 से हराकर महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इवा पाजोर ने पहले हाफ में बार्सीलोना के लिए दो गोल दागे जबकि आखिरी सीटी बजने से दस मिनट पहले ऐताना बोनमाती ने तीसरा गोल किया।

### स्कोर कार्ड

| हमारबी | | बार्सीलोना |
|---|---|---|
| 10 | शॉट | 17 |
| 02 | लक्ष्य पर शॉट | 07 |
| 19% | नियंत्रण | 81% |
| 211 | पास | 905 |
| 13 | फाऊल | 03 |
| 04 | येलो कॉर्ड | 01 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 03 | ऑफ साइड | 00 |
| 05 | कार्नर | 08 |



**खेलकूद** प्रतिभागी में योग, पेंटिंग, बगटूर मार्शल आर्ट, गटका, कराटे, मल्लखंब आदि शामिल

## राष्ट्रीय कल्चरल पाइथन गेम्स में उतरे हिमाचल के 120 खिलाड़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

ताऊ लाल स्टेडियम पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय कल्चरल पाइथन गेम्स-2024 में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हिमाचल प्रदेश पाइथन काउंसिल के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पाइथन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस जतिन लाल के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों खिलाड़ी पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय कल्चरल पाइथन गेम्स 2024 में भाग ले रहे हैं।




पाइथन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस जतिन लाल ने कहा कि प्रतिभागी योग, पेंटिंग, बगटूर मार्शल आर्ट, गधा युद्ध, गटका, कराटे, मल्लखंब, संगीत, म्यूजिकल चेयर, कविता, पाइथियन मैराथन, रस्सी कूद, गायन, कहानी कविता, ताइक्वांडो, रस्साकशी, फोटोग्राफी, नृत्य, ड्राइंग, आर्म रेसलिंग और 50-बॉल क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय पाइथन काउंसिल ग्रीस के अध्यक्ष पैनोस कालिटास ने शिरकत की। पाइथन गेम्स के संस्थापक विजेंद्र गोयल ने कहा कि इस आयोजन संस्कृत कूटनीति को बढ़ावा देने वाली एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कला और विरासत के महत्व को पारंपरिक खेलों के साथ रेखांकित किया।

ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार इन खेलों की स्थापना देवता अपोलो द्वारा की गई थी और इन्हें ओलंपिक खेलों के पूर्वज के रूप में देखा जाता है। ओलंपिक जो मुख्य रूप से शारीरिक प्रतियोगिताओं पर केंद्रित होते थे, के विपरीत पाइथन गेम्स कला सांस्कृतिक और खेलकूद के समस्या पूर्ण मिश्रण को मानने के लिए आयोजित किए जाते थे।

प्रथम राष्ट्रीय कल्चरल पाइथन गेम्स का 15 दिसंबर को होगा विधिवत समापन।

इस मौके पर पाइथन काउंसिल हिमाचल प्रदेश के राज्य आशा सचिव राकेश कुमार वालिया, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक प्रदीप कुमार, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के वरिष्ठ एथलीट कोच राकेश कुमार इत्यादि मौजूद रहे।